(a) गैर (b) कालबेलिया (c) चरी (d) घूमर

**Sol.84.(b) कालबेलिया नृत्य** (सपेरा नृत्य)। यह मुख्य रूप से राजस्थान में कालबेलिया समुदाय द्वारा किया जाता है। **चरी नृत्य** राजस्थान में गुर्जर और सैनी समुदाय में प्रमुख है।

**Q.85.** नाटी निम्नलिखित में से किस राज्य का एक लोकनृत्य है ?
SSC MTS 04/05/2023 (Evening)
(a) हिमाचल प्रदेश (b) मध्यप्रदेश
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) आंध्रप्रदेश

**Sol.85.(a) हिमाचल प्रदेश। नाटी -** इसे दुनिया के सबसे बड़े लोक नृत्य के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में सूचीबद्ध किया गया था। गढ़वाल के ऊपरी जिलों में इसे टांडी के नाम से जाना जाता है।

**Q.86.** झिझिया बिहार का एक प्रसिद्ध लोक नृत्य है जिसे पौराणिक शहर मिथिला (Mithila) में किया जाता है। यह नृत्य केवल महिलाओं द्वारा किया जाता है। संपूर्ण नवरात्रि में " नौ रातों " का यह त्योहार देवी _____के तीन रूपों की पूजा करने के लिए मनाया जाता है।
SSC MTS 09/05/2023 (Afternoon)
(a) काली, लक्ष्मी, दुर्गा
(b) सीता, दुर्गा, लक्ष्मी
(c) लक्ष्मी, पार्वती, सरस्वती
(d) सीता, काली, पार्वती

**Sol.86.(c) लक्ष्मी, पार्वती, सरस्वती।** झिझिया बिहार के मिथिला और नेपाल के मधेश प्रांत का एक सांस्कृतिक लोक नृत्य है। यह हिंदू माह आश्विन (सितंबर/अक्टूबर) में किया जाता है। मैथिली या भोजपुरी भाषा में इसके अपने-अपने तरह के गाने हैं।

**Q.87.** जगोई और चोलोम _____नृत्य की दो मुख्य शौलिया सौम्य हैं।
SSC MTS 10/05/2023 (Evening)
(a) कथकली (b) मणिपुरी
(c) भरतनाट्यम (d) कथक

**Sol.87.(b) मणिपुरी** । मणिपुरी नृत्य के विभिन्न रूप: रास, संकीर्तन, ढोल चोलम, करताल चोलम, पुंग चोलम (नृत्य प्रदर्शन के दौरान नर्तकियों द्वारा ड्रम या पुंग बजाया जाता है।) और थांग-टा (मार्शल आर्ट फॉर्म)।

**Q.88.** कथकली ने_______के संरक्षण में सत्रहवीं शताब्दी में दक्षिण भारत में आकार लिया था।

SSC MTS 11/05/2023 (Afternoon)
(a) तमिलनाडु के राजकुमार
(b) बंगाल के राजकुमार
(c) कर्नाटक के राजकुमार
(d) पंजाब के राजकुमार

**Sol.88.(c) कर्नाटक के राजकुमार।** कथकली (केरल) - एक शास्त्रीय भारतीय नृत्य जिसकी उत्पत्ति केरल में हुई। नाटक की अधिकांश कहानियाँ "भागवत पुराण", "महाभारत" और "रामायण" जैसे हिंदू महाकाव्यों से ली गई हैं। कथकली शब्द कथा (बातचीत या पारंपरिक कहानी) और काली (प्रदर्शन) से लिया गया है।

**Q.89.** संगफाओ आदिवासी नृत्य निम्नलिखित में से किस राज्य में किया जाता है?
SSC MTS 11/05/2023 (Evening)
(a) गुजरात (b) राजस्थान
(c) पश्चिम बंगाल (d) अरुणाचल प्रदेश

**Sol.89.(d) अरुणाचल प्रदेश।** लोकप्रिय लोक नृत्य: अरुणाचल प्रदेश - अजी लामू, रोपी, हुरकानी, पोनुंग, सिंह और मयूर नृत्य, हुरकानी, बुइया, चलो, रिखमपाड़ा, पोपिर और वांचो।

**Q.90.** 'चरकुला' निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित एक प्रसिद्ध नृत्य शैली है?
SSC MTS 15/05/2023 (Afternoon)
(a) तमिलनाडु (b) त्रिपुरा
(c) उत्तरप्रदेश (d) आंध्रप्रदेश

**Sol.90.(c) उत्तर प्रदेश** (ब्रज क्षेत्र)**।** उत्तर प्रदेश - रासलीला, कथक, रामलीला, ख्याल, नौटंकी, दादरा और कजरी नृत्य। त्रिपुरा - होजागिरी।

**Q.91.** निम्नलिखित में से कौन-सा नृत्य, युद्ध के हिंदू देवता, मुरुगन की अनुष्ठानिक पूजा के दौरान भक्तों द्वारा किया जाने वाला एक नृत्य है?
SSC MTS 16/05/2023 (Morning)
(a) मयिलाट्टम (b) यक्ष
(c) कावड़ी अट्टम (d) कुम्मी

**Sol.91.(c) कावड़ी अट्टम** (बर्डन नृत्य) - थाईपुसम त्योहार का हिस्सा है और तमिलनाडु में मनाया जाता है। यक्षगान (यक्ष का गीत)- कर्नाटक में मनाया जाता है। इसकी उत्पत्ति वैष्णव भक्ति आंदोलन के उत्पाद के रूप में हुई है। कुम्मी - तमिलनाडु और केरल में मनाया जाता है। मयिलाट्टम - भगवान सुब्रह्मण्यम की श्रद्धा में तमिलनाडु के हिंदू मंदिरों में किया जाता है।

**Q.92.** मणिपुरी नृत्य का प्रमुख विषय________है।
SSC MTS 19/05/2023 (Morning)
(a) भक्ति (b) युद्ध (c) देश प्रेम (d) वीरता

**Sol.92.(a) भक्ति।** मणिपुरी नृत्य वैष्णववाद पर आधारित है और रास-लीला, राधा और कृष्ण के बीच प्रेम पर आधारित नृत्य नाटकों का शानदार प्रदर्शन है।

**Q.93.**______ की मुद्राओं को चिदंबरम मंदिर (तमिलनाडु) के गोपुरम पर चित्रित किया गया है।
SSC MTS 13/06/2023 (Afternoon)
(a) भरतनाट्यम (b) कथक
(c) कथकली (d) मोहिनीअट्टम

**Sol.93.(a) भरतनाट्यम ।** यह तमिलनाडु का शास्त्रीय नृत्य है। चिदम्बरम मंदिर (तमिलनाडु): भगवान शिव के नटराज रूप को समर्पित है। इसका निर्माण 10वीं शताब्दी में चोल शासन के दौरान मंदिर वास्तुकला की द्रविड़ शैली में किया गया था।

**Q.94.** कुचिपुड़ी नृत्य किस प्रकार के संगीत के साथ किया जाता है?
SSC MTS 14/06/2023 (Evening)
(a) सम्मिश्रित (Fusion)
(b) कर्नाटिक (Carnatic)
(c) जाज़ (Jazz)
(d) हिंदुस्तानी (Hindustani)

**Sol.94.(b) कर्नाटिक ।** इसकी उत्पत्ति दक्षिण भारत में हुई। 'कर्नाटक संगीत के जनक' - संत पुरंदर दास। कर्नाटक संगीत के तीन आवश्यक तत्व श्रुति, राग और ताल हैं।

**Q.95.** एक संक्रामक बीमारी से उबरने के बाद, खास तौर पर चेचक से उबरने पर, स्थानीय देवता को धन्यवाद देने के लिए आमतौर पर ब्रिता (Brita) नृत्य किया जाता है। यह _______राज्य के सबसे प्रसिद्ध नृत्यों में से एक है।
SSC MTS 16/06/2023 (Afternoon)
(a) पश्चिम बंगाल (b) बिहार
(c) उत्तर प्रदेश (d) झारखंड

**Sol.95.(a) पश्चिम बंगाल।**

**Q.96.** केरल राज्य में प्रचलित प्राचीन मार्शल आर्ट को दर्शाने वाले अलंकारी रंगीन श्रृंगार और अनोखे मुखौटों के कारण किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य को अलग पहचान मिली ?
SSC MTS 19/06/2023 (Afternoon)
(a) कुचिपुड़ी (b) मोहिनीअट्टम
(c) ओडिसी (d) कथकली

**Sol.96.(d) कथकली**। वेदांतम लक्ष्मीनारायण शास्त्री ने कुचिपुड़ी के पुनरुद्धार और पुनर्निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाई।

**Q.97.** है - हक नृत्य किस राज्य से संबंधित है?
SSC MTS 20/06/2023 (Morning)
(a) सिक्किम (b) आंध्रप्रदेश
(c) त्रिपुरा (d) राजस्थान

**Sol.97.(c) त्रिपुरा।** त्रिपुरा के अन्य नृत्य - गरिया, होजागिरी, संगराई, ममिता, लेबांग बूमानी।

**Q.98.** निम्नलिखित में से कौन-सा नृत्य विशेष रूप से कामड जनजाति की महिलाओं द्वारा किया जाता है ?
SSC MTS 20/06/2023 (Afternoon)
(a) भूटिया नृत्य (b) मुखौटा नृत्य
(c) गरई नृत्य (d) तेरहताली नृत्य

**Sol.98.(d) तेरहताली नृत्य** - यह लोक नृत्य राजस्थान से उत्पन्न हुआ है और इसमें बर्तन और तलवार का उपयोग शामिल है। यह लोक नृत्य आमतौर पर उत्सव और विवाह जैसे शुभ अवसरों पर किया जाता है। नृत्य एवं समुदाय - गैर (भील), वालर (गरासिया), चकरी (कंजर)। भूटिया नृत्य - सिक्किम, गरई नृत्य - त्रिपुरा ।

**Q.99.** ज़ो - मल - लोक लोकनृत्य किस समुदाय से संबंधित है ?
SSC MTS 20/06/2023 (Evening)
(a) चाईमल समुदाय (b) जमातिया समुदाय
(c) लुशाई समुदाय (d) लेपचा समुदाय

**Sol.99.(d) लेप्चा समुदाय।** ज़ो माल लोक नृत्य (सिक्किम) यह धान की बुआई, और कटाई का चित्रण करता है। लेप्चा समुदाय द्वारा किये जाने वाले नृत्य - चू फाट, दमसांग-ल्यांग, किंचम -चू-बोम्सा। **जमातिया** अपनी पारंपरिक लोक संस्कृति जैसे नाटक, गरिया त्योहार और कोक-बोरोक भाषी जनजातियों के अन्य सामान्य नृत्यों के शौकीन हैं। **लुशाई समुदाय** (त्रिपुरा) - चेराव नृत्य या बांस नृत्य।

**Q.100.** _____,500 साल पुराना नृत्य रूप, एक भारतीय शास्त्रीय नृत्य है जो असम के वैष्णव मठों से विकसित हुआ है।
SSC CHSL 13/03/2023 (4th Shift)
(a) कुचिपुड़ी (b) भरतनाट्यम
(c) सत्त्रिया (d) मोहिनीअट्टम

**Sol.100.(c) सत्त्रिया। भरतनाट्यम** (तमिलनाडु) : एक एकहार्य नृत्य शैली जिसमें एक नर्तक एक ही प्रदर्शन में कई भूमिकाओं का प्रतिनिधित्व करता है; सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथ - नंदिकेश्वर का अभिनय दर्पण। **कुचिपुड़ी** (आंध्र प्रदेश) : इसका सामान्य उपनाम यक्षगान था जिसे 17वीं शताब्दी में सिद्धेंद्र योगी ने विकसित किया था; समूहों में प्रदर्शन किया जाता है क्योंकि यह एक नृत्य-नाटक है।

**Q.101.** _____नृत्य भारत के अधिकांश अन्य नृत्यों की तुलना में अंतर्मुखी और संयमित है - कलाकार कभी भी दर्शकों से सीधे आँखें नहीं मिलाता है।
SSC CHSL 20/03/2023 (1st Shift)
(a) कथकली (b) मणिपुरी
(c) कुचिपुड़ी (d) भरतनाट्यम

**Sol.101.(b) मणिपुरी।** मणिपुर में नृत्य अनुष्ठानों और पारंपरिक त्योहारों से जुड़ा हुआ है, शिव और पार्वती और ब्रह्मांड का निर्माण करने वाले अन्य देवी-देवताओं के नृत्यों के पौराणिक संदर्भ हैं।

**Q.102.** निम्नलिखित में से कौन - सी नृत्य शैली अरुणाचल प्रदेश राज्य से संबंधित है?
SSC CGL 02/12/2022 (1st Shift)
(a) पंवरिया (b) धमान (c) बुइया (d) गरबा

**Sol.102.(c) बुइया** दिगरू मिश्मी जनजाति द्वारा किया जाता है। यह नृत्य तज़म्पु, दुइया और तनुया जैसे कई त्योहारों में किया जाता है। अरुणाचल प्रदेश के अन्य नृत्यों में चलो नृत्य (नोक्ते जनजाति), उड़िया नृत्य (वांचो जनजाति), पासी कोंगकी (आदि जनजाति), पोनुंग नृत्य (आदि जनजाति), पोपिर नृत्य (गैलो जनजाति), बारदो छम (शेरडुकपेन्स समुदाय), आदि शामिल हैं।

**Q.103.** निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य रूप में पात्रों को प्रतीक के रूप में प्रस्तुत करने के लिए उनके चेहरों पर विभिन्न रंगों का उपयोग किया जाता है?
SSC CGL 02/12/2022 (3rd Shift)
(a) ओडिसी (b) कथकली
(c) भरतनाट्यम (d) मोहिनीअट्टम

**Sol.103.(b) कथकली** अपनी जटिल नृत्यकला और विस्तृत श्रृंगार तथा वेशभूषा के लिए प्रसिद्ध है। कथकली प्रदर्शन में पात्रों को मोटे तौर पर

सात्विक, राजसिका और तामसिक में विभाजित किया जाता है।

**Q.104.** निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली का उल्लेख 'व्यवहारमाला' नामक प्राचीन ग्रंथ में मिलता है?
SSC CGL 05/12/2022 (2nd Shift)
(a) सत्त्रिया नृत्य (b) मोहिनीअट्टम
(c) मणिपुरी (d) ओडिसी

**Sol.104.(b) मोहिनीअट्टम** (केरल) **-** मोहिनी (भगवान विष्णु के एक अवतार) के नृत्य को **व्यवहारमाला** (1709 में मझमगलम नारायणन नामपुति द्वारा लिखित) और **घोषयात्रा** (बाद में कवि कुंजन नांबियार द्वारा लिखित) के प्राचीन पाठ में उल्लेख किया गया है। **ओडिसी** (ओडिशा) - इसमें दो प्रमुख आसन शामिल हैं - त्रिभंगा और चौक।

**Q.105.** नूपा नृत्य किस भारतीय राज्य से संबंधित है?
SSC CGL 07/12/2022 (2nd Shift)
(a) कर्नाटक (b) मणिपुर
(c) झारखंड (d) तमिलनाडु

**Sol.105.(b) मणिपुर** । नुपा पाला (करतल चोलोम या झांझ नृत्य) नृत्य और संगीत की मणिपुरी शैली का एक रूप है।

**Q.106.** किस भारतीय नृत्य शैली में एकल कलाकार द्वारा विभिन्न भूमिकाओं का निर्वाह किया जाता है,जिसे 'एकाहार्य' कहते हैं?
SSC CGL 08/12/2022 (4th Shift)
(a) कथक (b) भरतनाट्यम
(c) कुचिपुड़ी (d) मोहिनीअट्टम

**Sol.106.(b) भरतनाट्यम** (तमिलनाडु) - इसमें तीन मूल रूप शामिल हैं - मेलाट्टूर, पंडानल्लूर और वज़ुवूर। अभिनय - भरतनाट्यम के चेहरे के भाव। मंगलम - एक नृत्य का अंत। थिल्लाना - गायन का अंतिम भाग। अरमंडी - नृत्य में प्रयुक्त मुद्रा जहां नर्तक पूरी तरह से नीचे बैठता है।

**Q.107.** बोरगीत, एक संगीत रचना, का प्रयोग भारत के निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य में किया जाता है ?
SSC CGL 09/12/2022 (3rd Shift)
(a) मणिपुरी (b) कथक
(c) सत्त्रिया (d) भरतनाट्यम

**Sol.107.(c) सत्त्रिया**। इसकी रचना श्रीमंत शंकरदेव और माधवदेव ने 15वीं-16वीं शताब्दी में की थी।

**Q.108.** चकरी नामक पारंपरिक लोक नृत्य किस जनजाति की महिलाएं करती हैं?
SSC CGL 09/12/2022 (4th Shift)
(a) कौल (b) कंजर (c) गोंड (d) भारिया

**Sol.108.(b) कंजर**। यह विशेष रूप से महिलाओं द्वारा विवाह और त्योहारों में किया जाता है। कंजर जनजाति राजस्थान के कोटा और बारां जिलों के कुछ हिस्सों में बसी हुई थी। गोंड जनजाति - कर्मा, गोंचो नृत्य। भारिया जनजाति - भारम, सेतम, सैला और अहिराई नृत्य।

**Q.109.** मोहिनीअट्टम किस हिंदू देवता से संबंधित है?
SSC CPO 09/11/2022 (Morning)
(a) गणपति (b) ब्रह्मा (c) विष्णु (d) शिव

**Sol.109.(c) विष्णु**। मोहिनीअट्टम (केरल)। यह मोहिनी (भगवान विष्णु का स्त्री अवतार) के नृत्य की कहानी बताता है। **कथकली** (भगवान कृष्ण), **भरतनाट्यम** (भगवान शिव), **मणिपुरी** (थीम - राधा-कृष्ण की प्रेम कहानियां), **कुचिपुड़ी**(भगवान कृष्ण), **ओडिसी** (हिंदू भगवान शिव और सूर्य) । ओडिसी नृत्य राधा और कृष्ण के प्रेम प्रसंग से भी जुड़ा है।

**Q.110.** निम्नलिखित में से किस जनजाति द्वारा देवी सरस्वती की पूजा करने के लिए घूमर नृत्य शैली को विकसित किया गया था ?
SSC CPO 09/11/2022 (Evening)
(a) गुर्जर (b) सहरिया (c) गोंड (d) भील

**Sol.110.(d) भील**। 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में सबसे बड़ा आदिवासी समूह है। भील जनजाति महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, त्रिपुरा राज्यों में पाई जाती है। **गोंड जनजाति** (कर्म नृत्य)। **सहरिया जनजाति** (लहंगी नृत्य)। **गुर्जर जनजाति** (चरी नृत्य)।

**Q.111.** निम्नलिखित में से कौन सा मुख्य ताल वाद्य यंत्र है जिसका उपयोग मोहिनीअट्टम नृत्य के प्रदर्शन में किया जाता है?
SSC CPO 10/11/2022 (Morning)
(a) सितार (b) एडक्का (c) धुमसा (d) नगाड़ा

**Sol.111.(b) एडक्का**। मोहिनीअट्टम में प्रयुक्त वाद्य यंत्र: - मृदंगम या मधलम (बैरल ड्रम), एडक्का (ऑवरग्लास ड्रम), बांसुरी, वीणा, और कुझीतालम (झांझ)। **नगाड़ा** का प्रयोग पंजाबी और राजस्थानी लोक संगीत में किया जाता है। **धुमसा** उड़ीसा के 'सराइकेला छऊ' नृत्य और पश्चिम बंगाल के 'पुरुलिया छाऊ' नृत्य में प्रयोग किया जाता है।

**Q.112.** कौन-सा लोकनृत्य देवी दुर्गा और महिषासुर के बीच कृत्रिम युद्ध को दर्शाता है?
SSC CPO 10/11/2022 (Afternoon)
(a) भांगड़ा (b) रासलीला
(c) कालबेलिया (d) डांडिया रास

**Sol.112.(d) डांडिया रास** गुजरात का एक लोक नृत्य है जो नवरात्रि उत्सव के दौरान किया जाता है। गुजरात के अन्य लोक नृत्यों में गरबा, घेरिया, डांगी नृत्य, मटुकडी, सिद्दी धमाल, तिप्पानी और हूडो शामिल हैं।

**Q.113.** ____एक पारंपरिक आदिवासी नृत्य है, जो मुख्य रूप से झारखंड की महिलाओं द्वारा खेती के मौसम में किया जाता है।
SSC CPO 10/11/2022 (Evening)
(a) वेरा नृत्य (b) यक्षगान
(c) वेर्डिगाओ नृत्य (d) झूमर

**Sol.113.(d) झूमर** (कुड़मी समुदाय)। झारखंड के अन्य प्रसिद्ध नृत्य - संथाली (झारखंड का लोकनृत्य), मरदाना झुमैर, जननी झुमैर, डोमकच, फगुआ, छऊ नृत्य। यक्षगान नृत्य (कर्नाटक), वर्दीगांव (दमन और दीव)।

**Q.114.** निम्न में से कौन सा शरद ऋतु के दौरान 'बगनियों' (चाय बागानों में काम करने वाले लोगों) द्वारा किए जाने वाले असम के सबसे प्रसिद्ध नृत्य रूपों में से एक है?
SSC CPO 11/11/2022 (Afternoon)
(a) महासू नृत्य (b) झूमर नृत्य
(c) लम्बाडी नृत्य (d) करगा नृत्य

**Sol.114.(b) झूमर नृत्य** (लोकनृत्य)**।** असम के नृत्य: लोक नृत्य (बिहू नृत्य, अली-ऐ-लिगांग, देवधानी, बारपेटा का भोरताल नृत्य, धूलिया और भावरिया, बोडो का बागुरूम्बा, खंबा लिम, भोना, ओजा पाली)।

**Q.115.** मणिपुर के निम्नलिखित में से किस नृत्य में ढोल को नृत्य गतिविधियों के एक भाग के रूप में प्रमुखता से प्रयोग किया जाता है?
Graduate Level 03/08/2022 (Shift - 3)
(a) लुइवत फीज़ाक (b) थांग ला
(c) पुंग चोलोम (d) शिम लाम

**Sol.115.(c) पुंग चोलोम** (जिसका अर्थ है "ड्रम की गर्जना") मणिपुरी संकीर्तन संगीत और शास्त्रीय मणिपुरी नृत्य की आत्मा है। यह नृत्य पुरुषों या महिलाओं द्वारा किया जा सकता है और आमतौर पर रास लीला की प्रस्तावना होती है। इसमें मणिपुरी मार्शल आर्ट थांग ता और सरित सरक और पारंपरिक मैबी जागोई नृत्य के तत्व शामिल हैं। **लुइवत फेजाक** मणिपुर के तांगखुल नागा समुदाय के सबसे लोकप्रिय नृत्यों में से एक है। मणिपुर का **शिम लैम नृत्य** (फ्लाई डांस) रोंगमेई समुदाय का पारंपरिक लोक नृत्य है।

**Q.116.** निम्नलिखित में से कौन सी नृत्य शैली उन महिलाओं की व्यथा को दर्शाती है जिनके जीवन-साथी घर से दूर चले जाते हैं ?
SSC MTS 06/07/2022 (Afternoon)
(a) मटकी (b) बिरहा (c) अल्काप (d) पाइका

**Sol.116.(b) बिरहा** भारत के उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड की एक अहीर जातीय भोजपुरी लोक शैली है।

**Q.117.** निहंग सिख योद्धाओं की एक पारंपरिक लड़ाई शैली, गतका जिसका इस्तेमाल आत्मरक्षा के साथ-साथ खेल के लिए भी किया जाता है, भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य से उत्पन्न हुई है?
SSC MTS 07/07/2022 (Morning)
(a) गुजरात (b) राजस्थान (c) बिहार (d) पंजाब

**Sol.117.(d) पंजाब ।** भारत में प्रसिद्ध **मार्शल आर्ट्स:** कलारीपयट्टू (भारत में सबसे पुरानी मार्शल आर्ट; केरल), सिलंबम (तमिलनाडु), थांग - ता, और सरित सरक (मणिपुर), थोडा (हिमाचल प्रदेश), लाठी (पंजाब और बंगाल), इनबुआन कुश्ती (मिजोरम), मुस्ती युद्ध (वाराणसी), और परी - खंडा (बिहार)।

**Q.118.** 'एलेलाक्कराडी' किस भारतीय राज्य का आदिवासी नृत्य है ?
SSC MTS 11/07/2022 (Morning)
(a) गोवा (b) केरल (c) राजस्थान (d) झारखंड

**Sol.118.(b) केरल । भारत के जनजातीय नृत्य**: संथाली नृत्य (पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा), बांस नृत्य (मिजोरम), कालबेलिया नृत्य (राजस्थान), भगोरिया नृत्य (मध्य प्रदेश), छऊ नृत्य

(पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा), धीमसा नृत्य (आंध्र प्रदेश), शाद सुक म्यंसिम (मेघालय)।

**Q.119.** भगवान खंडोबा से जुड़ा 'वाघ्य मुरली' नृत्य, मूल रूप से निम्न में से किस राज्य से संबंधित है?
SSC MTS 12/07/2022 (Evening)
(a) महाराष्ट्र (b) बिहार
(c) राजस्थान (d) गुजरात

**Sol.119.(a) महाराष्ट्र** । वाघ्या मुरली या खंडेराय भक्ति गीत वाघ्या और मुरली की जोड़ी का नृत्य है जो अपना पूरा जीवन जेजुरी के भगवान खंडोबा की पूजा में समर्पित करते हैं।

**Q.120.** संगराई भारत के किस राज्य का एक लोक नृत्य है?
SSC MTS 14/07/2022 (Evening)
(a) बिहार (b) त्रिपुरा (c) कर्नाटक (d) गोवा

**Sol.120.(b) त्रिपुरा** । बंगाली कैलेंडर वर्ष के चैत्र महीने (अप्रैल में) के दौरान संगराई उत्सव के अवसर पर मोग आदिवासी समुदाय द्वारा संगराई नृत्य किया जाता है।

**Q.121.** निम्नलिखित में से कौनसा पश्चिम बंगाल का पारंपरिक नकाबपोश नृत्य (masked dance) है?
SSC MTS 18/07/2022 (Afternoon)
(a) कवादी (b) गिद्दा (c) गंभीरा (d) जवार

**Sol.121.(c) गंभीरा नृत्य** चैत्र संक्रांति के त्योहार के दौरान किया जाता है। स्थानीय सूत्रधार समुदाय द्वारा नीम और अंजीर के पेड़ों से मुखौटे बनाए जाते हैं। गिद्दा (पंजाब); कावड़ी (तमिलनाडु); जवारा नृत्य (मध्य प्रदेश)।

**Q.122.** भारत का पहला पारंपरिक नृत्य कौन सा है जिसे थिएटर कला के रूप में नए सिरे से तैयार किया गया है और इसे देश और विदेश दोनों में व्यापक रूप से प्रदर्शित किया गया है ?
SSC CHSL 26/05/2022 (Morning)
(a) कुचिपुड़ी (b) मणिपुरी
(c) कथकली (d) भरतनाट्यम

**Sol.122.(d) भरतनाट्यम** भारतीय शास्त्रीय नृत्य का एक प्रमुख रूप है जिसकी उत्पत्ति तमिलनाडु में हुई थी। सोमेश्वर तृतीय द्वारा लिखित कन्नड़ पाठ मानसोल्लास में नृत्य रूप का भी संक्षेप में उल्लेख किया गया है।

**Q.123.** निम्नलिखित में से कौन-सा नृत्य मैतई लोगों के वैष्णव मत से जुड़ा हुआ है ?
SSC CHSL 01/06/2022 (Morning)
(a) छाऊ (b) सत्रिया (c) कुचिपुड़ी (d) मणिपुरी

**Sol.123.(d) मणिपुरी**। **छऊ नृत्य** मार्शल और लोक परंपराओं के साथ एक अर्ध शास्त्रीय भारतीय नृत्य है। **सत्त्रिया नृत्य** एक नृत्य-नाटक प्रदर्शन कला है जिसकी उत्पत्ति असम के कृष्ण-केंद्रित वैष्णववाद मठों में हुई है। **कुचिपुड़ी** एक नृत्य-नाटक प्रदर्शन है, जिसकी जड़ें नाट्य शास्त्र के प्राचीन हिंदू संस्कृत पाठ में हैं।

**Q.124.** 'उम्मट-आट' ___में किया जाने वाला एक लोक नृत्य है।
SSC CGL 13/04/2022 (Afternoon)
(a) कसौली (b) कुर्ग (c) ईटानगर (d) गंगटोक

**Sol.124.(b) कुर्ग** । कर्नाटक के कई अन्य पारंपरिक नृत्य रूप हैं जिनमें डोलु कुनिथा, सुग्गी कुनिथा, कामसले, गोरव कुनिथा, सोमना कुनिथा, बोलक-आत, कोम्ब-आत, भूत अराधाने, यक्ष गण, नागा मंडला, वीरागसे शामिल हैं।

**Q.125.** _____मिनिकॉय द्वीप का एक लोकप्रिय लोक नृत्य है।
SSC CGL 20/04/2022 (Morning)
(a) लेशलपतु (b) अलुयट्टू
(c) लावा (d) मोयाशाई

**Sol.125.(c) लावा** । नागालैंड प्रसिद्ध लोक नृत्य- लेशलपतु, अलुयट्टू, मोयाशाई, मोडसे, बांस नृत्य, अगुरशिकुकुला, तितली नृत्य, सदल केकई, चांगाई नृत्य, कुकी नृत्य, खंबा लिम, मयूर नृत्य, मोन्योशो, रेंगमा, सीचा और कुकुई कुचो, शंकाई, युद्ध नृत्य और जेलियांग नृत्य ।

**Q.126.** ______दक्षिण मालाबार में लोकप्रिय एक मुखौटा नृत्य है।
SSC CGL 20/04/2022 (Evening)
(a) धनगर (b)कुम्मत्तिकली
(c) परिचकली (d) ज़ेमाडो

**Sol.126.(b) कुम्मत्तिकली । धनगर** - धनगर नृत्य नवरात्रि के दौरान गोवा के चरवाहा समुदाय द्वारा किया जाता है। परिचकली (लक्षद्वीप)। दक्षिण भारत के अन्य प्रसिद्ध लोक नृत्य हैं - पदयानी या पड्डेनी (केरल), कुम्मी और कोलट्टम (तमिलनाडु), करगम और पुली वेशम (तमिलनाडु)।

**Q.127.** निम्नलिखित में से किस नृत्य में महिलाओं द्वारा सिर पर जले हुए दीयों के साथ प्रदर्शन किया जाता है ?
SSC CGL 21/04/2022 (Morning)
(a) धनगरी गाजा नृत्य (b) कोली नृत्य
(c) तमाशा नृत्य (d) चरी नृत्य

**Sol.127.(d) चरी नृत्य** (राजस्थान)। चरी नृत्य राजस्थानी महिलाओं द्वारा एक चरी या बर्तन में पानी इकट्ठा करने की कला का वर्णन करता है। कोली नृत्य महाराष्ट्र का एक लोकप्रिय लोक नृत्य है। धंगारी गाजा नृत्य (महाराष्ट्र) उनके भगवान को उनके आशीर्वाद के लिए खुश करने के लिए किया जाता है। तमाशा (महाराष्ट्र), एक रंगमंच के रूप में, एक शैली है जिसे नियमित नाटक, संगीत और नृत्य का मिश्रण कहा जा सकता है।

**Q.128.** दशहरा उत्सव के दौरान किया जाने वाला 'वीरगासे' नृत्य ______ राज्य के लोक नृत्यों में एक विशेष स्थान रखता है।
SSC MTS 06/10/2021 (Evening)
(a) कर्नाटक (b) असम (c) ओडिशा (d) सिक्किम

**Sol.128.(a) कर्नाटक** । यह मुख्य रूप से श्रावण और कार्तिक के हिंदू महीनों के दौरान किया जाता है।

**Q.129.** 'रतवई' भारत की ___जनजातियों से जुड़ी एक नृत्य शैली है।
SSC MTS 11/10/2021(Morning)
(a) मेवाती (b) खासी (c) जटापु (d) भील

**Sol.129.(a) मेवाती**। यह मानसून के दौरान बड़े ड्रमों की संगत में किया जाता है। हरियाणा के नृत्यों में 'चौपिया' शामिल है, जो एक भक्ति नृत्य है और पुरुषों और महिलाओं द्वारा 'मंजीरा' लेकर किया जाता है।

**Q.130.** 'चाड सुकरा', मेघालय का एक लोकप्रिय पारंपरिक नृत्य - महोत्सव,_____के रूप में मनाया जाता है।
SSC MTS 18/10/2021 (Evening)
(a) सामुदायिक विवाह उत्सव
(b) धन्यवाद त्योहार
(c) जन्म त्योहार
(d) बुवाई त्योहार

**Sol.130.(d) बुवाई उत्सव**। मेघालय के लोक नृत्य:- बेहदीएनखलाम, नोंगक्रेम, शाद सुक माइन्सिएम, वांगला, डोरसेगाटा, लाहू।

**Q.131.** निम्नलिखित में से किस राज्य में 'माथुरी' लोक नृत्य का अभ्यास किया जाता है?
SSC MTS 26/10/2021 (Afternoon)
(a) तेलंगाना (b) हरियाणा
(c) उत्तराखंड (d) उत्तर प्रदेश

**Sol.131.(a) तेलंगाना**। तेलंगाना के सबसे लोकप्रिय लोक नृत्य हैं पेरिनी शिवतंदवम, दप्पू नृत्य, लम्बाडी, ओग्गू कथा, चिंदू भागवतम, गुसाड़ी नृत्य, थोलू बोम्मलता। उत्तराखंड के नृत्य- छोलिया, झुमेलो, पांडावर्त/पांडव लीला, लंगविर, चांचरी, छपेली, तांदी, चौंफुला, झोड़ा, थड़िया।

**Q.132.** मिजोरम में निम्नलिखित में से कौन सा नृत्य रूप है जिसमें विशेष रूप से 'गांव के मेहमान' भाग लेते हैं ?
SSC CHSL 13/04/2021 (Afternoon)
(a) खुल्लम (b) चेराव (c) सोलकिया (d) चैलमी

**Sol.132.(a) खुल्लम**। यह आमतौर पर 'खुआंगचावी' नामक समारोह में किया जाने वाला नृत्य है।

**Q.133.** ओडिशा के एक लोक नृत्य 'रणपा' में भगवान _____के जीवन-चरित्र को नृत्य के माध्यम से दर्शाया जाता है ?
SSC CHSL 06/08/2021 (Afternoon)
(a) इंद्र (b) राम (c) कृष्ण (d) हनुमान

**Sol.133.(c) कृष्ण । रणपा** स्टिल्ट पर किया जाता है और ड्रम संगीत के साथ-साथ भगवान कृष्ण की बचपन की कहानियों से संबंधित गीतों के साथ किया जाता है।

**Q.134.** पश्चिम बंगाल की कौन सी तिप्पानी नृत्य शैली है जो नृत्य, गायन, नाटक और प्रपठन के मेल से बनती है।
SSC CHSL 09/08/2021 (Afternoon)
(a) भवाई (b) अलकप (c) टिपणी (d) हुडो

**Sol.134.(b) अलकप** ।

**Q.135.** 'आलुयट्टू' ___राज्य का एक लोक - नृत्य है।
SSC CGL 13/08/2021 (Evening)
(a) गोवा (b) नागालैंड (c) केरल (d) हरियाणा

**Sol.135.(b) नागालैंड**। यह नृत्य नागालैंड की कोन्याक जनजाति द्वारा किया जाता है। नागालैंड के कुछ अन्य लोक नृत्य हैं मोडसे, अगुर्शिकुकुला,

तितली नृत्य, सदल केकई, चांगई नृत्य, कुकी नृत्य आदि।

**Q.136.** 'बोलक - आट' कर्नाटक राज्य का एक ______है।
SSC CGL 16/08/2021 (Morning)
(a) संगीत रूप (b) चित्रकारी रूप
(c) नृत्य रूप (d) मूर्तिकला रूप

**Sol.136.(c) नृत्य रूप**। यह नृत्य रूप कोडवा पुरुषों द्वारा एक खुले मैदान में एक तेल के दीपक के पीछे किया जाता है। पुरुष इस नृत्य को करते समय एक हाथ में चियावरी (याक फर) और दूसरे हाथ में कोडवा छोटी तलवार (ओडि-काठी) रखते हैं।

**Q.137.** हल्लीसाका एक सामूहिक नृत्य है, जो _____ का मूल है।
SSC CPO 24/11/2020 (Evening)
(a) राजस्थान (b) गोआ (c) महाराष्ट्र (d) गुजरात

**Sol.137.(d) गुजरात** । यह एक प्रकार का समूह नृत्य है जिसमें एक युवक युवतियों के बीच में खड़ा होता है जो हाथ जोड़कर एक गोलाकार अंगूठी बनाते हैं। ताली बजाकर समय (ताल) रखा जाता है और गायन के साथ होता है।

**Q.138.** बिरहोर नृत्य ____ का एक आदिवासी लोक नृत्य है।
SSC CPO 24/11/2020 (Evening)
(a) हिमाचल प्रदेश (b) पंजाब
(c) झारखंड (d) कर्नाटक

**Sol.138.(c) झारखंड**।

**Q.139.** कड़सा एक नृत्य शैली है जो झारखण्ड में महिलाओं के द्वारा ____ को लेकर की जाती है।
SSC CPO 25/11/2020 (Evening)
(a) कलश (b) कमंडल (c) कुम्भ (d) कपाल

**Sol.139.(a) कलश** (मिट्टी के बर्तन)। यह एक महिला प्रधान नृत्य है। आम तौर पर इस नृत्य शैली में महिलाएं अपने कंधों या सिर पर 'कलश' लेकर प्रदर्शन करती हैं।

**Q.140.** कथकली 'नृत्य ललित कला ______ रूपों का सामंजस्यपूर्ण संयोजन है
SSC CHSL 18/03/2020 (Morning)
(a) चार (b) छह (c) पांच (d) सात

**Sol.140.(c) पांच** । कथकली केरल का शास्त्रीय नृत्य है। यह ललित कला के 5 रूपों का एक सामंजस्यपूर्ण संयोजन है - लिटरेचर (साहित्यम), म्यूजिक (संगीतम), पेंटिंग (चित्रम), एक्टिंग (नाट्यम) और नृत्य (नृतम)।

**Q.141.** लक्षद्वीप टापू का प्रसिद्ध नृत्य कौन सा है?
SSC CHSL 16/10/2020 (Evening)
(a) कुचिपुड़ी (b) कोली (c) कत्थक (d) कोलकली

**Sol.141.(d) कोलकली** (छड़ी नृत्य)। यह विशिष्ट भारतीय लोक नृत्य लक्षद्वीप द्वीपों में बहुत लोकप्रिय है। इस नृत्य में केवल पुरुष भाग ले सकते हैं क्योंकि महिलाओं को भाग लेने की अनुमति नहीं है।

**Q.142.** 'सैला' नृत्य किस राज्य में उत्पन्न हुआ था? इसमें कटाई ऋतु के बाद लड़के नृत्य करते है ?
SSC CHSL 19/10/2020 (Afternoon)
(a) बिहार (b) झारखंड
(c) छत्तीसगढ़ (d) ओडिशा

**Sol.142.(c) छत्तीसगढ़**। यह नृत्य केवल हिंदू महीने अगहन (नवंबर - दिसंबर) में फसल के मौसम के बाद लड़कों द्वारा किया जाता है।

**Q.143.** निम्नलिखित में से किस नृत्य रूप को 'लद्दाख के शाही नृत्य' के रूप में भी जाना जाता है?
SSC CHSL 20/10/2020 (Afternoon)
(a) याक नृत्य (b) जबरो नृत्य
(c) शोंडोल नृत्य (d) कोशन नृत्य

**Sol.143.(c) शोंडोल नृत्य**। यह एक प्रसिद्ध नृत्य है जो पहले लद्दाख के राजा के लिए विशेष अवसरों पर कलाकारों द्वारा किया जाता था।

## कला से जुड़े व्यक्तित्व

**Q.144.** पद्म भूषण, गुरु वेम्पति चिन्ना सत्यम निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली में सैकड़ों छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रसिद्ध हैं?
SSC Stenographer 12/10/2023 (Morning)
(a) कुचिपुड़ी (b) ओडिसी
(c) भरतनाट्यम (d) कथक

**Sol.144.(a) कुचिपुड़ी** (आंध्र प्रदेश)। वेम्पति चिन्ना सत्यम: पुरस्कार - पद्म भूषण (1998), संगीत नाटक अकादमी (1981), कालिदास सम्मान (1992), कलैमामणि (1994)। उन्होंने 1963 में मद्रास में कुचिपुड़ी कला अकादमी शुरू की।

**Q.145.** खयाल के प्रतिपादक के रूप में, पंडित भीमसेन जोशी किस संगीत घराने से संबंधित थे ?
SSC Stenographer 12/10/2023 (Afternoon)
(a) आगरा (b) बनारस (c) किराना (d) ग्वालियर

**Sol.145.(c) किराना।** प्रसिद्ध घराने: किराना घराना - अब्दुल करीम खान, अब्दुल वाहिद खान, उस्ताद अब्दुल करीम खान, उस्ताद शकूर खान। **आगरा घराना** - हाजी सुजान खान, फैय्याज खान, मलका जान, सुमति मुताटकर, सुभ्रा गुहा। **ग्वालियर घराना** - उस्ताद नाथन पीर बख्श, उस्ताद नाथू खान, हस्सू खान, हद्दू खान। **बनारस घराना** - कांठे महाराज, अनोखेलाल मिश्र, शामता प्रसाद, किशन महाराज।

**Q.146.** निम्नलिखित में से कौन 20वीं शताब्दी में शास्त्रीय नृत्य की भरतनाट्यम शैली के प्रमुख प्रतिपादकों में से एक थीं?
SSC Stenographer 12/10/2023 (Evening)
(a) निर्मला मेहता (b) टी. बालासरस्वती
(c) बिजयिनी सत्पथी (d) कुमुदिनी लखिया

**Sol.146.(b) टी. बालासरस्वती।** अन्य प्रसिद्ध भरतनाट्यम प्रतिपादक: - मल्लिका साराभाई, यामिनी कृष्णमूर्ति, अलार्मेल वल्ली, रुक्मिणी देवी अरुंडेल, पद्म सुब्रमण्यम, जयलक्ष्मी ईश्वर, गीता चंद्रन । निर्मला मेहता (मणिपुरी), बिजयिनी सत्पथी (ओडिसी), कुमुदिनी लखिया (कथक)।

**Q.147.** पद्म श्री से सम्मानित, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी और सत्रीया नृत्यों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित प्रतिपादक, इंदिरा पी.पी. बोरा भारत के किस राज्य से संबंधित हैं?
SSC Stenographer 12/10/2023 (Evening)
(a) केरल (b) पश्चिम बंगाल
(c) तमिलनाडु (d) असम

**Sol.147.(d) असम।** इंदिरा पी.पी. बोरा को प्राप्त पुरस्कार:- पद्म श्री (2020), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1996), राज्य बिष्णु राव पुरस्कार (2004)।

**Q.148.** निम्नलिखित में से किस संगीतकार को प्रसिद्ध बैंड 'द बीटल्स' के साथ कोलैबोरेट करने का श्रेय दिया जाता है ?
SSC Stenographer 13/10/2023 (Morning)
(a) पंडित कुमार गंधर्व
(b) पंडित भीमसेन जोशी
(c) पंडित रविशंकर
(d) पंडित शिव कुमार शर्मा

**Sol.148.(c) पंडित रविशंकर:** भारतीय संगीतकार और संगीतज्ञ, और भारतीय शास्त्रीय वाद्य सितार को विश्व में लोकप्रिय बनाने के लिए जाने जाते हैं। पुरस्कार - भारत रत्न (1999), पद्म विभूषण (1981), पद्म भूषण (1967), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1962), संगीत नाटक अकादमी फ़ेलोशिप (1975), कालिदास सम्मान (1987-88)। वह ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय थे। **द बीटल्स**- इंग्लिश रॉक बैंड की स्थापना 1960 में लिवरपूल में हुई थी।

**Q.149.** 'द अनफॉरगेटेबल्स' किस ग़ज़ल गायक के अर्ध-शास्त्रीय संगीत का संग्रह था?
SSC Stenographer 13/10/2023 (Afternoon)
(a) मेहदी हसन (b) जगजीत सिंह
(c) मल्लिका पुखराज (d) तलत महमूद

**Sol.149.(b) जगजीत सिंह:** लोकप्रिय रूप से 'ग़ज़ल के राजा' के रूप में जाने जाते हैं। ग़ज़ल हिंदुस्तानी संगीत में गायन की शैलियों में से एक है। ग़ज़ल गायन की परंपरा हज़रत अमीर ख़ुसरो ने स्थापित की थी।

**Q.150.** पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित, डॉ. तीजन बाई, निम्नलिखित में से किस कला शैली में उनके योगदान के लिए विश्वप्रसिद्ध हैं?
SSC CPO 03/10/2023 (Morning)
(a) पंडवानी (b) राउत नाच
(c) झिरलिटि (d) गेंडी

**Sol.150.(a) पंडवानी** (छत्तीसगढ़ का एक पारंपरिक प्रदर्शन कला रूप)। डॉ. तीजन बाई (छत्तीसगढ़) को पद्म विभूषण (2019), पद्म भूषण (2003), पद्म श्री (1988) पुरस्कार , और एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी शताब्दी पुरस्कार (2016) से सम्मानित किया गया।

**Q.151.** निम्नलिखित में से किसने चेन्नई में कलाक्षेत्र फाउंडेशन की स्थापना की, जो ललित कलाओं के अध्ययन और प्रदर्शन के लिए एक महत्त्वपूर्ण केंद्र है?
SSC CPO 03/10/2023 (Morning)
(a) अलार्मेल वल्ली (b) मृणालिनी साराभाई
(c) यामिनी कृष्णमूर्ति (d) रुक्मिणी देवी अरुंडेल

**Sol.151.(d) रुक्मिणी देवी अरुंडेल** ने 1936 में चेन्नई में कलाक्षेत्र फाउंडेशन की स्थापना की। फाउंडेशन को 1993 में संसद के एक अधिनियम

द्वारा राष्ट्रीय महत्व की संस्था घोषित किया गया था। यह ललित कलाओं के अध्ययन और प्रदर्शन के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र है। विशेषकर भरतनाट्यम नृत्य और कर्नाटक संगीत।

**Q.152.** निम्नलिखित में से किसे 'भारत में कर्नाटक संगीत का जनक' माना जाता है?
SSC CPO 03/10/2023 (Evening)
(a) गोपाल (b) पुरंदर दास
(c) कृष्णा भारती (d) नारायण तीर्थ

**Sol.152.(b) पुरंदर दास।** प्रसिद्ध कर्नाटक संगीतकार: एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी (भारत रत्न 1998), बालामुरलीकृष्ण (पद्म विभूषण 1991), डी.के. पट्टामल (पद्म भूषण 1971)। कर्नाटक संगीत के महत्वपूर्ण तत्व: श्रुति, स्वर, राग प्रणाली, ताल प्रणाली।

**Q.153.** 2015 में प्रख्यात नृत्यांगना (danseuse) और ______प्रतिपादक पद्मा सुब्रह्मण्यम को राज्य पर्यटन विभाग द्वारा स्थापित केरल के प्रतिष्ठित कोरियोग्राफी पुरस्कार निशागंधी पुरस्कार के लिए चुना गया था।
SSC CPO 04/10/2023 (Morning)
(a) कुचिपुड़ी (b) भरतनाट्यम्
(c) सत्रीया (d) कथकली

**Sol.153.(b) भरतनाट्यम।** उनके पुरस्कार: पद्म विभूषण (2024), पद्म भूषण (2003), पद्म श्री (1981), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1983)।

**Q.154.** गोपिका वर्मा ने 2019 में निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार जीता ?
SSC CPO 04/10/2023 (Afternoon)
(a) भरतनाट्यम (b) मोहिनीअट्टम
(c) कथक (d) कुचिपुड़ी

**Sol.154.(b) मोहिनीअट्टम -** गोपिका वर्मा 'कलईमामणि' प्राप्त करने वाली पहली मोहिनीअट्टम नृत्यांगना थीं। अन्य नर्तकियाँ - सुनंदा नायर, कलामंडलम, कल्याणीकुट्टी अम्मा, जयप्रभा मेनन, पल्लवी कृष्णन, विजयलक्ष्मी, राधा दत्ता, निर्मला पणिकर।

**Q.155.** हरिप्रिया नंबूदिरी किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य की प्रतिपादक हैं ?
SSC CPO 04/10/2023 (Afternoon)
(a) कुचिपुड़ी (b) ओडिसी
(c) भरतनाट्यम (d) कथकली

**Sol.155.(d) कथकली।** वह स्त्री रत्नम और देवदासी राष्ट्रीय पुरस्कार की विजेता थीं। अन्य नर्तक: कवुंगल चाथुन्नी पणिक्कर, कलामंडलम गोपी, कोट्टक्कल शिवरामन, कलानिलयम बालकृष्णन, कोट्टकल शिवरामन, रीता गांगुली।

**Q.156.** वडाली ब्रदर्स ________गायक हैं।
SSC CPO 04/10/2023 (Afternoon)
(a) भाटियाली (b) लावणी
(c) सूफी (d) पांडवानी

**Sol.156.(c) सूफी।** वडाली ब्रदर्स: पूरनचंद वडाली और प्यारेलाल वडाली। वे काफ़ियान, ग़ज़ल और भजन सहित गायन की विभिन्न शैलियों के लिए प्रसिद्ध हैं। पुरस्कार: संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1991), पद्म श्री (2005)।

**Q.157.** किस मणिपुरी नृत्य विशेषज्ञ ने इंफाल में महिलाओं के लिए गोविंदजी नर्तनालय नृत्य विद्यालय की स्थापना की थी?
SSC CPO 04/10/2023 (Evening)
(a) गुरु बिपिन सिंह
(b) गुरु अमुबी
(c) राजकुमार सिंहजीत सिंह
(d) फांजौबम इबोटन सिंह

**Sol.157.(a) गुरु बिपिन सिंह।** उन्हें मणिपुरी नृत्य के जनक के रूप में जाना जाता है। मणिपुरी नर्तक - दर्शना झावेरी, गुरु अमुबी, राजकुमार सिंघाजीत सिंह, युमलेम्बम गंभिनी देवी, निर्मला मेहता, चारु माथुर।

**Q.158.** अम्मनूर माधव चाकियार को निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली में उनके योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया था?
SSC CPO 05/10/2023 (Morning)
(a) कुटियाट्टम (b) यक्षगान
(c) कुचिपुड़ी (d) कथकली

**Sol.158.(a) कुटियाट्टम** (केरल) - इसकी शैलीबद्ध और संहिताबद्ध नाट्य भाषा, नेता अभिनय (नेत्र अभिव्यक्ति) और हस्त अभिनय (इशारों की भाषा) प्रमुख हैं। अम्मनूर माधव चाकियार: पुरस्कार - संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1979), पद्म श्री (1982), पदम भूषण (2003) आदि

**Q.159.** कनक राजू को निम्नलिखित में से किस लोक नृत्य के लिए 2021 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया है ?
SSC CPO 05/10/2023 (Afternoon)
(a) फुगड़ी (b) गुसाड़ी
(c) गणगौर (d) भवाई

**Sol.159.(b) गुसाड़ी:** यह अदिलाबाद, तेलंगाना की राज गोंड जनजातियों द्वारा किया जाने वाला एक लोक नृत्य है।

**Q.160.** अलूना काबुइनी निम्नलिखित में से किस नृत्य से संबंधित हैं?
SSC CPO 05/10/2023 (Afternoon)
(a) कथक (b) सत्रिया
(c) मणिपुरी (d) मोहिनीअट्टम

**Sol.160.(c) मणिपुरी।** वह रस प्रवर्तक हैं। जनजातीय कबुई नृत्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए वह 2001 में मणिपुर राज्य कला अकादमी पुरस्कार की प्राप्तकर्ता थीं।

**Q.161.** मध्य प्रदेश सरकार ने चेन्नई के एक प्रसिद्ध_____दंपत्ति, धनजयन दंपत्ति को 2019 - 2020 के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कालिदास सम्मान से सम्मानित किया।
SSC CPO 05/10/2023 (Afternoon)
(a) कुचिपुड़ी (b) भरतनाट्यम
(c) सत्रिया (d) कथकली

**Sol.161.(b) भरतनाट्यम** । नृत्य करने वाले युगल - वन्नादिल पुदियावीट्टिल धनंजयन और शांता धनंजयन (एक साथ धनंजयन के रूप में जाने जाते हैं)।

**Q.162.** उस्ताद असद अली खान ध्रुपद के निम्नलिखित में से किस शैली के वादक के रूप में प्रसिद्ध हैं ?
SSC CPO 05/10/2023 (Afternoon)
(a) नौहर (b) डागर
(c) खण्हार बानी (d) गोरी

**Sol.162.(c) खण्हार बानी। पुरस्कार:** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1977) और पद्म भूषण (2008)। प्रसिद्ध ध्रुपद गायक - उस्ताद रहीम फहीमुद्दीन डागर, नासिर अमीनुद्दीन डागर, जिया फरीदुद्दीन डागर, जिया मोहिउद्दीन डागर। ध्रुपद के चार विद्यालय: गौरी (गौहर), खंडार, नौहर और डागर।

**Q.163.** रोशन कुमारी, शोवना नारायण, माया राव और कुमुदिनी लाखिया प्रख्यात _____ कलाकार हैं।
SSC MTS 01/09/2023 (1st Shift)
(a) ओडिसी (b) कुचिपुड़ी
(c) कथक (d) मणिपुरी

**Sol.163.(c) कथक।** प्रसिद्ध शास्त्रीय नर्तक: कथक (उत्तर प्रदेश): बिरजू महाराज, शंभू महाराज, लच्छू महाराज; **कुचिपुड़ी** (आंध्र प्रदेश) - राजा और राधा रेड्डी, यामिनी रेड्डी, कौशल्या रेड्डी; **ओडिसी** (ओडिशा) - केलुचरण महापात्र, सुजाता महापात्र, मधुमिता राउत।

**Q.164.** रानी मछैया एक ________लोक नर्तकी हैं जिन्हें 2023 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था
SSC MTS 01/09/2023 (1st Shift)
(a) उम्मत्त आट (b) लम्बाडी
(c) गुस्साड़ी (d) ढिम्सा

**Sol.164.(a) उम्मत्त आट**- कूर्ग (कर्नाटक) का पारंपरिक नृत्य रूप जो कोडवा महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किया जाता है।

**Q.165.** भारतीय शास्त्रीय गायक पंडित जसराज का संबंध निम्नलिखित में से किस संगीत घराने से है?
SSC MTS 01/09/2023 (2nd Shift)
(a) पटियाला घराना (b) दगारी घराना
(c) ग्वालियर घराना (d) मेवाती घराना

**Sol.165.(d) मेवाती घराना। पंडित जसराज: पुरस्कार -** पद्म भूषण (1990), पद्म विभूषण (2000), पद्म श्री (1975), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1987)। **घराने और कलाकार:** मेवाती घराना - घग्गे नज़ीर खान। पटियाला घराना - अली बख्श जरनैल खान, बड़े गुलाम अली खान। डागरी - गुंडेचा ब्रदर्स, ज़िया मोहिउद्दीन डागर। ग्वालियर घराना - नन्थन खान, मीता पंडित।

**Q.166.** निम्नलिखित में से कौन कथक केंद्र के निदेशक थे और उन्होंने 'कलाश्रम' नाम से अपना स्वयं का नृत्य विद्यालय भी शुरू किया था ?
SSC MTS 01/09/2023 (3rd Shift)
(a) पंडित लच्छू महाराज
(b) पंडित शंभू महाराज
(c) पंडित बिरजू महाराज
(d) पंडित अच्छन महाराज

**Sol.166.(c) पंडित बिरजू महाराज।** वह लखनऊ के कालका-बिंदादीन घराने से संबंध रखते हैं। **पुरस्कार:** पद्म विभूषण (1986), संगीत

नाटक अकादमी पुरस्कार (1964), कालिदास सम्मान (1987)। राष्ट्रीय कथक नृत्य संस्थान (कथक केंद्र) की स्थापना 1964 में की गई थी इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

**Q.167.** शंभू महाराज निम्नलिखित में से किस कथक घराने के प्रसिद्ध गुरु थे ?
SSC MTS 04/09/2023 (2nd Shift)
(a) लखनऊ (b) जयपुर (c) रायगढ़ (d) बनारस

**Sol.167.(a) लखनऊ।** पंडित शंभू महाराज पुरस्कार: संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1955), संगीत नाटक अकादमी फ़ेलोशिप (1967), पद्म श्री (1958)। लखनऊ घराने के प्रसिद्ध नर्तक: बिरजू महाराज, महाराज बिंदादीन, कालिका प्रसाद। जयपुर घराना: सुंदर प्रसाद, दुर्गा लाल। बनारस घराना: रुद्र शंकर मिश्र, स्नेहा बजाज, कमलिनी अस्थाना और नलिनी अस्थाना।

**Q.168.** किस भारतीय संगीतकार हस्ती का जन्मस्थान पश्चिम बंगाल है?
SSC MTS 04/09/2023 (3rd Shift)
(a) नौशाद (b) ओ. पी. नैय्यर
(c) इलैयाराजा (d) बप्पी लहरी

**Sol.168.(d) बप्पी लहरी** (बप्पीदा) एक भारतीय गायक और संगीतकार थे। इनके पुरस्कार - फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार (1985, 2018)। व्यक्तित्व और उनका मूल स्थान: ओ.पी. नैय्यर - लाहौर (पाकिस्तान), इलैयाराजा - पन्नईपुरम, थेनी जिला (तमिलनाडु) और नौशाद अली - लखनऊ (उत्तर प्रदेश)।

**Q.169.** गंगूबाई हंगल का संबंध मुख्य रूप से किस घराने से था ?
SSC MTS 05/09/2023 (1st Shift)
(a) पटियाला (b) आगरा
(c) बनारस (d) किराना

**Sol.169.(d) किराना घराना** (अब्दुल करीम खान द्वारा स्थापित)। गंगूबाई हंगल हिंदुस्तानी शास्त्रीय परंपरा की एक भारतीय गायिका थीं। पुरस्कार - पद्म विभूषण (2002), पद्म भूषण (1971), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1973) और संगीत नाटक अकादमी फ़ेलोशिप (1996)। **किराना घराने के कलाकार:** बलदेव सिंह बाली, भीमसेन जोशी, अब्दुल वाहिद खान, हीराबाई बड़ोदेकर और उपेन्द्र भट्ट।

**Q.170.** मशहूर बॉलीवुड अदाकारा हेमा मालिनी एक प्रशिक्षित _______नर्तकी हैं।
SSC MTS 05/09/2023 (1st Shift)
(a) कथक (b) भरतनाट्यम
(c) ओडिसी (d) कुचिपुड़ी

**Sol.170.(b) भरतनाट्यम** (तमिलनाडु)। हेमा मालिनी: पुरस्कार - पद्म श्री (2000)।

**Q.171**. निम्नलिखित में से कौन-सा संगीतकार पंचम दा (Panchamda)' के नाम से प्रसिद्ध है?
SSC MTS 05/09/2023 (3rd Shift)
(a) रवि (b) खयाम
(c) नौशाद (d) आर. डी. बर्मन

**Sol.171.(d) आर . डी . बर्मन:** भारतीय संगीत निर्देशक, संगीतकार और गायक है। भारतीय संगीतकार और उनके उपनाम: ए.आर. रहमान - मोजार्ट ऑफ मद्रास । आशा भोसले - द क्वीन ऑफ़ इंडीपॉप । लता मंगेशकर - क्वीन ऑफ़ मेलोडी , वॉइस ऑफ़ द मिलेनियम। मोहम्मद रफ़ी - फ़ीको।

**Q.172.** निम्नलिखित में से नर्तक / नर्तकी और संबंधित नृत्य शैली की गलत जोड़ी की पहचान कीजिए।
SSC MTS 05/09/2023 (3rd Shift)
(a) मीनाक्षी चित्ररंजन - भरतनाट्यम
(b) कुमकुम धर - कुचिपुड़ी
(c) श्रुति बंदोपाध्याय - मणिपुरी
(d) त्रिलोचन मोहंता - छउ

**Sol.172.(b) कुमकुम धर- कुचिपुड़ी।** कुमकुम धर कथक के लिए जानी जाती हैं। वह यश भारती पुरस्कार (उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार) प्राप्तकर्ता हैं।

**Q.173.** निम्नलिखित में से किसे यूरोपीय नाट्य तकनीकों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य में अपनाकर नृत्य की एक मिश्रित शैली बनाने के लिए जाना जाता है?
SSC MTS 06/09/2023 (1st Shift)
(a) यामिनी कृष्णमूर्ति (b) उदय शंकर
(c) गोपी कृष्ण (d) सोनल मानसिंह

**Sol.173.(b) उदय शंकर** एक भारतीय नर्तक और कोरियोग्राफर थे। उनके पुरस्कार: पद्म विभूषण (1971)।

**Q.174.** त्रिमुखी, पंचमुखी, सप्तमुखी और नवमुखी जैसे तालों की रचना करने का श्रेय किस भारतीय संगीत दिग्गज को दिया जाता है?
SSC MTS 06/09/2023 (1st Shift)
(a) एम. बालामुरलीकृष्ण
(b) बड़े गुलाम अली खान
(c) के. जे. येसुदास
(d) पंडित जसराज

**Sol.174.(a) एम. बालामुरलीकृष्ण** एक भारतीय कर्नाटक गायक थे। उनके पुरस्कार: संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1975), पद्म विभूषण (1991), पद्म श्री (1971), महात्मा गांधी रजत पदक यूनेस्को (1995)। प्रसिद्ध कर्नाटक गायक: दंडपाणि देसीकर, टी. बृंदा, बी.एस. राजा अयंगर, महाराजपुरम विश्वनाथ अय्यर, सेम्मनगुडी आर. श्रीनिवास अय्यर।

**Q.175.** निम्नलिखित में से किसे मुख्य रूप से हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत का उस्ताद माना जाता है?
SSC MTS 06/09/2023 (2nd Shift)
(a) बड़े गुलाम अली खान
(b) मवेलिक्कारा प्रभाकर वर्मा
(c) संपागोडु विघ्नराज
(d) साई विग्नेश

**Sol.175.(a) बड़े गुलाम अली खान** (पटियाला घराने से)। **पुरस्कार:** पद्म भूषण (1962), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1962)। मवेलिक्कारा प्रभाकर वर्मा एक भारतीय कर्नाटक गायक और शिक्षक थे। संपागोडु एस. विघ्नराज एक भारतीय कर्नाटक संगीत गायक, बांसुरीवादक और संगीतकार हैं। साई विग्नेश एक भारतीय कर्नाटक गायक, पार्श्व गायक और तमिल, तेलुगु और कन्नड़ संगीत और सिनेमा के संगीतकार हैं।

**Q.176.** भारती शिवाजी और कनक रेले _______ के व्याख्याता हैं।
SSC MTS 06/09/2023 (2nd Shift)
(a) मणिपुरी (b) मोहिनीअट्टम
(c) कथक (d) ओडिसी

**Sol.176.(b) मोहिनीअट्टम (केरल)।** भारती शिवाजी (पुरस्कार: पद्म श्री- 2004)। कनक रेले (पुरस्कार: पद्म श्री -1990, पद्म भूषण - 2013)।

**Q.177.** पंडित जानकी प्रसाद का संबंध निम्नलिखित में से किस कथक घराने से है?
SSC MTS 08/09/2023 (1st Shift)
(a) बनारस (b) रायगढ़
(c) जयपुर (d) लखनऊ

**Sol.177.(a) बनारस।** कथक के घराने: लखनऊ घराना (ईश्वरी प्रसाद द्वारा स्थापित) - वाजिद अली शाह, लच्छू महाराज, शंभू महाराज। जयपुर घराना (भानु जी महाराज द्वारा स्थापित) - सुंदर प्रसाद, पुरु दधीच, मंगला भट्ट। बनारस घराना (जानकीप्रसाद द्वारा स्थापित) - सितारा देवी, जीतेन्द्र महाराज, कमलिनी अस्थाना और नलिनी अस्थाना। रायगढ़ घराना (संस्थापक - राजा चक्रधर सिंह): प्रतिपादक - कार्तिक राम, पं. कल्याण दास महंत, श्री फिरतू महाराज एवं पं. बर्मन लाल।

**Q.178.** मन्ना डे _______ के क्षेत्र में भारत की एक मशहूर शख्सियत थे।
SSC MTS 08/09/2023 (2nd Shift)
(a) विज्ञान (b) खेल (c) राजनीति (d) संगीत

**Sol.178.(d) संगीत। मन्ना डे:** भारतीय पार्श्व गायक। वह भिंडीबाज़ार घराने से संबंधित थे और उन्होंने उस्ताद अमन अली खान से प्रशिक्षण प्राप्त किया था। पुरस्कार - पद्म भूषण (2005), पद्म श्री (1971), दादा साहब फाल्के पुरस्कार (2007)।

**Q.179.** ______ कथक नृत्य शैली की एक महान हस्ती थीं, जिसे रवीन्द्रनाथ टैगोर ने 'नृत्य साम्राज्ञी' (नृत्य की महारानी) के रूप में वर्णित किया था।
SSC MTS 08/09/2023 (2nd Shift)
(a) सितारा देवी
(b) रुक्मिणी देवी अरुंडेल
(c) मृणालिनी साराभाई
(d) मल्लिका साराभाई

**Sol.179.(a) सितारा देवी** (कथक की महारानी) - उन्होंने लखनऊ घराने के तीन महान उस्तादों- अच्छन महाराज, लच्छू महाराज और शंभू महाराज से शिक्षा प्राप्त की थी।

**Q.180.** निम्नलिखित में से कौन एक प्रसिद्ध कथक नर्तक/नर्तकी हैं जो 'पंडित बिरजू महाराज' के शिष्य/शिष्या और भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवाओं (Indian Audit and Accounts Services) में एक अधिकारी के रूप में भी काम कर चुके हैं/चुकी हैं?
SSC MTS 11/09/2023 (1st Shift)
(a) सोनल मानसिंह (b) गुरु बिपिन सिंह
(c) शोवना नारायण (d) पद्मा सुब्रह्मण्यम.

**Sol.180.(c) शोवना नारायण।** उनके पुरस्कार - पद्म श्री (1992), संगीत नाटक अकादमी

पुरस्कार (1999)।

**Q.181.** किस भारतीय संगीतकार के नाम पर संयुक्त राज्य अमेरिका के मैसाचुसेट्स (Massachusetts) राज्य ने 1984 में 20 अप्रैल को उनके नाम पर एक दिन घोषित किया?
SSC MTS 11/09/2023 (2nd Shift)
(a) बृज नारायण (b) अली अकबर खान
(c) राजीव तारानाथ (d) अमजद अली खान

**Sol.181.(d) अमजद अली खान** (सरोद वादक) उनके पुरस्कार: पद्म श्री (1975), पद्म भूषण (1991), पद्म विभूषण (2001)। अन्य सरोद कलाकार:- अली अकबर खान, राजीव तारानाथ, बृज नारायण, गुरदेव सिंह, हाफ़िज़ अली खान और राधिका मोहन मैत्रा। वाद्ययंत्र और उनके वादक: सितार वादक (रविशंकर, विलायत खान)। तबला वादक (अल्ला रक्खा, जाकिर हुसैन, अहमद जान थिरकवा)।

**Q.182.** निम्नलिखित में से कौन-सी गायिका आंध्र प्रदेश से है?
SSC MTS 11/09/2023 (3rd Shift)
(a) ऊषा उत्थुप (b) आशा भोंसले
(c) अलका याग्निक (d) एस. जानकी

**Sol.182.(d) एस. जानकी।** आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध गायक: पुव्वुला सूरी बाबू , एम. बालामुरलीकृष्ण, आर. बालासरस्वती देवी, एस. पी. बालासुब्रमण्यम, जी. आनंद, मोहना भोगराजू। उषा उथुप (चेन्नई, तमिलनाडु), आशा भोसले (महाराष्ट्र), अलका याग्निक (कोलकाता, पश्चिम बंगाल)।

**Q.183.** भारत के निम्नलिखित पार्श्व गायकों में से किसे 2009 में पद्म श्री और 2016 में पद्म भूषण प्राप्त हुआ?
SSC MTS 12/09/2023 (2nd Shift)
(a) सोनू निगम (b) अभिजीत भट्टाचार्य
(c) कुमार शानू भट्टाचार्य (d) उदित नारायण झा

**Sol.183.(d) उदित नारायण झा।** अन्य पार्श्व गायक और उनके पुरस्कार: सोनू निगम (पद्म श्री, 2022)। कुमार शानू भट्टाचार्जी: पद्म श्री (2009)।

**Q.184.** पद्म श्री पुरस्कार विजेता (2016) गुलाबो सपेरा को ________नृत्य की रानी के रूप में जाना जाता है।
SSC MTS 12/09/2023 (3rd Shift)
(a) चरी (b) भवई
(c) कालबेलिया (d) कच्छी घोड़ी

**Sol.184.(c) कालबेलिया** ('सपेरा नृत्य' या 'स्नेक चार्मर नृत्य')। यह नृत्य विशेष रूप से 'कालबेलिया' नामक राजस्थानी जनजाति द्वारा किया जाता है। गीत और नृत्य कालबेलिया समुदाय के पारंपरिक जीवन शैली की अभिव्यक्ति हैं। इसे 2010 में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया था।

**Q.185.** निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय नर्तक/नर्तकी को भरतनाट्यम और ओडिसी दोनों नृत्य शैली में निपुणता हासिल है?
SSC MTS 13/09/2023 (1st Shift)
(a) शोवना नारायण (b) गुरु बिपिन सिंह
(c) पद्मा सुब्रह्मण्यम (d) सोनल मानसिंह

**Sol.185.(d) सोनल मानसिंह** को पद्म भूषण (1992), पद्म विभूषण (2003) मिला। **भारतीय शास्त्रीय नर्तक:** भरतनाट्यम - पद्मा सुब्रह्मण्यम, यामिनी कृष्णमूर्ति, टी. बालासरस्वती, शांता राव। ओडिसी - केलुचरण महापात्र, मायाधर राउत, रंजना गौहर, शर्मिला विश्वास, सुजाता महापात्र। कथक - शोवना नारायण, शंभू महाराज। मणिपुरी - गुरु बिपिन सिंह।

**Q.186.** देबा प्रसाद दास, पंकज चरण दास और गंगाधर प्रधान का संबंध निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली से हैं?
SSC MTS 13/09/2023 (2nd Shift)
(a) ओडिसी (b) भरतनाट्यम
(c) मणिपुरी (d) कथक

**Sol.186.(a) ओडिसी -** ओडिशा की शास्त्रीय नृत्य शैली है। इसका नृत्य सैद्धांतिक आधार भरतमुनि के 'नाट्य शास्त्र' से मिलता है। ओडिसी के कुछ अन्य प्रतिपादक: केलुचरण महापात्र, झेलम परांजपे, मायाधर राउत, लीना सितारिस्टी (ओडिसी और छऊ नर्तक) और माइरला बारवी।

**Q.187.** भानु जी का संबंध निम्नलिखित में से किस कथक घराने से है?
SSC MTS 13/09/2023 (2nd Shift)
(a) लखनऊ (b) रायगढ़ (c) बनारस (d) जयपुर

**Sol.187.(d) कथक के जयपुर घराने** की शुरुआत भानु जी महाराज ने की थी। जयपुर घराने के प्रतिपादक: चुन्नीलाल प्रसाद, कुन्दन लाल गंगानी, सुन्दर प्रसाद, मंगला भट्ट।

**Q.188.** भारतीय इतिहास में भारतीय संसद के उच्च सदन, राज्य सभा के सदस्य के रूप में मनोनीत होने वाली पहली महिला शास्त्रीय नर्तकी कौन है?
SSC MTS 13/09/2023 (2nd Shift)
(a) मुक्ति मोहन (b) शोभा नायडू
(c) संजुक्ता पाणिग्रही (d) रुक्मिणी देवी अरुंडेल

**Sol.188.(d) रुक्मणी देवी अरुंडेल** 'भरतनाट्यम' की एक भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना थीं और उन्होंने मद्रास में कलाक्षेत्र फाउंडेशन की स्थापना की थी। उन्हें 1956 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था, कालिदास सम्मान (1984), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1957) और 1968 में प्राणि मित्र पुरस्कार।

**Q.189.** निम्नलिखित में से किस संगीत निर्देशक को 'मोजार्ट ऑफ मद्रास' के नाम से जाना जाता है?
SSC MTS 13/09/2023 (2nd Shift)
(a) ए.आर. रहमान (b) मदन मोहन
(c) आर.डी. बर्मन (d) हिमेश रेशमिया

**Sol.189.(a) ए. आर. रहमान** का जन्म 1967 में मद्रास (तमिलनाडु) में हुआ था। **पुरस्कार:** पद्म भूषण (2010), पद्म श्री (2000); दो ऑस्कर पुरस्कार (2009), BAFTA पुरस्कार (2009), गोल्डन ग्लोब (2009) और दो ग्रैमी पुरस्कार (2010)।

**Q.190.** रोहिणी भाटे, पंडित मुन्नालाल शुक्ला, कुमुदिनी लाखिया और उमा शर्मा निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य शैली के प्रसिद्ध व्याख्याता हैं?
SSC MTS 13/09/2023 (3rd Shift)
(a) भरतनाट्यम (b) कथकली
(c) कथक (d) कुचिपुड़ी

**Sol.190.(c) कथक** ।

**Q.191.** चार नट्टुवनार अर्थात् पोनैय्या, वडिवेलु, शिवानंदम और चिन्नैया, जो तंजौर बंधु के नाम से प्रसिद्ध हैं, ने आधुनिक _______ को आकार दिया।
SSC MTS 14/09/2023 (2nd Shift)
(a) भरतनाट्यम (b) कुचिपुड़ी
(c) कोडियाट्टम (d) कथकली

**Sol.191.(a) भरतनाट्यम।** 'नट्टुवनार' शब्द का अर्थ नृत्य शिक्षक है।

**Q.192.** निम्नलिखित में से किस भारतीय संगीतकार को 'मल्लिका-ए-ग़ज़ल ' कहा जाता था?
SSC MTS 14/09/2023 (2nd Shift)
(a) प्रभा भारती (b) बेगम अख्तर
(c) चित्रा सिंह (d) फरीदा खानम

**Sol.192.(b) बेगम अख्तर:** पुरस्कार - पद्म श्री (1968), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1972), पद्म भूषण (मरणोपरांत) - 1975 ।

**Q.193**. मलयालम कवि वल्लथोल नारायण मेनन और नृत्यांगना और गुरु कल्याणीकुट्टी अम्मा के प्रयासों ने _______ नृत्य शैली को फिर से चलन में लाया और एक नया जीवनदान दिया।
SSC MTS 14/09/2023 (3rd Shift)
(a) भरतनाट्यम (b) कुचिपुड़ी
(c) मोहिनीअट्टम (d) कथकली

**Sol.193.(c) मोहिनीअट्टम। नृत्य और उनके प्रतिपादक:** मोहिनीअट्टम (केरल) - सुनंदा नायर, जयप्रभा मेनन, पल्लवी कृष्णन। भरतनाट्यम (तमिलनाडु) - मृणालिनी साराभाई, रुक्मिणी देवी अरुंडेल, पद्मा सुब्रह्मण्यम, यामिनी कृष्णमूर्ति। कुचिपुड़ी (आंध्र प्रदेश) - राजा और राधा रेड्डी, लक्ष्मी नारायण शास्त्री, स्वप्ना सुंदरी। कथकली (केरल) - कलामंडलम गोपी, कलामंडलम कृष्ण प्रसाद, कोट्टाकल शिवरमन, कलामंडलम रामनकुट्टी नायर।

**Q.194.** लता मंगेशकर द्वारा गाए गए प्रसिद्ध गीत "ऐ मेरे वतन के लोगों" के संगीत निर्देशक कौन थे?
SSC MTS 14/09/2023 (3rd Shift)
(a) किशोर कुमार (b) राजेश रोशन
(c) सी रामचन्द्र (d) आनंद राज आनंद

**Sol.194.(c) सी रामचन्द्र।** देशभक्ति गीत और उनके गायक: ऐसा देश है मेरा (लता मंगेशकर), मेरा रंग दे बसंती चोला (उदित नारायण), ये देश है वीर जवानों का (मोहम्मद रफी), तेरी मिट्टी (बी प्राक), संदेशे आते हैं (सोनू निगम), आई लव माई इंडिया (हरिहरन), मेरा मुल्क मेरा देश (आदित्य नारायण और कुमार सानु), मेरे देश की धरती (महेंद्र कपूर)।

**Q.195.** 2011 में किस अभिनेत्री तथा नर्तकी को पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
SSC CHSL 02/08/2023 (3rd shift)
(a) हेमा मालिनी (b) वहीदा रहमान
(c) मीना कुमारी (d) रेखा

**Sol.195.(b) वहीदा रहमान। अन्य पुरस्कार :** सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार (1969), फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार (1995), मध्य प्रदेश सरकार का राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान (2020)।

**Q.196.** सुतापा तालुकदार किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली से संबंधित हैं ?
SSC CHSL 03/08/2023 (1st shift)
(a) कुचिपुड़ी (b) ओडिसी
(c) भरतनाट्यम (d) मोहिनीअट्टम

**Sol.196.(b) ओडिसी।** सुतापा तालुकदार को प्राप्त पुरस्कार - संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2019)।

**Q.197.** निम्नलिखित व्यक्तित्वों में से किसे 'कर्नाटक संगीत की रानी' के रूप में जाना जाता है?
SSC CHSL 03/08/2023 (3rd shift)
(a) एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी (b) विजया राजेंद्रन
(c) कविता कृष्णमूर्ति (d) लता मंगेशकर

**Sol.197.(a) एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी।** वह तमिलनाडु के एक भारतीय कर्नाटक गायिका है। वह भारत रत्न (1998) से सम्मानित होने वाली प्रथम संगीतकार थीं। अन्य पुरस्कार: पद्म विभूषण (1975), पद्म भूषण (1954), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1956), रेमन मैग्सेसे पुरस्कार (अक्सर एशिया का नोबेल पुरस्कार माना जाता है) (1974), कालिदास सम्मान (1988), राष्ट्रीय एकता के लिए इंदिरा गांधी पुरस्कार ( 1990), संगीता कलानिधि (1968)।

**Q.198.** निम्नलिखित में से कौन एक प्रसिद्ध संगीत निर्देशक हैं?
SSC CHSL 03/08/2023 (4th shift)
(a) खय्याम (b) समीर
(c) अंजान (d) कैफ़ी आज़मी

**Sol.198.(a) खय्याम** (मोहम्मद जहूर खय्याम हाशमी) हिंदी सिनेमा के मशहूर संगीत निर्देशक थे। पुरस्कार - पद्म भूषण (2011)। समीर एक गीतकार थे। अंजान एक भारतीय गीतकार थे। कैफ़ी आज़मी एक शायर थे।

**Q.199.** तलत अज़ीज़ मुख्य रूप से एक_______गायक हैं।
SSC CHSL 09/08/2023 (1st shift)
(a) हिन्दुस्तानी शास्त्रीय (b) कर्नाटक शास्त्रीय
(c) ग़ज़ल (d) लोक

**Sol.199.(c) ग़ज़ल।** संगीत शैलियाँ और गायक: ग़ज़ल - जगजीत सिंह (ग़ज़लों के राजा), हरिहरन, पंकज उधास, भूपिंदर सिंह; हिंदुस्तानी शास्त्रीय - आनंद शंकर, तानसेन। कर्नाटक शास्त्रीय - एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी, अरुणा साईराम, एम. बालमुरलीकृष्ण। लोक - स्वरूप खान, शारदा सिन्हा, कैलाश खेर।

**Q.200.** निम्नलिखित व्यक्तित्वों में से कौन एक पुरस्कार विजेता भोजपुरी लोक गायक है?
SSC CHSL 09/08/2023 (2nd shift)
(a) इला अरुण (b) रब्बी शेरगिल
(c) मालिनी अवस्थी (d) पापोन

**Sol.200.(c) मालिनी अवस्थी -** एक भारतीय लोक गायिका जो भोजपुरी, अवधी/औधी और हिंदी भाषाओं में गाती हैं। पुरस्कार - पद्म श्री (2016)। इला अरुण एक भारतीय फिल्म अभिनेत्री, संगीतकार और गायिका हैं। रब्बी शेरगिल एक पंजाबी लोक गायक हैं। पापोन एक असमिया लोक गायक हैं।

**Q.201.** कोट्टक्कल नंदकुमारन नायर ______ नृत्य शैली में अपने योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2019 की विजेता है।
SSC CHSL 09/08/2023 (3rd shift)
(a) भरतनाट्यम
(b) समकालीन (Contemporary)
(c) कथकली
(d) ओडिसी (Odissi)

**Sol.201.(c) कथकली** (केरल का शास्त्रीय भारतीय नृत्य)। कोट्टाकल नंदकुमारन नायर - वह अपने 'काथी' वेषों के लिए प्रसिद्ध हैं और 'पाचा' और 'मिनुक्कू' वेषों को अभिनय करने में कुशल हैं।

**Q.202.** निम्नलिखित में से किस शख्सियत ने मणिपुरी नृत्य में अपने योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2021 जीता?
SSC CHSL 10/08/2023 (1st shift)
(a) भुवन कुमार (b) थोकचोम इबेमुबी देवी
(c) श्रुति बंदोपाध्याय (d) कुमकुम धर

**Sol.202.(b) थोकचोम इबेमुबी देवी**। मणिपुरी नृत्य, जिसे मणिपुरी रास लीला भी कहा जाता है, मैतेई लोगों की आस्था वैष्णव पर आधारित है। चार झावेरी बहनें (नयना, रंजना, सुवर्णा और दर्शना) शास्त्रीय मणिपुरी नर्तक हैं। **भुवन कुमार** (छऊ नर्तक)

**Q.203.** असगरी बाई को मुख्य रूप से संगीत की निम्नलिखित में से किस विधा में उनके योगदान के लिए याद किया जाता है?
SSC CHSL 10/08/2023 (2nd shift)
(a) लोक (b) कर्नाटक (c) ध्रुपद (d) ग़ज़ल

**Sol.203.(c) ध्रुपद**। असगरी बाई के पुरस्कार - पद्मश्री (1990), संगीत नाटक अकादमी (1986)। अन्य ध्रुपद कलाकार: रमाकांत गुंदेचा, उमाकांत गुंदेचा, जिया फरीदुद्दीन डागर, पेलवा नाइक, पंडित राम कुमार मल्लिक, मुकुंद देव साहू, उदय भावलकर।

**Q.204.** निम्नलिखित में से किस शख्सियत को समकालीन नृत्य (contemporary dance) में उनके योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2020 से सम्मानित किया गया ?
SSC CHSL 10/08/2023 (3rd shift)
(a) भूषण लकंदरी (b) श्रुति बंदोपाध्याय
(c) बिक्रम घोष (d) सुमित्रा गुहा

**Sol.204.(a) भूषण लकंदरी।** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार: प्रथम पुरस्कार - 1952 । यह पुरस्कार भारत में कला प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। आयोजक - संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार। मुख्यालय - नई दिल्ली।

**Q.205.** आधुनिक भारतीय नृत्य का जनक किसे कहा जाता है?
SSC CHSL 10/08/2023 (4th shift)
(a) उदय शंकर (b) अंबुई सिंह
(c) सीवी चंद्रशेखर (d) राजा रेड्डी

**Sol.205.(a) उदय शंकर।** नृत्य की फ्यूज़न शैली के समर्थक। उनका नृत्य - 'हाई-डांस' (बाद में इसका नाम बदलकर 'क्रिएटिव डांस' कर दिया गया)। पुरस्कार - पद्म विभूषण (1971)।

**Q.206.** निम्नलिखित में से किस शख़्सियत को रंगा श्री लिटिल बैले ट्रूप नामक थिएटर समूह के माध्यम से शास्त्रीय और आधुनिक भारतीय नृत्य का समन्वय करने का श्रेय दिया जाता है ?
SSC CHSL 11/08/2023 (3rd shift)
(a) गुरु बिपिन सिंह (b) पंडित बिरजू महाराज
(c) शांति बर्धन (d) रेमो फर्नांडिस

**Sol.206.(c) शांति बर्धन** - उदय शंकर के एक कनिष्ठ सहयोगी ने 20वीं सदी के कुछ सबसे कल्पनाशील नृत्य-नाटकों का निर्माण किया। उन्होंने रामायण का निर्माण किया, जिसमें कलाकार कठपुतली की तरह घूमते और नाचते थे।

**Q.207.** सुभा मुद्गल निम्नलिखित में से किस संगीत विधा के लिए प्रसिद्ध हैं?
SSC CHSL 14/08/2023 (3rd shift)
(a) कर्नाटक संगीत (b) रेगे संगीत
(c) हिप हॉप संगीत (d) हिंदुस्तानी संगीत

**Sol.207.(d) हिंदुस्तानी संगीत।** सुभा मुद्गल: पुरस्कार - पद्म श्री (2000), राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार (2016)। **हिंदुस्तानी संगीत के प्रमुख प्रतिपादक:** अलाउद्दीन खान, विलायत खान, बिस्मिल्लाह खान, भीमसेन जोशी, पंडित जसराज, रविशंकर, हरिप्रसाद चौरसिया, जाकिर हुसैन, शिवकुमार शर्मा, अली अकबर खान। **कर्नाटक संगीतकार:** अरुणा साईराम, एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी, लालगुडी जयारमन।

**Q.208.** निम्नलिखित में से किस शख़्सियत ने ओडिशा के शास्त्रीय नृत्य के लिए 'ओडिसी' नाम दिया?
SSC CHSL 14/08/2023 (4th shift)
(a) कविचंद्र कालीचरण पटनायक
(b) केलुचरण महापात्र
(c) राजा राममोहन राय
(d) रवीन्द्रनाथ टैगोर

**Sol.208.(a) कविचंद्र कालीचरण पटनायक**। उनका योगदान ओडिसी संगीत, ओडिसी नृत्य और उड़िया रंगमंच के क्षेत्र में था। उनकी कुछ प्रमुख प्रकाशित रचनाएँ: कलंक भंजना, मिलन माधुरी, दारिद्र्य भंजना।

**Q.209.** पद्म भूषण कुमारी कमला का संबंध किस भारतीय नृत्य से है?
SSC CHSL 14/08/2023 (4th shift)
(a) कथकली (b) कथक
(c) ओडिसी (d) कुचिपुड़ी

**Sol.209.(b) कथक**। कुमारी कमला (जिन्हें कमला लक्ष्मण के नाम से भी जाना जाता है) को 1953 में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के राज्याभिषेक उत्सव के दौरान उनके लिए प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया गया था। पुरस्कार: कलईमामणि (1967), पद्म भूषण (1970)। वह वजुवूर नृत्य परंपरा की एक प्रमुख कलाकार हैं।

**Q.210.** निम्नलिखित शख्सियतों में से कौन एक पेशेवर कुचिपुड़ी नर्तकी है?
SSC CHSL 17/08/2023 (4th shift)
(a) राधा श्रीधर (b) सुरूपा सेन
(c) अनुपमा होस्केरे (d) कौशल्या रेड्डी

**Sol.210.(d) कौशल्या रेड्डी**। प्रसिद्ध कुचिपुड़ी नर्तक: भावना रेड्डी, यामिनी रेड्डी, वेम्पति चिन्ना सत्यम, मंजू बरगावी।

**Q.211.** 2018 में गूगल डूडल ने मृणालिनी साराभाई का 100वाँ जन्मदिन मनाया। वह निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली की प्रतिपादक हैं?
SSC CGL 14/07/2023 (1st shift)
(a) भरतनाट्यम और कथकली
(b) ओडिसी और कथक
(c) कुचिपुड़ी और भरतनाट्यम
(d) यक्षगान

**Sol.211.(a) भरतनाट्यम और कथकली**। मृणालिनी साराभाई के पुरस्कार - पद्म श्री (1965), पद्म भूषण (1992), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1970), धीरूभाई ठाकर सव्यसाची सारस्वत पुरस्कार (2014), संगीत नाटक अकादमी फ़ेलोशिप (1994) । वह दर्पण अकादमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (1949) की संस्थापक थीं।

**Q.212**. नृत्याचार्य पुरस्कार, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और कालिदास सम्मान से सम्मानित गुरु बिपिन सिंह किस शास्त्रीय नृत्य को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध थे?
SSC CGL 14/07/2023 (2nd shift)
(a) मणिपुरी (b) कुचिपुड़ी
(c) ओडिसी (d) कथक

**Sol.212.(a) मणिपुरी**। गुरु बिपिन सिंह के **पुरस्कार** - संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1966), कालिदास सम्मान (1989), मणिपुर के महाराजा द्वारा हंजाबा की उपाधि। प्रसिद्ध नर्तक: **मणिपुरी** - यमलम्बम् गंभिनी देवी, दर्शना झावेरी, निर्मला मेहता।

**Q.213.** उर्मिला सत्यनारायणन किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली की प्रतिपादक हैं?
SSC CGL 14/07/2023 (3rd shift)
(a) भरतनाट्यम (b) कथक
(c) मणिपुर (d) सत्त्रिया

**Sol.213.(a) भरतनाट्यम** ।
उर्मिला सत्यनारायणन (तमिलनाडु) - पुरस्कार: कलईमामणि पुरस्कार (1997), नृत्य चूड़ामणि (2001)।

**Q.214.** निम्नलिखित में से कौन सी शख्सियत कर्नाटक संगीत से संबंधित नहीं है?
SSC CGL 14/07/2023 (4th shift)
(a) कल्याणी वरदराजन
(b) एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी
(c) विष्णु नारायण भातखंडे
(d) सुब्रह्मण्य भरतियार

**Sol.214.(c) विष्णु नारायण भातखंडे** - इनका संबंध हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत से था। कर्नाटक संगीत से संबंधित अन्य हस्तियाँ - पुरंदरदास (कर्नाटक संगीत के जनक), कनक दास, मुथु थंडावर, त्यागराज, मुथुस्वामी दीक्षितर, श्यामा शास्त्री, अरुणा साईराम, सेम्मनगुडी श्रीनिवास अय्यर, लालगुडी जयारमन।

**Q.215**. शास्त्रीय नृत्य रूपों को प्रोत्साहन देने में अपने अद्वितीय योगदान के लिए तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के निवासी नर्तक के रूप में किसे सम्मानित किया गया था?
SSC CGL 17/07/2023 (2nd shift)
(a) उमा शर्मा (b) रुक्मिणी देवी
(c) यामिनी कृष्णमूर्ति (d) रागिनी देवी

**Sol.215.(c) यामिनी कृष्णमूर्ति**। वह भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी की एक भारतीय नृत्यांगना हैं, जिन्हें तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम की "अस्थाना नर्तकी" के रूप में मान्यता प्राप्त है। **पुरस्कार** - पद्म श्री (1968), पद्म भूषण (2001) और पद्म विभूषण (2016)। **उमा शर्मा** (कथक): पुरस्कार - पद्म श्री (1973), पद्म भूषण (2001)।

**Q.216.** होजागिरी नृत्य शैली को बढ़ावा देने के लिए सत्यराम रियांग को पद्म श्री प्राप्त हुआ था। वह निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित हैं?
SSC CGL 17/07/2023 (3rd shift)
(a) सिक्किम (b) मणिपुर (c) असम (d) त्रिपुरा

**Sol.216.(d) त्रिपुरा।** उनके अन्य पुरस्कार - पद्म श्री (2021), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1986)। होजागिरी नृत्य (रियांग समुदाय) ।

**Q.217.** निम्नलिखित भारतीय शास्त्रीय तबला वादकों में से किसे 'अब्बाजी' कहा जाता था? उन्होंने 1968 में अमेरिकी जैज़ ड्रमर बडी रिच (Buddy Rich) के साथ मिलकर एक संगीत एल्बम बनाया था।
SSC CGL 19/07/2023 (1st shift)
(a) तौफीक कुरैशी (b) जाकिर हुसैन
(c) फ़ज़ल कुरेशी (d) अल्ला रक्खा

**Sol.217.(d) अल्ला रक्खा**। वह पंजाब घराने से ताल्लुक रखते हैं। पुरस्कार: पद्म श्री (1977) और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1982)।

**Q.218.** निम्नलिखित में से कौन सी शख्सियत संगीत वाद्य मैंडोलिन से जुड़ी है?
SSC CGL 19/07/2023 (4th shift)
(a) बृज भूषण काबरा (b) विश्व मोहन भट
(c) यू. श्रीनिवास (d) एम. एस. गोपालकृष्णन

**Sol.218.(c) यू. श्रीनिवास** (उप्पलापु श्रीनिवास) - वह कर्नाटक शास्त्रीय संगीत में एक भारतीय सारंगी वादक थे। **पुरस्कार :** पद्म श्री (1998), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2009)।

**Q.219.** भारत की निम्नलिखित कथक नर्तकियों में से किसने 1964 में कदम्ब (KADAMB) नृत्य केंद्र की स्थापना की थी?
SSC CGL 20/07/2023 (1st shift)
(a) शोवना नारायण (b) सितारा देवी
(c) रोहिणी भाटे (d) कुमुदिनी लाखिया

**Sol.219.(d) कुमुदिनी लाखिया:** पुरस्कार - पद्म श्री (1987), पद्म भूषण (2010), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1982), कालिदास सम्मान (2002-03)।

**Q.220.** शिवपुत्र सिद्धरामय्या कोमकलीमठ निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय गायक का मूल नाम है ?
SSC CGL 21/07/2023 (1st shift)
(a) पंडित ओंकारनाथ ठाकुर
(b) पंडित कुमार गंधर्व
(c) पंडित जसराज
(d) पंडित दिनकर कैकिनी

**Sol.220.(b) पंडित कुमार गंधर्व**। पुरस्कार - पद्म विभूषण (1990)। पंडित जसराज (रसराज) - मेवाती घराना ।

**Q.221.** बनारस घराने के पंडित किशन महाराज एक ________ वादक थे।
SSC CGL 21/07/2023 (2nd shift)
(a) संतूर (b) बाँसुरी (c) सारंगी (d) तबला

**Sol.221.(d) तबला ।** किशन महाराज के पुरस्कार - पद्म श्री (1973), पद्म विभूषण (2002)।

**Q.222.** पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित वी. सत्यनारायण शर्मा को निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली के लिए जाना जाता था?
SSC CGL 21/07/2023 (2nd shift)
(a) ओडिसी (b) भरतनाट्यम
(c) कथक (d) कुचिपुड़ी

**Sol.222.(d) कुचिपुड़ी ।** पुरस्कार: संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1961), पद्म श्री (1970), संगीत नाटक अकादमी रत्न (1967), कालिदास सम्मान (1988)। कुचिपुड़ी के प्रसिद्ध नर्तक- इंद्राणी बाजपाई, यामिनी कृष्णमूर्ति, लक्ष्मी नारायण शास्त्री।

**Q.223.** पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित दर्शन झावेरी भारत की एक ________ नृत्यांगना हैं।
SSC CGL 21/07/2023 (3rd shift)
(a) कथकली (b) भरतनाट्यम
(c) कथक (d) मणिपुरी

**Sol.223.(d) मणिपुरी**। दर्शना झावेरी चार झावेरी बहनों (नयना, रंजना, सुवर्णा और दर्शना) में सबसे छोटी हैं। वह 1972 में स्थापित मणिपुरी नृत्यालय के संस्थापकों में से एक हैं। पुरस्कार : संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1996), पद्म श्री (2002)।

**Q.224.** उस्ताद हस्सू खान संगीत के निम्नलिखित में से किस घराने के संस्थापकों में से एक थे?
SSC CGL 24/07/2023 (2nd shift)
(a) रामपुर (b) आगरा (c) ग्वालियर (d) पटियाला

**Sol.224.(c) ग्वालियर घराना:** सबसे पुराना ख्याल घराना । गायक - विष्णु दिगंबर पलुस्कर, निसार हुसैन खान, उल्हास कसालकर। घराने और उनके संस्थापक: रामपुर - उस्ताद इनायत हुसैन खान, आगरा - हाजीसुजान खान, किराना - अब्दुल करीम खान।

**Q.225.** रामकृष्ण तालुकदार को सत्रीया नृत्य शैली में उनके योगदान के लिए 2018 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला। यह नृत्य शैली किस राज्य से संबंधित है ?
SSC CGL 24/07/2023( 3rd shift)
(a) पश्चिम बंगाल (b) असम
(c) मेघालय (d) झारखंड

**Sol.225.(b) असम ।** रामकृष्ण तालुकदार: पुरस्कार - असोम गौरव, संगीत ज्योति पुरस्कार, नृत्य रत्न, कला गौरव। इसे 2000 में संगीत नाटक अकादमी द्वारा शास्त्रीय नृत्य का दर्जा दिया गया था।

**Q.226.** लता मंगेशकर का जन्म ब्रिटिश भारत के निम्नलिखित में से किस शहर में हुआ था?
SSC CGL 24/07/2023( 4th shift)
(a) बॉम्बे (b) कलकत्ता (c) लखनऊ (d) इंदौर

**Sol.226.(d) इंदौर। लता मंगेशकर -** वह भारत की पार्श्व गायिका और संगीतकार थीं। **पुरस्कार**: पद्म भूषण (1969), पद्म विभूषण (1999) और भारत रत्न (2001), महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार (1997), दादा साहब फाल्के पुरस्कार (1989)। उपाधि: "स्वर कोकिला" और "वॉयस ऑफ़ द मिलेनियम"। पहला गीत - 'आएगा आने वाला' (1942, महल)।

**Q.227.** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित अखम लक्ष्मी देवी निम्नलिखित में से किस नृत्य के लिए प्रसिद्ध हैं ?
SSC CGL 25/07/2023( 4th shift)
(a) कथक (b) ओडिसी (c) सत्त्रिया (d) मणिपुरी

**Sol.227.(d) मणिपुरी नृत्य** । अखम लक्ष्मी: पुरस्कार - संगीत नाटक अकादमी (2018), मणिपुर राज्य कला अकादमी पुरस्कार (2010)।

**Q.228.** कथक के बनारस घराने के संस्थापक कौन थे ?
SSC CGL 27/07/2023 (3rd shift)
(a) ईश्वरी प्रसाद (b) शंभू महाराज
(c) राजा चक्रधर सिंह (d) जानकी प्रसाद

**Sol.228.(d) जानकी प्रसाद** । प्रमुख नृत्यांगना - सितारा देवी, कमलिनी अस्थाना और नलिनी अस्थाना। **ईश्वरी प्रसाद** - लखनऊ घराने के संस्थापक; प्रसिद्ध नर्तक - पंडित बिरजू महाराज। **शंभू महाराज** - लखनऊ घराने के प्रसिद्ध गुरु।

**Q.229.** 1973 में मद्रास संगीत अकादमी द्वारा तंजौर बालासरस्वती को किस नृत्य में योगदान के लिए संगीत कलानिधि की उपाधि से सम्मानित किया गया था ?
Graduate Level 27/06/2023 ( Shift - 4)
(a) कथकली (b) भरतनाट्यम
(c) मोहिनीअट्टम (d) कथक

**Sol.229.(b) भरतनाट्यम।** तंजौर बालासरस्वती: पुरस्कार - संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1955) और पद्म विभूषण (1977)।

**Q.230.** शाहिद परवेज खान, बुधादित्य मुखर्जी, अनुष्का शंकर और हर शंकर भट्टाचार्य निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र के प्रसिद्ध वादक हैं ?
Graduate Level 28/06/2023 ( Shift - 3)
(a) वीणा (b) सितार
(c) मोहन वीणा (d) सुरबहार

**Sol.230.(b) सितार** - तार से बजाया जाने वाला वाद्य यंत्र। **सितार वादक** - रविशंकर, अन्नपूर्णा देवी, उस्ताद रईस खान और उस्ताद अब्दुल जाफर खान।

**Q.231.** 1953 में महारानी एलिजाबेथ - II के राज्याभिषेक समारोह में प्रस्तुति देने के लिए निम्नलिखित में से किस नृत्यांगना को बुलाया गया था
Graduate Level 28/06/2023 ( Shift - 3)
(a) मृणालिनी साराभाई
(b) सितारा देवी
(c) रुक्मिणी देवी अरुंडेल
(d) कमला लक्ष्मी नारायणन

**Sol.231.(d) कमला लक्ष्मी नारायणन** (भरतनाट्यम)। **पुरस्कार** - पद्म भूषण (1970), लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (2004), नाट्य पद्मम (2007), प्लैटिनम जुबली अवार्ड (2002)।

**Q.232**. वसुंधरा दोरास्वामी को निम्नलिखित में से किसमें उनके योगदान के लिए वर्ष 2019 के लिए संगीत नाटक अकादमी अवार्ड (अकादमी पुरस्कार) से सम्मानित किया गया?
Graduate Level 30/06/2023 ( Shift - 1)
(a) भरतनाट्यम (b) कुचिपुड़ी
(c) ओडिसी (d) कथक

**Sol.232.(a) भरतनाट्यम** (तमिलनाडु) । वह एकमात्र भरतनाट्यम नृत्यांगना हैं जिन्हें यूनेस्को के तत्वावधान में पेरिस में 'विश्व शांति' सम्मेलन में प्रदर्शन के लिए भारत से आमंत्रित किया गया है। उन्हें "शांतला नाट्य श्री पुरस्कार" - कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा नृत्य के लिए सर्वोच्च राज्य पुरस्कार और राज्योत्सव पुरस्कार (कर्नाटक राज्य) से सम्मानित किया गया था।

**Q.233.** 2000 में पद्म विभूषण से सम्मानित हुए उड़ीसा के प्रथम नर्तक का नाम बताएं।
Graduate Level 30/06/2023 ( Shift - 1)
(a) गुरु श्यामा चरण पति
(b) गुरु बिपिन सिंह
(c) गुरु मायाधर राउत
(d) गुरु केलुचरण महापात्र

**Sol.233.(d) गुरु केलुचरण महापात्र। पुरस्कार -** पद्म भूषण (1988), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1966), कालिदास सम्मान (1987)।

**Q.234.** ज्योति प्रसाद अग्रवाल ________राज्य 'रूपकोंवर' नाम से लोकप्रिय संगीतकार थे।
Higher Secondary 27/06/2023 ( Shift - 3)
(a) मध्य प्रदेश (b) राजस्थान
(c) गुजरात (d) असम

**Sol.234.(d) असम। ज्योति प्रसाद अग्रवाल** - असम के प्रथम फिल्म निर्माता। उन्होंने प्रथम असमिया फिल्म - 'जॉयमोती' (1935) बनाई। **उनके प्रसिद्ध नाटक** - 'सोनित - कोनवारी', 'रूपालिम', 'करेंगर लिगिरी', 'लोभिता' और 'जॉयमोती'। उनकी पुण्य तिथि (17 जनवरी) को असम में 'सिल्पी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

**Q.235.** प्रसिद्ध नृत्यांगना यामिनी कृष्णमूर्ति ने वर्ष 1990 में ____ में यामिनी स्कूल ऑफ़ डांस खोला।
Higher Secondary 28/06/2023 ( Shift - 2)
(a) मुंबई (b) दिल्ली (c) चेन्नई (d) हैदराबाद

**Sol.235.(b) दिल्ली।** यामिनी कृष्णमूर्ति - पुरस्कार - पद्म श्री (1968), संगीत नाटक अकादमी (1997), पद्म भूषण (2001), पद्म विभूषण (2016), "नाट्य शास्त्र" पुरस्कार (2014)। आत्मकथा - "ए पैशन फॉर डांस"।

**Q.236.** निम्नलिखित में से कौन अहमदाबाद शहर में नृत्य, नाटक, संगीत और कठपुतली में छात्रों को प्रशिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित करने वाली संस्था 'दर्पण एकेडमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की संस्थापक और निदेशक थीं?
Higher Secondary 30/06/2023 ( Shift - 2)
(a) अमला शंकर (b) सितारा देवी
(c) पद्मिनी चेट्टूर (d) मृणालिनी साराभाई

**Sol.236.(d) मृणालिनी साराभाई ।** दर्पण अकादमी की स्थापना 1949 में भरतनाट्यम और कथकली की नृत्यांगना मृणालिनी साराभाई ने की थी।

**Q.237.** निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को ग्रैमी और ऑस्कर दोनों पुरस्कार प्राप्त हुए हैं?
Matric Level 27/06/2023 (Shift - 1)
(a) जावेद अख्तर (b) जगजीत सिंह
(c) गुलज़ार (d) अमिताभ भट्टाचार्य

**Sol.237.(c) गुलज़ार** (सम्पूर्ण सिंह कालरा) हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध गीतकार हैं। पुरस्कार - राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार (1991, 1988)। फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार (2021, 2019, 2013)। अकादमी पुरस्कार (2009)। पद्म भूषण (2004)। **जावेद अख्तर**: कवि और गीतकार और हिंदी फिल्मों के पटकथा लेखक हैं। पुरस्कार: पद्म श्री (1999), पद्म भूषण (2007)।

**Q.238.** 'संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार' से सम्मानित रतिकांत महापात्र को भारत के निम्नलिखित शास्त्रीय नृत्यों में से किस शास्त्रीय नृत्य के लिए जाना जाता है?
Matric Level 27/06/2023 (Shift - 1)
(a) ओडिसी (b) मणिपुरी
(c) कथक (d) कथकली

**Sol.238.(a) ओडिसी (2016)। अन्य पुरस्कार:** भूमिपुत्र सम्मान (2016), नृत्य चूड़ामणि (2014)। **संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (ओडिसी)** - पंकज चरण दास (1970), देबा प्रसाद दास (1970), मायाधर राउत (1985), सोनल मानसिंह (1987), कुमकुम मोहंती (1994), गंगाधर प्रधान (1997), गीता महालिक (2009 ), अरुणा मोहंती (2010), सुजाता महापात्रा (2017), सुरूपा सेन (2018), सुतापा तालुकदार (2019), रवीन्द्र अतिबुद्धि (2020)।

**Q.239.** नृत्यांगना युगल कमलिनी और नलिनी अस्थाना को 2022 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया है। वे निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली के लिए प्रसिद्ध हैं?
Matric Level 27/06/2023 (Shift - 2)
(a) कुचिपुड़ी (b) मणिपुरी
(c) भरतनाट्यम (d) कथक

**Sol.239.(d) कथक ।** कमलिनी अस्थाना और नलिनी अस्थाना (आगरा, उत्तर प्रदेश) को कथक की बनारस घराना शैली के प्रदर्शन के लिए जाना जाता है।

**Q.240.** सुरूपा सेन एक मशहूर ___ नृत्यांगना हैं।
Matric Level 28/06/2023 (Shift - 4)
(a) कथक (b) कथकली

(c) ओड़िसी (d) भरतनाट्यम्

**Sol.240.(c) ओड़िसी।** सुरूपा सेन के पुरस्कार : संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2018), रज़ा फाउंडेशन पुरस्कार (2006)।

**Q.241.** निम्नलिखित में से किसे कथक के लिए उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार 2017 से सम्मानित किया गया था?
Matric Level 30/06/2023 (Shift - 3)
(a) जितेंद्र महाराज (b) राजेंद्र गंगानी
(c) गीतांजलि लाल (d) विधा लाल

**Sol.241.(d) विधा लाल।** वह जयपुर घराने की कथक नृत्यांगना गीतांजलि लाल की शिष्या हैं। **पुरस्कार**: 'श्री कृष्ण गण सभा एंडोमेंट अवार्ड (2010) और एक मिनट में सबसे अधिक स्पिन (103) के लिए गिनीज विश्व रिकॉर्ड (2011)।

**Q.242.** पापनासम सिवन निम्नलिखित में से किस संगीत से संबंधित थे?
Matric Level 30/06/2023 (Shift - 3)
(a) कर्नाटक (b) पंजाबी (c) ख्याल (d) ध्रुपद

**Sol.242.(a) कर्नाटक**। **पापनासम सिवन पुरस्कार:** पद्म भूषण (1972), संगीत नाटक अकादमी फेलो (1962), राष्ट्रपति पुरस्कार (1962)।

**Q.243.** निम्नलिखित संगीतकारों में से किसे मिकी हार्ट, सिकिरू अदेपोजू और जियोवानी हिडाल्गो के साथ उनके सहयोगी एलबम 'ग्लोबल ड्रम प्रोजेक्ट' में योगदान के लिए संगीत एलबम श्रेणी में ग्रैमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
Matric Level 30/06/2023 (Shift - 4)
(a) रिकी केज (b) विक्कू विनायकराम
(c) ज़ाकिर हुसैन (d) ए आर रहमान

**Sol.243.(c) जाकिर हुसैन।** पुरस्कार - पद्म श्री (1988), पद्म भूषण (2002), पद्म विभूषण (2023) नेशनल हेरिटेज फ़ेलोशिप (1999), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1990), कालिदास सम्मान (2006), गुरु गंगाधर प्रधान लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (2012 में कोणार्क नृत्य और संगीत समारोह), ग्रैमी पुरस्कार (1992 और 2009)।

**Q.244.** इलियास खान का जन्म लखनऊ के संगीतकारों के घराने में हुआ था। वह ______ बजाने के लिए जाने जाते थे।
SSC MTS 02/05/2023 (Morning)
(a) तबला (b) सितार (c) वीना (d) मृदंगम

**Sol.244.(b) सितार। इलियास खान** (1924 -1989) - वह अब्दुल गनी खान (कालपी के ध्रुपद गायक) के शिष्य थे। उनके पिता सरोद वादकों के शाहजहाँपुर घराने से थे, जबकि उनकी माँ सरोद वादकों के लखनऊ घराने से थीं।

**Q.245.** भारतीय संगीतकार और कंपोज़र पंडित शिव कुमार शर्मा___के एक सर्वश्रेष्ठ प्रतिपादक थे।
SSC MTS 02/05/2023 (Afternoon)
(a) गिटार (b) संतूर
(c) हारमोनियम (d) वायलिन

**Sol.245.(b) संतूर। पंडित शिव कुमार शर्मा** (जम्मू और कश्मीर) **पुरस्कार -** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1986), पद्मश्री (1991) और पद्म विभूषण (2001) ।

**Q.246.** उस्ताद शफात अहमद खान निम्नलिखित में से किस वादय यंत्र के लिए प्रसिद्ध थे?
SSC MTS 03/05/2023 (Afternoon)
(a) तबला (b) रुद्र वीणा
(c) वायलिन (d) हारमोनियम

**Sol.246.(a) तबला । उस्ताद शफ़ात अहमद खान** (दिल्ली घराना)। **पुरस्कार** - 2003 में पद्म श्री पुरस्कार। प्रसिद्ध तबला वादक - जाकिर हुसैन, त्रिलोक गुर्टू, किशन महाराज, अल्ला रक्खा। रुद्र वीणा वादक - असद अली खान।

**Q.247.** वी. सत्यनारायण शर्मा को वर्ष 1970 में ______ नृत्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।
SSC MTS 03/05/2023 (Evening)
(a) कुचिपुडी (b) ओडिसी
(c) मणिपुरी (d) कथक

**Sol.247.(a) कुचिपुड़ी -** इसका उद्गम कुचिपुड़ी (आंध्र प्रदेश) नामक गाँव से होता है। पुरस्कार - पद्म श्री (1970), संगीत नाटक अकादमी फ़ेलोशिप (1967), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1961), कालिदास सम्मान (1988)।

**Q.248.** निम्नलिखित में से किसे वर्ष 2001 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था और जिन्हें शहनाई को विवाह मंडप से कंसर्ट हॉल तक ले जाने का श्रेय भी ही दिया जाता है?
SSC MTS 03/05/2023 (Evening)
(a) रवि शंकर (b) अली अकबर खान
(c) हरिप्रसाद चौरसिया (d) बिस्मिल्लाह खान

**Sol.248.(d) बिस्मिल्लाह खान (उस्ताद)। पुरस्कार:** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1956), संगीत नाटक अकादमी फ़ेलोशिप (1994), केरल सरकार द्वारा स्वाति संगीत पुरस्कार (1998), कर्नाटक सरकार द्वारा टी चौदय्या राष्ट्रीय पुरस्कार (1995), ईरान गणराज्य से ताहर मौसिक (1992), मध्य प्रदेश सरकार द्वारा तानसेन पुरस्कार।

**Q.249.** निम्नलिखित में से किसे 'ठुमरी की रानी' के नाम से जाना जाता था?
SSC MTS 04/05/2023 (Morning)
(a) सिद्धेश्वरी देवी (b) गिरिजा देवी
(c) गंगूबाई हंगल (d) बेगम परवीन सुल्ताना

**Sol.249.(b) गिरिजा देवी। पुरस्कार -** पद्म श्री (1972), पद्म भूषण (1989), पद्म विभूषण (2016), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1977), संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप (2010)।

**Q.250.** मशहूर कलाकार सितारा देवी की 101वीं जयंती पर निर्माता राज सी आनंद (Raj C Anand) ने उनके जीवन पर एक चलचित्र बनाने की घोषणा की है। सितारा देवी एक प्रसिद्ध ____ नर्तकी थीं।
SSC MTS 04/05/2023 (Morning)
(a) कथक (b) ओडिसी
(c) कथकली (d) कुचिपुड़ी

**Sol.250.(a) कथक। सितारा देवी: पुरस्कार -** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1969), पद्म श्री (1973), कालिदास सम्मान (1995)।

**Q.251.** प्रसिद्ध भारतीय संगीतकार उस्ताद अलाउद्दीन खाँ का संबंध निम्न में से किस वाद्य यंत्र से है ?
SSC MTS 08/05/2023 (Morning)
(a) सुरबहार (b) संतूर (c) सरोद (d) सितार

**Sol.251.(c) सरोद। पुरस्कार** - पद्म भूषण (1958), पद्म विभूषण (1971), संगीत नाटक अकादमी (1954)।

**Q.252.** सास्वती सेन 2004 - 2005 के संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार की एक गौरवान्वित प्राप्तकर्ता हैं। वह किस नृत्य शैली के लिए पहचानी जाती हैं?
SSC MTS 09/05/2023 (Morning)
(a) कथक (b) कुचिपुड़ी
(c) मणिपुरी (d) मोहिनीअट्टम

**Sol.252.(a) कथक। सास्वती सेन,** पंडित बिरजू महाराज की वरिष्ठ शिष्या थीं ।

**Q.253.** निम्नलिखित में से कौन भारत रत्न से सम्मानित होने वाले पहले संगीतकार थे?
SSC MTS 09/05/2023 (Afternoon)
(a) सेम्मनगुडी श्रीनिवास अय्यर
(b) गिरिजा देवी
(c) सिद्धेश्वरी देवी
(d) एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी

**Sol.253.(d) एम एस सुब्बुलक्ष्मी** कर्नाटिक संगीत के लिए प्रसिद्ध हैं और 1966 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रदर्शन करने वाली पहली भारतीय शास्त्रीय संगीतकार थीं। **पुरस्कार**: भारत रत्न (1998), रेमन मैग्सेसे पुरस्कार (1974), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1956)।

**Q.254.** निम्नलिखित में से ग्रैमी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त करने वाले पहले भारतीय संगीतकार कौन थे ?
SSC MTS 09/05/2023 (Evening)
(a) बिस्मिल्लाह खान (b) पंडित रविशंकर
(c) हरिप्रसाद चौरसिया (d) उस्ताद ज़ाकिर हुसैन

**Sol.254.(b) पंडित रविशंकर** (1999 में भारत रत्न)। इन्होने 1967 में 'वेस्ट मीट्स ईस्ट' के लिए सर्वश्रेष्ठ चैंबर संगीत प्रदर्शन का पुरस्कार मिला । **ग्रैमी पुरस्कार** प्रतिवर्ष संयुक्त राज्य अमेरिका की रिकॉर्डिंग अकादमी द्वारा प्रदान किये जाते हैं । प्रथम ग्रैमी पुरस्कार समारोह - 4 मई, 1959। **अन्य भारतीय ग्रैमी प्राप्तकर्ता**- ज़ुबिन मेहता (1981, सर्वश्रेष्ठ शास्त्रीय प्रदर्शन), टी. एच. विनायकराम और जाकिर हुसैन (1991, सर्वश्रेष्ठ विश्व संगीत एल्बम), विश्व मोहन भट्ट (1993, सर्वश्रेष्ठ विश्व संगीत एल्बम)।

**Q.255.** निम्नलिखित में से किस गायक को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है
SSC MTS 10/05/2023 (Afternoon)
(a) सोनू निगम (b) आशा भोसले
(c) नेहा कक्कड़ (d) अरिजीत सिंह

**Sol.255.(b) आशा भोसले -** उन्हें **2000** में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। **पुरस्कार** - पद्म विभूषण (2008),

महाराष्ट्र भूषण (2021)। पुरस्कार: **सोनू निगम** - पद्म श्री (2022)। दादा साहब फाल्के पुरस्कार की पहली प्राप्तकर्ता देविका रानी थीं जिन्हें यह पुरस्कार 1969 में मिला था।

**Q.256.** सरोजा वैद्यनाथन को _______ में शास्त्रीय नृत्य के लिए कालिदास सम्मान मिला था।
SSC MTS 10/05/2023 (Evening)
(a) 2009 - 10 (b) 2020 - 21
(c) 2001 - 02 (d) 2002 - 03

**Sol.256.(a) 2009-10 । सरोजा वैद्यनाथन** (भरतनाट्यम)। **उनके पुरस्कार**: पद्म भूषण (2013), पद्म श्री (2002), भारत कला सुंदर (2006)। उनकी पुस्तकें:- " द साइंस ऑफ़ भरतनाट्यम " । कालिदास सम्मान के पहले प्राप्तकर्ता (1980) - सेम्मनगुडी श्रीनिवास अय्यर (शास्त्रीय संगीत) और मल्लिकार्जुन मंसूर (शास्त्रीय संगीत) है।

**Q.257.** इस जानी-मानी भारतीय संगीत क्षेत्र से जुड़ी शख़्सियत को पहचानें। वर्ष 2011 में, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने आधिकारिक तौर पर उन्हें संगीत इतिहास में सबसे अधिक गाने रिकॉर्ड करने वाली कलाकार के रूप में मानित किया था ।
SSC MTS 10/05/2023 (Evening)
(a) आशा भोसले (b) श्रेया घोषाल
(c) उषा उत्थुप (d) अलका याग्निक

**Sol.257.(a) आशा भोसले।** उन्होंने 20 से अधिक भारतीय और विदेशी भाषाओं में 12000 से अधिक गाने रिकॉर्ड किए हैं। सितंबर 2009 में वर्ल्ड रिकॉर्ड्स अकेडमी ने उन्हें दुनिया में "सर्वाधिक रिकॉर्डेड कलाकार" के रूप में प्रमाणित किया।

**Q.258.** लता मंगेशकर ने एक ______फिल्म के लिए अपना पहला पार्श्व गीत रिकॉर्ड किया।
SSC MTS 11/05/2023 (Morning)
(a) बंगाली (b) पंजाबी (c) मराठी (d) तमिल

**Sol.258.(c) मराठी। लता मंगेशकर** - उन्होंने 1942 में 13 साल की उम्र में मराठी फिल्म किती हसाल के लिए अपना पहला गाना "नाचू या गड़े, खेलु सारी मणि हौस भारी" रिकॉर्ड किया और 2019 में अपना आखिरी गाना 'सौगंध मुझे इस मिट्टी की' रिकॉर्ड किया।

**Q.259.** अल्ला रक्खा ने 12 साल की उम्र में महान गुरु (उस्ताद ) मियां कादिर बख्श की शागिर्दी में एक संगीत वाद्ययंत्र सीखने के लिए घर छोड़ दिया था। वह _____ के एक प्रसिद्ध वादक बने।
SSC MTS 12/05/2023 (Morning)
(a) सरोद (b) सारंगी (c) तबला (d) सितार

**Sol.259.(c) तबला।** अल्ला रक्खा को हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में विशेषज्ञता हासिल थी। उनका जन्म घगवाल (जम्मू-कश्मीर) में हुआ था। वह तबला और पखावज के वादक है। **पुरस्कार**: पद्म श्री (1977) और संगीत नाटक अकादमी (1982)।

**Q.260.** निम्नलिखित में से किसका संबंध तबला से नहीं है ?
SSC MTS 12/05/2023 (Evening)
(a) शकूर खान (b) ज्ञान प्रकाश घोष
(c) साबिर खान (d) संदीप दास

**Sol.260.(a) शकूर खान - सारंगी** वादक, किराना घराने से संबंधित। पद्म श्री (1973)।

**Q.261.** किसने भरतनाट्यम में 'पंडानल्लूर (Pandanallur) शैली' को लोकप्रिय बनाया और 2004 में पद्म भूषण प्राप्त किया?
SSC MTS 15/05/2023 (Morning)
(a) कुमारी कमला (b) माधुरी दीक्षित
(c) मल्लिका साराभाई (d) अलार्मेल वल्ली

**Sol.261.(d) अलार्मेल वल्ली।** वैजयंतीमाला के बाद, अलार्मेल वल्ली भारत सरकार से पद्म श्री (1991 में) से सम्मानित होने वाली दूसरी सबसे कम उम्र की नर्तकी थीं।

**Q.262.** निम्नलिखित में से कौन एक प्रसिद्ध सरोद वादक है ?
SSC MTS 15/05/2023 (Evening)
(a) नीलाद्री कुमार (b) विलायत ख़ाँ
(c) एन. रमणी (d) ज़रीन शर्मा

**Sol.262.(d) ज़रीन शर्मा -** वह ख़याल (आगरा घराने) की प्रसिद्ध सरोद वादक थीं। **पुरस्कार** - संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1988), महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार (1990), दादा साहब फाल्के अकादमी पुरस्कार (2007)।

**Q.263.** भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना सोनल मानसिंह को निम्नलिखित में से किन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया ?
SSC MTS 16/05/2023 (Afternoon)
(a) पद्म भूषण और पद्म श्री
(b) पद्म भूषण और भारत रत्न
(c) पद्म भूषण और पद्म विभूषण
(d) पद्म विभूषण और पद्म श्री

**Sol.263.(c) सोनल मानसिंह** एक भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना हैं। ये 1992 में पद्म भूषण पुरस्कार पाने वाली सबसे कम उम्र की प्राप्तकर्ता थीं। 2003 में, वह बालासरस्वती के बाद भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से सम्मानित होने वाली दूसरी भारतीय महिला नर्तक बनीं।

**Q.264.** विदुषी शरण रानी किस वाद्ययंत्र की प्रसिद्ध वादक हैं ?
SSC MTS 16/05/2023 (Evening)
(a) बांसुरी (b) सितार (c) तबला (d) सरोद

**Sol.264.(d) सरोद**। वह भारत की पहली महिला सरोद वादक हैं। उन्हें 2000 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

**Q.265.** भारत में 'मेलोडी क्वीन' के नाम से किसे जाना जाता है ?
SSC MTS 17/05/2023 (Morning)
(a) ज़रीन एस. शर्मा (b) लता मंगेशकर
(c) शुभा मुद्गल (d) अनुराधा पौडवाल

**Sol.265.(b) लता मंगेशकर** (बॉलीवुड की स्वर कोकिला, मिलेनियम की आवाज)।

**Q.266.** श्री दीपक मजूमदार को वर्ष _______का संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला।
SSC MTS 17/05/2023 (Afternoon)
(a) 2016 (b) 2019 (c) 2017 (d) 2018

**Sol.266.(d) 2018** (समसामयिक नृत्य में उनके योगदान के लिए)। **दीपक मजूमदार**: स्थापित - मुंबई में शिलाधीश कला और अनुसंधान संस्थान। **पुरस्कार एवं सम्मान** - महाराष्ट्र गौरव; कला रत्न (आंध्र प्रदेश), भारतांजलि ट्रस्ट द्वारा आचार्य नृत्य सुंदरम (2007)।

**Q.267.** निम्नलिखित में से किसे वर्ष 1986 में 'पद्म विभूषण ' से सम्मानित किया गया था और उन्होंने देवदास फिल्म के प्रसिद्ध गीत 'काहे छेड़ मोहे (Kahe Chhed Mohe)' और बाजीराव मस्तानी के 'मोहे रंग दो लाल को कोरियोग्राफ किया था?
SSC MTS 17/05/2023 (Evening)
(a) बिरजू महाराज (b) उदय शंकर
(c) बिपिन सिंह (d) केलुचरण महापात्र

**Sol.267.(a) बिरजू महाराज**। ये कथक (उत्तर प्रदेश का शास्त्रीय नृत्य) नृत्य शैली से जुड़े थे। संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1964)।

**Q.268**. "बॉम्बे " जयश्री रामनाथ भारत की एक प्रसिद्ध _______गायिका हैं
SSC MTS 18/05/2023 (Morning)
(a) कर्नाटक (b) लोक (c) जैज़ (d) हिप हॉप

**Sol.268.(a) कर्नाटक । बॉम्बे जयश्री रामनाथ** (2021 में पद्मश्री) ने तमिल, तेलुगु, कन्नड़ सहित कई भाषाओं में गीत गाया है। प्रसिद्ध कर्नाटिक गायक - एम. एस. सुब्बुलक्ष्मी, एस. सौम्या, एम. बालामुरलीकृष्ण, नित्यश्री महादेवन। प्रसिद्ध लोक गायक: मामे खान, स्वरूप खान, इला अरुण, नूरां बहनें, द वडाली ब्रदर्स, मालिनी अवस्थी, दीपाली बोरठाकुर, कोल्लांगुडी करुप्पायी। प्रसिद्ध जैज़ गायक: शंकर-जयकिशन, त्रिलोक गुर्टू, लुइज़ बैंक्स। प्रसिद्ध हिप-हॉप गायक: डिवाइन, नैज़ी, राजा कुमारी, ब्रोधा वी।

**Q.269.** निम्नलिखित में से किसे मणिपुर के महाराजा द्वारा प्रदान की गई 'नृत्याचार्य (Nrityacharya)' की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया गया था?
SSC MTS 18/05/2023 (Afternoon)
(a) गुरु बिपिन सिंह (b) रुक्मिणी देवी
(c) उदय शंकर (d) गुरु केलुचरण महापात्र

**Sol.269.(a) गुरु बिपिन सिंह**।

**Q.270.** निम्नलिखित में से किसे व्यापक रूप से संगीत, नाट्य प्रदर्शन, भाषा और 'सत्रिया' नृत्य के नए रूपों को पेश करने का श्रेय दिया जाता है?
SSC MTS 19/05/2023 (Morning)
(a) पद्मा सुब्रह्मण्यम (b) श्रीमंत शंकरदेव
(c) उदय शंकर (d) शोवना नारायण

**Sol.270.(b) श्रीमंत शंकरदेव:** उन्हें अतीत के सांस्कृतिक अवशेषों के निर्माण और संगीत के नए रूप (बोरगीत), नाट्य प्रदर्शन (अंकिया नाट, भाओना), नृत्य (सत्रिया), साहित्यिक भाषा (ब्रजावली) तैयार करने का व्यापक रूप से श्रेय दिया जाता है। **लोकप्रिय सत्रिया नर्तक** - गुरु जतिन गोस्वामी, रंजुमोनी सैकिया गुरु घनकांता बोरा, माणिक बारबायन और भाबानंद बारबायन और स्वर्गीय मोनीराम दत्ता।

**Q.271.** बृजभूषण काबरा का संबंध निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र से है?
SSC MTS 19/05/2023 (Afternoon)

(a) शहनाई (b) गिटार (c) वायलिन (d) बाँसुरी

**Sol.271.(b) गिटार।** बृजभूषण काबरा, जोधपुर राजपरिवार से संबंधित है। वह गिटार पर राग बजाने वाले पहले कलाकार थे ।

**Q.272.** वर्ष 2015 के साल्ज़बर्ग महोत्सव (Salzburg Festival) में नृत्य प्रदर्शन करने के लिए किसे एक राजसी भारतीय शास्त्रीय नर्तक के रूप में जाना जाता है?
SSC MTS 19/05/2023 (Evening)
(a) तंजौर बालासरस्वती
(b) अलार्मेल वल्ली
(c) कुमारी कमला
(d) वी. सत्यनारायण सरमा

**Sol.272.(b) अलार्मेल वल्ली:** भरतनाट्यम की पांडनल्लूर शैली के प्रतिपादक है। **पुरस्कार** - पद्म भूषण (2004), शेवेलियर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स पुरस्कार (2004), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2001)।

**Q.273.** जयंती कुमारेश _____की सर्वश्रेष्ठ वादकों में से एक हैं।
SSC MTS 13/06/2023 (Morning)
(a) संतूर (b) तबला (c) सितार (d) वीणा

**Sol.273.(d) वीणा। जयंती कुमारेश** को सरस्वती वीणा में महारत हासिल करने के लिए जाना जाता है, जो एक तार से बजाया जाने वाला वाद्ययंत्र है, जो कर्नाटिक संगीत में सबसे महत्वपूर्ण वाद्ययंत्रों में से एक है। **पुरस्कार -** संगीत शिखर सम्मान पुरस्कार (2019); संगीत अकादमी पुरस्कार (2015)।

**Q.274.** अली अकबर खाँ का संबंध इनमें से किस वाद्ययंत्र से है?
SSC MTS 13/06/2023 (Afternoon)
(a) शहनाई (b) सरोद (c) तबला (d) सितार

**Sol.274.(b) सरोद। अली अकबर खाँ :** घराना - मैहर। उन्होंने 1956 में कलकत्ता में एक संगीत विद्यालय और 1967 में अली अकबर कॉलेज ऑफ़ म्यूज़िक की स्थापना की। उन्होंने 1940 के दशक में राग चंद्रनंदन ('मूनस्ट्रक') बनाया। **पुरस्कार -** पद्म भूषण (1967) और पद्म विभूषण (1989)।

**Q.275.** वर्ष 2019 में, भारत सरकार ने इटली में जन्मी कथकली नर्तकी, मिलिना साल्विनी को निम्नलिखित में से किस पुरस्कार से सम्मानित किया था ?
SSC MTS 13/06/2023 (Evening)
(a) पद्म श्री (b) भारत रत्न
(c) पद्म विभूषण (d) पद्म भूषण

**Sol.275.(a) पद्म श्री। मिलिना साल्विनी** - 1962 में केरल कलामंडलम में कथकली में प्रशिक्षण के लिए दो साल की छात्रवृत्ति प्राप्त की।

**Q.276.** नाहिद सिद्दीकी को अक्टूबर 2017 में मिलापफेस्ट के लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। वह किस नृत्य शैली के लिए जानी जाती हैं?
SSC MTS 14/06/2023 (Morning)
(a) ओडिसी (b) सत्रिया नृत्य
(c) कुचिपुड़ी (d) कथक

**Sol.276.(d) कथक।** नाहिद सिद्दीकी(पाकिस्तान में जन्म हुआ), दो महान शिक्षकों की शिष्या: महाराज कथक (पाकिस्तान) और बिरजू महाराज। **अन्य पुरस्कार** - प्राइड ऑफ परफॉर्मेंस (1994), टाइम आउट अवार्ड (1991), ब्रिटिश कल्चरल अवार्ड, इंटरनेशनल डांस अवार्ड।

**Q.277.** मणिपुरी शास्त्रीय नृत्य के लिए किस प्रसिद्ध महिला को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
SSC MTS 14/06/2023 (Morning)
(a) कलाबती देवी (b) देवयानी चालिया
(c) एलम इंदिरा देवी (d) चारु माथुर

**Sol.277.(c) एलम इंदिरा देवी** (मणिपुर)। वह एक भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना और शिक्षिका हैं। इन्होंने फिल्म 'मातमगी मणिपुर' में अभिनय की, जिसके लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (1972) प्राप्त हुआ। **अन्य पुरस्कार** - उत्कृष्टता पुरस्कार, नृत्य रानी उपाधि, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री पुरस्कार।

**Q.278.** इंदौर घराना भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रमुख मुखर घरानों में से एक है। इसकी स्थापना _________ने की थी।
SSC MTS 14/06/2023 (Morning)
(a) उस्ताद अमीर खान
(b) दोराइस्वामी वी. आयंगर
(c) डॉ लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम
(d) उस्ताद बुंदू खान

**Sol.278.(a) उस्ताद अमीर खान।** इंदौर घराने के अन्य शिष्य - पंडित अमरनाथ, शंकर लाल मिश्र, कंकना बनर्जी, पूर्वी मुखर्जी। **अन्य घराने और इसके संस्थापक** - ग्वालियर ख्याल शैली (उस्ताद नाथन पीर बख्श), आगरा (हाजीसुजान खान), रंगीला (फैय्याज खान), जयपुर (अल्लादिया खान) ।

**Q.279.** भारत के तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम मंदिर द्वारा किस प्रसिद्ध भारतीय नर्तक को अस्थाना नर्तकी ("निवासी नर्तक") की उपाधि दी गई थी?
SSC MTS 15/06/2023 (Afternoon)
(a) मंजम्मा जोगती
(b) यामिनी कृष्णमूर्ति
(c) रुक्मिणी देवी अरुंडेल
(d) लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी

**Sol.279.(b) यामिनी कृष्णमूर्ति।**

**Q.280.** निम्नलिखित में से कौन कुचिपुड़ी नृत्य शैली से संबंधित नहीं है?
SSC MTS 15/06/2023 (Evening)
(a) घनकांत बोरा बोरबायन (b) वैजयंती काशी
(c) वेम्पति चिन्ना सत्यम (d) राधा रेड्डी

**Sol.280.(a) घनकांत बोरा बोरबायन** (सत्रिया नृत्य)। **पुरस्कार** - पद्म श्री (2013), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2001)।

**Q.281.** निम्नलिखित में से कौन एक वैश्विक ख्याति प्राप्त सितार वादक है?
SSC MTS 15/06/2023 (Evening)
(a) बिस्मिल्लाह खान (b) गिरिजा देवी
(c) शाहिद परवेज़ खान (d) विश्व मोहन भट्ट

**Sol.281.(c) शाहिद परवेज़ खान। पुरस्कार** - कलाज्योति लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड (2020), संगीत नाटक अकादमी अवार्ड (2006), पद्म श्री अवार्ड (2012)।

**Q.282.** वह 'घटम के देवता (God of ghatam)' के नाम से भी जाने जाते हैं। पिछली पंक्ति में 'वह' निम्न में से किसे संदर्भित करता है?
SSC MTS 16/06/2023 (Afternoon)
(a) उस्ताद बुंदू खां
(b) पंडित रविशंकर
(c) टी.एच. विनायकराम
(d) उस्ताद बिस्मिल्लाह खां

**Sol.282.(c) टी एच विनायकराम-** एक ताल वादक हैं और घाटम के साथ कर्नाटक संगीत बजाते हैं। **पुरस्कार**: पद्म श्री (2002), पद्म भूषण (2014)।

**Q.283.** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किस पूर्व मिस इंडिया ने पश्चिम में भारतीय शास्त्रीय नृत्य को लोकप्रिय बनाया?
SSC MTS 16/06/2023 (Evening)
(a) लीला नायडू (b) लोना पिंटो
(c) इंद्राणी रहमान (d) पीस कंवल

**Sol.283.(c) इंद्राणी रहमान ।** वह मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता (1952) में भाग लेने वाली पहली दक्षिण एशियाई थीं। इंद्राणी, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, कथकली और ओडिसी में एक सफल शास्त्रीय नृत्यांगना थीं। 1961 में, वह एशिया सोसाइटी टूर का हिस्सा बनने वाली पहली नृत्यांगना बनीं। **पुरस्कार** - फेमिना मिस इंडिया (1952), पद्म श्री (1969), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1981)।

**Q.284.** एम.एस. गोपालकृष्णन ने कर्नाटक और हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत दोनों में महारत हासिल की। वह ___ के उस्ताद थे।
SSC MTS 19/06/2023 (Afternoon
(a) सारंगी (b) वायलिन (c) सितार (d) संतूर

**Sol.284.(b) वायलिन।** पुरस्कार और सम्मान:- पद्म भूषण (2012), पद्म श्री (1975), संगीत नाटक अकादमी (1982), संगीत नाटक अकादमी टैगोर रत्न (2012), कलईमामणि (तमिलनाडु) - 1978।

**Q.285.** बुधादित्य मुखर्जी का संबंध निम्नलिखित में से किस बाद्ययंत्र से है ?
SSC MTS 20/06/2023 (Evening)
(a) वीणा (b) सितार (c) वायलिन (d) सारंगी

**Sol.285.(b) सितार। बुधादित्य मुखर्जी** - लंदन के हाउस ऑफ कॉमन्स में प्रदर्शन करने वाले पहले संगीतकार थे।

**Q.286.** श्री मणिप्रसाद का संबंध किस प्रकार के संगीत शैली से है ?
SSC CHSL 10/03/2023 (2nd Shift)
(a) सम्मिश्रित संगीत
(b) लोक संगीत
(c) कर्नाटक गायन संगीत
(d) हिन्दुस्तानी गायन संगीत

**Sol.286.(d) हिन्दुस्तानी गायन संगीत।** पंडित मणि प्रसाद किराना घराने (गायन शैली) के एक भारतीय शास्त्रीय गायक थे। उन्हें 2019 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। **हिंदुस्तानी संगीत** भारतीय उपमहाद्वीप के

उत्तरी भागों का शास्त्रीय संगीत है। **कर्नाटक संगीत** की उत्पत्ति विशेष रूप से हैदराबाद शहर और दक्षिणी भारत के अन्य द्रविड़ भाषी क्षेत्रों से हुई।

**Q.287.** श्री जतिन गोस्वामी को ______ में उनके योगदान के लिए कई सम्मान प्राप्त हुए।
SSC CHSL 13/03/2023 (3rd Shift)
(a) भरतनाट्यम नृत्य (b) कथक नृत्य
(c) सत्रिया नृत्य (d) मणिपुरी नृत्य

**Sol.287.(c) सत्रिया नृत्य** (असम): पुरस्कार और सम्मान:- पद्म श्री (2008), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2004), सिल्पी दिवस पुरस्कार (1994), संगीत ज्योति पुरस्कार (2004), असम नाट्य संमिलन पुरस्कार (1997), हीराप्रोवा-चंद्रकांता पुरस्कार (2006)।

**Q.288.** दीपिका रेड्डी का संबंध निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य शैली से है?
SSC CHSL 15/03/2023 (3rd Shift)
(a) मणिपुरी (b) कुचिपुड़ी (c) कथक (d) सत्रिया

**Sol.288.(b) कुचिपुड़ी** (आंध्र प्रदेश का शास्त्रीय नृत्य) : गुरु श्रीमती विजया प्रसाद, श्री वेदांतम लक्ष्मी नारायण शास्त्री, डॉ. वेम्पति चिन्ना सत्यम, यामिनी कृष्णमूर्ति, शोभा नायडू, राजा और राधा रेड्डी, कौशल्या रेड्डी, यामिनी रेड्डी, भावना रेड्डी, अतिशा प्रताप सिंह, अरुणिमा कुमार।

**Q.289.** कवि संत कबीर दास का जन्म 15वीं शताब्दी के आस-पास _______ में हुआ था।
SSC CHSL 16/03/2023 (1st Shift)
(a) काशी (b) अमृतसर (c) सोमनाथ (d) आगरा

**Sol.289.(a) काशी** (उत्तर प्रदेश)। कबीर 15वीं शताब्दी के रहस्यवादी कवि, भक्ति आंदोलन के संत थे। पुस्तकें - बीजक, कबीर परचाई, साखी ग्रंथ, और कबीर ग्रंथावली। उनके छंद सिख धर्म के ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में पाए जाते हैं। संत कबीर गुरु नानक और दिल्ली के सुल्तान सिकंदर लोदी के समकालीन थे।

**Q.290.** अदिति मंगलदास _________ के शास्त्रीय भारतीय नृत्य शैली की एक प्रमुख नृत्यांगना और नृत्य-प्रशिक्षिका (कोरियोग्राफर) हैं।
SSC CHSL 21/03/2023 (2nd Shift)
(a) भरतनाट्यम (b) कुचिपुड़ी
(c) कथक (d) कथकली

**Sol.290.(c) कथक।** अदिति मंगलदास द्वारा प्राप्त पुरस्कार - 2013 में राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार।

**Q.291.** अब्दुल करीम खान हिंदुस्तानी संगीत के किस स्कूल के प्रतिपादक थे?
SSC CGL 01/12/2022 (2nd Shift)
(a) जयपुर घराना (b) ग्वालियर घराना
(c) दिल्ली घराना (d) किराना घराना

**Sol.291.(d) किराना घराना**। उन्होंने हिंदुस्तानी ख्याल गायन और भारतीय शास्त्रीय संगीत की शुरुआत की। जयपुर घराना (संस्थापक: अल्लादिया खान)। दिल्ली घराना (संस्थापक: हजरत अमीर खुसरो)।

**Q.292.** निम्नलिखित में से कौन पंडित रविशंकर के गुरु थे ?
SSC CGL 01/12/2022 (3rd Shift)
(a) बिस्मिल्लाह खान (b) अमजद अली खान
(c) अली अकबर खान (d) अलाउद्दीन खान

**Sol.292.(d) अलाउद्दीन खान** (सरोद वादक) पंडित रविशंकर के गुरु थे। उन्हें पद्म भूषण (1958) और पद्म विभूषण (1971), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप (1954) से सम्मानित किया गया था।

**Q.293.** संगीतकारों और उनके वाद्ययंत्रों का निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत है?
SSC CGL 02/12/2022 (1st Shift)
(a) के वैद्यनाथन -सितार
(b) पं. राम नारायण -सारंगी
(c) उस्ताद विलायत खान - सितार
(d) बिस्मिल्लाह खान -शहनाई

**Sol.293.(a) कुन्नाकुडी वैद्यनाथन** एक भारतीय शास्त्रीय संगीत वायलिन वादक और संगीतकार थे।

**Q.294.** बिम्बावती देवी किस भारतीय नृत्य शैली की प्रतिपादक हैं?
SSC CGL 02/12/2022 (2nd Shift)
(a) छऊ (b) मणिपुरी (c) कथकली (d) ओडिसी

**Sol.294.(b) मणिपुरी**। वह गुरु बिपिन सिंह और गुरु कलावती देवी की बेटी हैं।

**Q.295.** मैहर दरबार किस राज्य में है, जहाँ बाबा अलाउद्दीन खान संगीतकार थे?
SSC CGL 02/12/2022 (3rd Shift)
(a) त्रिपुरा (b) उत्तर प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश (d) छत्तीसगढ़

**Sol.295.(c) मध्य प्रदेश।** बाबा अलाउद्दीन खान (सरोद वादक) ने मैहर घराने की नींव रखी और मैहर के महाराजा के दरबारी संगीतकार बन गए।

**Q.296.** निम्नलिखित में से कौन एक अग्रणी नृत्य शिक्षाविद् और एक प्रमुख मोहिनीअट्टम प्रतिपादक के रूप में जाने जाते /जानी जाती हैं?
SSC CGL 02/12/2022 (3rd Shift)
(a) माधवी मुद्गल (b) शगुन भूटानी
(c) मोहनराव कलियांपुरकर (d) डॉ कनक रेले

**Sol.296.(d) डॉ कनक रेले** । वह मुंबई में, नालंदा नृत्य अनुसंधान केंद्र (1967) की संस्थापक-निदेशक और नालंदा नृत्य कला महाविद्यालय की संस्थापक-प्राचार्य हैं। **पुरस्कार और सम्मान :** पद्म श्री (1990), कालिदास सम्मान (मध्य प्रदेश, 2006), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1994), पद्म भूषण (2013) ।

**Q.297.** 2012 में बिरजू महाराज को निम्नलिखित में से किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
SSC CGL 02/12/2022 (4th Shift)
(a) संगम कला पुरस्कार
(b) फिल्मफेयर पुरस्कार
(c) राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार
(d) संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

**Sol.297.(c) राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार** । उन्नाई कानाथु (2012) के लिए सर्वश्रेष्ठ नृत्यकला के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार ।

**Q.298.** हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की एक प्रतिपादक गंगूबाई हंगल एक प्रख्यात ख्याल गायिका थीं, जो हिंदुस्तानी संगीत के ______ घराने से संबंधित थीं ।
SSC CGL 03/12/2022 (1st Shift)
(a) पटियाला (b) किराना
(c) आगरा (d) ग्वालियर

**Sol.298.(b) किराना घराने**। **पुरस्कार और सम्मान**: कर्नाटक संगीत नृत्य अकादमी पुरस्कार (1962), पद्म भूषण (1971), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1973), संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप (1996), और पद्म विभूषण (2002)।

**Q.299.** राजश्री शिर्के को कथक में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 2013 में निम्नलिखित में से कौन-से प्रतिष्ठित नृत्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था ?
SSC CGL 03/12/2022 (1st Shift)
(a) संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार
(b) पद्म श्री
(c) कालिदास सम्मान
(d) राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार

**Sol.299.(a) संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार**। पुरस्कार और सम्मान: वर्ष की महिला अचीवर्स के लिए मुंबई मेयर का पुरस्कार, वर्ष 2007 के लिए सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, और सितार की हलीम अकादमी द्वारा शीर्षक "खोसरोवनी"। शंभू महाराज 1955 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार जीतने वाले पहले कथक नर्तक थे।

**Q.300.** निम्नलिखित भारतीय शास्त्रीय संगीतकारों में से किसके नाम पर तेहरान, ईरान में एक सभागार है?
SSC CGL 05/12/2022 (3rd Shift)
(a) उस्ताद बिस्मिल्लाह खान
(b) उस्ताद सुल्तान खान
(c) उस्ताद जाकिर हुसैन
(d) उस्ताद विलायत खान

**Sol.300.(a) उस्ताद बिस्मिल्लाह खान** (शहनाई) - M. S सुब्बालक्ष्मी और रविशंकर के बाद भारत रत्न (2001) से सम्मानित होने वाले भारत के तीसरे शास्त्रीय संगीतकार है ।

**Q.301.** रानी कर्ण नायक, जिन्हें 2014 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था, एक ______नर्तकी थीं।
SSC CGL 06/12/2022 (1st Shift)
(a) ओडिसी (b) मोहिनीअट्टम
(c) कत्थक (d) कथकली

**Sol.301.(c) कत्थक। पुरस्कार और सम्मान :** उपराष्ट्रपति का स्वर्ण पदक - शंकर का साप्ताहिक (1954), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1996), आर्डर ऑफ़ द क्वीन ऑफ़ लाओस (1964), संगीत वारिधि - भारतीय कला केंद्र, नई दिल्ली (1977)। संस्कृति श्रेयस्कर कोलकाता एक नृत्य अकादमी है जिसकी स्थापना 1995 में रानी कर्ण द्वारा की गई थी।

**Q.302.** सुंदरम बालचंद्रन निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र के मुख्य वादक रहे हैं?
SSC CGL 06/12/2022 (2nd Shift)
(a) मृदंगम (b) बांसुरी (c) वीणा (d) संतूर

**Sol.302.(c) वीणा** । एस बालचंद्रन को प्राप्त

पुरस्कारः- पद्म भूषण (1982), संगीत कला शिखामणि (1982)। वीणा के प्रसिद्ध कलाकार : राजेश वैद्य, जयंती कुमारेश, नागेश्वर राव, ई. गायत्री आदि। राजा समुद्रगुप्त भी एक महान वीणा वादक थे।

**Q.303.** 2013 में केरल सरकार के राज्य वार्षिक पुरस्कार, निशागांधी पुरस्कारम (Nishagandhi Puraskaram), का प्रथम प्राप्तकर्ता निम्नलिखित में से कौन था?
SSC CGL 06/12/2022 (3rd Shift)
(a) माधवी मुद्गल (b) शोभना सी पिल्लई
(c) उदय शंकर (d) मृणालिनी साराभाई

**Sol.303.(d) मृणालिनी साराभाई** (भरतनाट्यम) अहमदाबाद में दर्पण अकादमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की संस्थापक और निदेशक थीं।

**Q.304.** शोवना नारायण को 2013 में निम्नलिखित में से किस पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
SSC CGL 07/12/2022 (1st Shift)
(a) गुरु देब प्रसाद (b) संगम कला
(c) कालिदास सम्मान (d) भरत मुनि सम्मान

**Sol.304.(a) गुरु देब प्रसाद**। **पुरस्कार और सम्मान:** ओइस्का पुरस्कार (जापान) (1990-91), दादाभाई नौरोजी पुरस्कार (1993), बिहार गौरव पुरस्कार (1985), गुरु एमएल कोसर पुरस्कार (2013), कला करात पुरस्कार (2014), भारत निर्माण सामाजिक उत्तरदायित्व पुरस्कार (2014) आदि ।

**Q.305.** निम्नलिखित में से कौन कथकली शास्त्रीय नृत्य का प्रसिद्ध कलाकार है?
SSC CGL 07/12/2022 (1st Shift)
(a) पंकज चरण दास (b) सुनंदा नायर
(c) गोपीनाथ (d) राजा रेड्डी

**Sol.305.(c) गुरु गोपीनाथ**। **पुरस्कार और सम्मान**: संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1965), गुरुवायूर देवस्वोम द्वारा 'कला तिलकम' (1968), त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड द्वारा 'कला रत्न' शीर्षक (1973), आदि।

**Q.306.** गुरु राजकुमार सिंघजीत सिंह, जोकि भारतीय शास्त्रीय मणिपुरी नृत्य शैली के प्रमुख प्रतिपादक हैं, को 1986 में निम्नलिखित में से किस भारतीय नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया था?
SSC CGL 08/12/2022 (1st Shift)
(a) पद्मभूषण (b) पद्म श्री
(c) भारत रत्न (d) पद्म विभूषण

**Sol.306.(b) पद्म श्री** । राजकुमार सिंघजीत सिंह (मणिपुरी नर्तक)। **पुरस्कार और सम्मान:** {संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1984), संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप (2011), टैगोर पुरस्कार (2014), दिल्ली साहित्य कला परिषद पुरस्कार (1975), मणिपुर साहित्य परिषद नृत्य पुरस्कार (1975), आदि}।

**Q.307.** पद्म भूषण किशोरी अमोनकर निम्नलिखित में से किस घराने से संबंधित हैं?
SSC CGL 08/12/2022 (1st Shift)
(a) ग्वालियर (b) किराना
(c) पटियाला (d) जयपुर - अतरौली

**Sol.307.(d) जयपुर - अतरौली** । किशोरी अमोनकर - वह शास्त्रीय शैली ख्याल और शास्त्रीय शैलियों ठुमरी और भजन की कलाकार थीं। **पुरस्कार और सम्मान:** पद्म भूषण (1987), और पद्म विभूषण (2002), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1985) और संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप (2009)।

**Q.308.** निम्नलिखित में से कौन भारत में कथक नृत्य की प्रतिपादक हैं?
SSC CGL 08/12/2022 (1st Shift)
(a) प्रेरणा श्रीमाली (b) उषा उत्थुप
(c) सुमन कल्याणपुर (d) मोनाली ठाकुर

**Sol.308.(a) प्रेरणा श्रीमाली**। वह कथक के जयपुर घराने की वरिष्ठ नृत्यांगना हैं। सम्मान- 2001 राष्ट्रीय एकता पुरस्कार राजीव गांधी की 57वीं जयंती।

**Q.309.** गुरु नीलेश्वर मुखर्जी निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली के प्रतिपादक हैं
SSC CGL 08/12/2022 (2nd Shift)
(a) सत्रिया (b) मणिपुरी (c) ओडिसी (d) कथक

**Sol.309.(b) मणिपुरी।**

**Q.310.** ललिता और नंदिनी बहनें किस वाद्य यंत्र को बजाने के लिए जानी जाती हैं?
SSC CGL 08/12/2022 (2nd Shift)
(a) मंडोलिन (b) वॉयलिन (c) सरोद (d) बाँसुरी

**Sol.310.(b) वॉयलिन। पुरस्कार और सम्मान**: 'कलाइमामणि' (तमिलनाडु), 'हरथा वायलिन वाद्य थिलकंगल' का शीर्षक, सर्वश्रेष्ठ वरिष्ठ वायलिन वादक (मद्रास संगीत अकादमी, और भारतीय ललित कला समाज)। भारत में **वायलिन वादक**: मैसूर बंधु - मैसूर नागराज और मैसूर मंजूनाथ, अभिजीत पी.एस. नायर, अम्बी सुब्रमण्यम, बी. शशिकुमार, बालाभास्कर चंद्रन, एम्बर कन्नन, एच.के. नरसिम्हामूर्ति, लालगुडी विजयलक्ष्मी, आदि।

**Q.311.** 2016 में राष्ट्रीय देवदासी पुरस्कार के / की प्राप्तकर्ता कौन थे / थीं?
SSC CGL 08/12/2022 (4th Shift)
(a) गीता कपूर (b) आर मुथुकन्नम्माल
(c) प्रेरणा देशपांडे (d) डॉ सोहिनी राय

**Sol.311.(c) प्रेरणा देशपांडे (कथक)**। पं. बिरजू महाराज के हाथों गौरव पुरस्कार। सिंगार मणि शीर्षक, मुंबई के सुर सिंगार समसाद द्वारा, सिंगार मणि शीर्षक, नृत्यश्री शीर्षक, किरण, कटान (1994)। आर मुथुकन्नम्माल (सादिर नर्तकी) - पद्म श्री (2022)।

**Q.312.** उस शास्त्रीय नर्तक/नृत्यांगना का नाम बताइए जिसे 1968 में प्राणी मित्र पुरस्कार दिया गया था।
SSC CGL 08/12/2022 (3rd Shift)
(a) डॉ पद्मा सुब्रह्मण्यम (b) शोवना नारायण
(c) रुक्मिणी देवी अरुंडेल (d) बिपिन सिंह

**Sol.312.(c) रुक्मिणी देवी अरुंडेल** (भरतनाट्यम)। **पुरस्कार :** पद्म भूषण (1956), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1957)।

**Q.313.** किस भारतीय संगीतकार ने नीदरलैंड्स में रॉटरडैम म्यूज़िक कंजर्वेटरी में विश्व संगीत विभाग के कलात्मक निर्देशक के रूप में काम किया है ?
SSC CGL 08/12/2022 (3rd Shift)
(a) हरिप्रसाद चौरसिया (b) प्रवीण गोडखिंडी
(c) रोनू मजूमदार (d) नित्यानंद हल्दीपुर

**Sol.313.(a) हरिप्रसाद चौरसिया (बाँसुरीवादक)** । **पुरस्कार और सम्मान** : संगीत नाटक अकादमी (1984), कोणार्क सम्मान (1992), पद्म भूषण (1992), यश भारती सम्मान (1994), पद्म विभूषण (2000)। रोनू मजूमदार (बांसुरी वादक)। प्रवीन गोडखिंडी (बाँसुरी वादक)। नित्यानंद हल्दीपुर (बांसुरी वादक)।

**Q.314.** निम्नलिखित में से कौन मोहिनीअट्टम शास्त्रीय नृत्य शैली का / की प्रतिपादक नहीं है?
SSC CGL 08/12/2022 (3rd Shift)
(a) स्मिता राजन (b) जयप्रभा मेनन
(c) प्रतीक्षा काशी (d) राधा दत्ता

**Sol.314.(c) प्रतीक्षा काशी** (कुचिपुड़ी नर्तकी) **। पुरस्कार और सम्मान:** उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार (2014), आदित्य विक्रम बिड़ला कलाकिरण पुरस्कार (2014), आर्यभट्ट अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार (2011), कलाभारती राष्ट्रीय युवा प्रतिभा पुरस्कार (2014), नाट्यवेद पुरस्कार (2014)। कलामंडलम कल्याणिकुट्टी अम्मा : मोहिनीअट्टम की जननी।

**Q.315.** सुरेखा पुनेकर भारतीय राज्य महाराष्ट्र की एक________नृत्यांगना हैं।
SSC CGL 08/12/2022 (3rd Shift)
(a) तमाशा (b) लावणी (c) पोवदा (d) कोली

**Sol.315.(b) लावणी।** विठाबाई नारायणगांवकर, कांताबाई सातरकर, मंगला बंसोडे, संध्या माने, रोशन सातरकर प्रसिद्ध कलाकार हैं जो लावणी को मंच पर प्रस्तुत करते हैं।

**Q.316.** निम्नलिखित में से कौन-सा पुरस्कार 1998 में भरतनाट्यम नृत्यांगना, प्रियदर्शिनी गोविंद को प्रदान किया गया था?
SSC CGL 09/12/2022 (1st Shift)
(a) टैगोर रत्न (b) कलैमामणि
(c) नृत्य चूड़ामणि (d) कालिदास सम्मान

**Sol.316.(b) कलैमामणि।** अन्य पुरस्कार - 2019 में संगीत अकादमी द्वारा 'नृत्य कलानिधि' शीर्षक, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2012)।

**Q.317.** पुणे में नृत्यभारती कथक नृत्य अकादमी की स्थापना निम्नलिखित में से किस संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के विजेता ने की थी?
SSC CGL 09/12/2022 (1st Shift)
(a) रोहिणी भाटे (b) रोशन कुमारी
(c) कुमिदिनी लाखिया (d) सितारा देवी

**Sol.317.(a) रोहिणी भाटे।** नृत्य भारती कथक नृत्य अकादमी (1947)। पुस्तकें - माझी नृत्य साधना (आत्मकथा), अभिनय दर्पण। पुरस्कार - संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1979), महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार (1990), कालिदास सम्मान (2001), संगीत नाटक अकादमी

फैलोशिप (2006)।

**Q.318.** एक ओडिसी नर्तकी कुमकुम मोहंती को 2005 में निम्नलिखित में से कौन-सा पुरस्कार प्राप्त हुआ ?
SSC CGL 09/12/2022 (2nd Shift)
(a) पद्म भूषण (b) कालिदास सम्मान
(c) पद्म श्री (d) पद्म विभूषण

**Sol.318.(c) पद्म श्री**। गुरु केलुचरण महापात्रा पुरस्कार (2011), ओडिशा संगीत नाटक अकादमी (1993), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1994)।

**Q.319.** शारोदी सैकिया किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली की प्रतिपादक हैं?
SSC CGL 09/12/2022 (2nd Shift)
(a) सत्रिया (b) कुचिपुड़ी
(c) भरतनाट्यम (d) कथक

**Sol.319.(a) सत्रिया** । **पुरस्कार** :- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2015), विष्णु राभा पुरस्कार (2022)।

**Q.320.** शर्मिला विश्वास, जिन्हें 1998 में सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था, निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य का प्रतिनिधित्व करती हैं?
SSC CGL 09/12/2022 (4th Shift)
(a) मणिपुरी (b) ओडिसी (c) कथकली (d) कथक

**Sol.320.(b)** शर्मिला बिस्वास (ओडिसी नृत्यांगना और कोरियोग्राफर) ने ओडिसी विजन एंड मूवमेंट सेंटर (1995, कोलकाता) की स्थापना की। पुरस्कार: संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2012), सर्वश्रेष्ठ नृत्यकला के लिए उदय शंकर पुरस्कार (1998), महरी पुरस्कार (2010)।

**Q.321.** उस्ताद सुल्तान खान का संबंध किस वाद्य यंत्र से है ?
SSC CGL 09/12/2022 (4th Shift)
(a) सितार (b) सरोद (c) तबला (d) सारंगी

**Sol.321.(d) सारंगी वादक**। वह जाकिर हुसैन और बिल लासवेल के साथ **तबला बीट साइंस** (इंडियन फ्यूजन ग्रुप) के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। **पुरस्कार:** पद्म भूषण (2010), संगीत नाटक अकादमी (1992), अमेरिकन एकेडमी ऑफ आर्टिस्ट्स (1998)।

**Q.322.** निम्नलिखित में से किसने बांसुरीवादक हरिप्रसाद चौरसिया और गिटारवादक बृज भूषण काबरा के साथ मिलकर एक कॉन्सेप्ट एल्बम, 'कॉल ऑफ द वैली (1967) का निर्माण किया था?
SSC CGL 12/12/2022 (1st Shift)
(a) तरुण भट्टाचार्य (b) भजन सोपोरी
(c) शिवकुमार शर्मा (b) सतीश व्यास

**Sol.322.(c) पंडित शिवकुमार शर्मा** (संतूर वादक। पुरस्कार: संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1986), पद्म विभूषण (2001)।

**Q.323.** निम्नलिखित में से कौन तेलंगाना का पहला संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता है ?
SSC CGL 12/12/2022 (3rd Shift)
(a) पद्मजा रेड्डी (b) यामिनी रेड्डी
(c) दीपा शशिंद्रन (d) शांताला शिवलिंगप्पा

**Sol.323.(a) पद्मजा रेड्डी** (कुचिपुड़ी)। उन्होंने काकतीयम (दो भाग वाला कुचिपुड़ी शास्त्रीय दृश्य नृत्य) विकसित किया। पुरस्कार: कला रत्न (2006), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2015), और पद्म श्री (2022)। संगीत नाटक अकादमी: स्थापित (1953), मुख्यालय (नई दिल्ली)।

**Q.324.** निम्नलिखित में से कौन 'कथकली की ऑस्ट्रेलियाई जननी' के रूप में प्रसिद्ध है?
SSC CGL 13/12/2022 (2nd Shift)
(a) मार्गोट फॉन्टेन (b) अन्ना पावलोवा
(c) येलेना आंद्रेयानोवा (d) लुईस लाइटफुट

**Sol.324.(d) लुईस लाइटफुट** को लोकप्रिय रूप से वल्लथोल नारायण मेनन (केरल कलामंडलम के संस्थापक) द्वारा कथकली की ऑस्ट्रेलियाई जननी कहा जाता था। कथकली को पूर्व की गाथा के रूप में जाना जाता है। यह सोपना संगीत पर प्रस्तुत किया जाता है।

**Q.325.** निम्नलिखित में से किसे 'भरतनाट्यम की एक नई शैली का आविष्कार और निर्माण करने का श्रेय प्राप्त है?
SSC CGL 13/12/2022 (3rd Shift)
(a) यामिनी कृष्णमूर्ति
(b) डॉ पद्मा सुब्रह्मण्यम
(c) रुक्मिणी देवी अरुंडेल
(d) चिंता रवि बाला कृष्ण

**Sol.325.(b) डॉ. पद्मा सुब्रह्मण्यम**: पुरस्कार - संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1983), पद्म भूषण (2003), पद्म श्री (1981)।

**Q.326.** अब्दुल करीम खान और अब्दुल वाहिद खान____घराने के संस्थापक थे।
SSC CGL 13/12/2022 (3rd Shift)
(a) जयपुर -अतरौली (b) ग्वालियर
(c) आगरा (d) किराना

**Sol.326.(d) किराना**। **विशेषता** - मन्द गति के रागों में निपुणता, सरगम। प्रतिपादक - पंडित भीमसेन जोशी और गंगूबाई हंगल। **ग्वालियर घराना** (नाथू खान और विष्णु पलुशकर)। **आगरा घराना** (रंगीला घराना, ख्याल और ध्रुपद शैलियों का मिश्रण। प्रतिपादक - मोहसिन खान नियाज़ी और विजय किचलू)।

**Q.327.** सुधा चंद्रन एक प्रसिद्ध अभिनेत्री और एक कुशल_______नर्तकी हैं।
SSC CPO 09/11/2022 (Morning)
(a) कथकली (b) कुचिपुड़ी
(c) भरतनाट्यम (d) सत्रिया

**Sol.327.(c) भरतनाट्यम**। सुधा चंद्रन (राष्ट्रीय पुरस्कार- 1985)। मयूरी (1985) के लिए नंदी स्पेशल जूरी अवार्ड।

**Q.328.** बड़े फतेह अली खान और अली बख्श जरनैल खान ने किस घराने की स्थापना की ?
SSC CPO 09/11/2022 (Evening)
(a) ग्वालियर घराना (b) आगरा घराना
(c) पटियाला घराना (d) भिंडी बाजार घराना

**Sol.328.(c) पटियाला घराना**। मलिका पुखराज, गौहर जान, गुलाम अली सभी पटियाला घराने से संबंधित हैं। **ग्वालियर घराना** : गुलाम हसन शग्गन, वसुंधरा कोमकली, नारायणराव बोदास, सुनंदा पटनायक। **आगरा घराना** : याकूब हुसैन खान, यूसुफ हुसैन खान, खुर्शीद हुसैन खान, शमीम अहमद खान, गुलाम रसूल खान। **भिंडी बाजार घराना** : पंडित शिवकुमार शुक्ला, रमेश नाडकर्णी, टी.डी जानोरीकर। तानसेन ग्वालियर घराने के थे।

**Q.329.** वायलिन गुणी, एल. सुब्रमण्यम निम्नलिखित में से किस संगीत शैली के लिए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध हैं ?
SSC CPO 09/11/2022 (Evening)
(a) जैज
(b) हिंदुस्तानी संगीत
(c) कर्नाटक(Carnatic) संगीत
(d) रॉक

**Sol.329.(c) कर्नाटक संगीत**। पद्म श्री (1988), पद्म भूषण (2001), मानवियम (मिलेनियम) पुरस्कार, केरल (2001)।**लोकप्रिय वायलिन वादक:** अभिजीत पी.एस. नायर, अंबी सुब्रमण्यम, अरोल केरेली, अवनीश्वरम एस.आर. विनू, बी. शशिकुमार, रागिनी शंकर।

**Q.330.** सार्वजनिक सेवा के लिए रेमन मेग्सेसे पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रथम भारतीय संगीतकार का नाम क्या है?
SSC CPO 09/11/2022 (Evening)
(a) एम एस सुब्बुलक्ष्मी (b) जाकिर हुसैन
(c) भीमसेन जोशी (d) बिस्मिल्लाह खान

**Sol.330.(a) एम एस सुब्बुलक्ष्मी**। पुरस्कार : पद्म भूषण (1954), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1956)।

**Q.331.** प्रसिद्ध संगीतकार अप्पा जलगांवकर किस वाद्य - यंत्र से संबंधित हैं?
SSC CPO 10/11/2022 (Afternoon)
(a) हारमोनियम (b) तबला
(c) सरोद (d) वायलिन

**Sol.331.(a) हारमोनियम** - अप्पा जलगांवकर (संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार - 2000)। इसे रीड ऑर्गन फ्री-रीड कीबोर्ड इंस्ट्रूमेंट भी कहा जाता है। प्रसिद्ध हारमोनियम वादक - महमूद धौलपुरी, आर. के. बीजापुरे, सुधीर नायक, तुलसीदास बोरकर।

**Q.332.** भारतीय बांसुरी वादक हरि प्रसाद चौरसिया निम्नलिखित में से किस संगीत घराने से संबंधित हैं?
SSC CPO 10/11/2022 (Afternoon)
(a) मैहर (b) रामपुर - जयपुर
(c) सेनिया (d) प्रसन्ना

**Sol.332.(c) सेनिया घराना** (संस्थापक - बिलास खान और नौबत खान)। सत्य सरन द्वारा हरि प्रसाद चौरसिया की आधिकारिक जीवनी - 'ब्रीथ ऑफ़ गोल्ड' (2019)। अन्य प्रसिद्ध **बांसुरी वादक** - रोनू मजूमदार, प्रवीण गोडखिंडी, रघुनाथ सेठ। अन्य घराने - आगरा (हाजीसुजान खान), लखनऊ (बिंदादीन महाराज), बनारस (पंडित राम सहाय), जयपुर (उस्ताद अल्लादिया खान)।

**Q.333.**17वीं शताब्दी ईस्वी के किस असाधारण विद्वान और कलाकार ने कुचीपुड़ी पर आधारित

एक नृत्य नाटक भामाकलापम की रचना की?
SSC CPO 10/11/2022 (Evening)
(a) सचिंद्र योगी (b) शिवेंद्र योगी
(c) सिद्धेंद्र योगी (d) सिद्धार्थ योगी

**Sol.333.(c) सिद्धेंद्र योगी**। भामा कलापम (भगवान कृष्ण की पत्नी सत्यभामा की कहानी)। सबसे लोकप्रिय शास्त्रीय नृत्य-नाटक, कथकली (ऋषि भरत)।

**Q.334.** उस्ताद बुंदू खान और संतोष मिश्रा किस वाद्य यंत्र के प्रसिद्ध वादक हैं?
SSC CPO 10/11/2022 (Evening)
(a) सितार (b) शहनाई (c) सारंगी (d) सरोद

**Sol.334.(c) सारंगी**।

**Q.335.** प्रसिद्ध संगीतकार सत्यदेव पवार किस वाद्य यंत्र से संबंधित हैं?
SSC CPO 10/11/2022 (Evening)
(a) वायलिन (b) शहनाई (c) वीणा (d) सितार

**Sol.335.(a) वायलिन।** अन्य वायलिन वादक - लालगुडी जयरामन - {पद्म श्री (1963), पद्म भूषण (1994), संगीत नाटक अकादमी (2010)}, एल. सुब्रमण्यम {पद्म श्री (1998) पद्म भूषण (2001), बालाभास्कर, एम. एस. गोपालकृष्णन { पद्म श्री (1975), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1982), पद्म भूषण (2012)}।

**Q.336.** ____सरकार द्वारा मल्लिका साराभाई को 'शेवेलियर डेस पाम्स एकेडमिक्स 2005' से सम्मानित किया गया था।
SSC CPO 11/11/2022 (Morning)
(a) फ्रेंच (b) कनाडाई (c) स्विस (d) बेल्जियम

**Sol.336.(a) फ्रेंच। मल्लिका साराभाई** (भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नर्तकी) - पद्म भूषण (2010)। **किताब** - इन फ्री फॉल: माई एक्सपेरिमेंट्स विथ लिविंग। दर्पण नृत्य अकादमी के संस्थापक।

**Q.337.** साबरी ब्रदर्स, अजीज वारसी और नुसरत फतेह अली खान किस गायन शैली से संबंधित हैं?
SSC CPO 11/11/2022 (Morning)
(a) कव्वाली (b) शबद (c) भाटियाली (d) भजन

**Sol.337.(a) कव्वाली।** नुसरत फतेह अली खान (पाकिस्तान सरकार द्वारा प्रदर्शन के गौरव के लिए पाकिस्तान का राष्ट्रपति पुरस्कार)। **भारतीय लोक संगीत** - भवगीथे (कर्नाटक और महाराष्ट्र), भांगड़ा और गिद्दा (पंजाब), लावणी (महाराष्ट्र), आल्हा (मध्य प्रदेश) तथा पनिहारी, पंखिदा और मांड (राजस्थान) ।

**Q.338.** निम्नलिखित में से कौन प्रसिद्ध सितार वादक थे?
SSC CPO 11/11/2022 (Morning)
(a) ज़ाकिर हुसैन (b) हरि प्रसाद चौरसिया
(c) राजा खान (d) निखिल बनर्जी

**Sol.338.(d) निखिल बनर्जी** (मैहर घराना)। **पुरस्कार** - पद्म श्री (1968), पद्म भूषण (1987)। हरि प्रसाद चौरसिया (बांसुरी वादक), जाकिर हुसैन (तबला वादक)। संगीत सुदर्शन में कहा गया है कि सितार का आविष्कार 18वीं शताब्दी के दौरान अमीर खुसरो नामक एक फकीर ने किया था।

**Q.339.** लक्ष्मीप्रिया महापात्रा भारत के निम्नलिखित शास्त्रीय नृत्यों में से किस से संबंधित थीं?
SSC CPO 11/11/2022 (Afternoon)
(a) सत्रिया (b) कथकली
(c) ओडिसी (d) कुचिपुड़ी

**Sol.339.(c) ओडिसी नृत्यांगना। लक्ष्मीप्रिया महापात्रा** मंच पर गोटीपुआ (ओडिशा का लोक नृत्य) करने वाली पहली महिला और मंच पर ओडिसी प्रदर्शन करने वाली पहली नर्तकी कहा जाता है।

**Q.340.** इलियाना सिटारिस्टी विदेशी मूल की पहली शास्त्रीय नृत्यांगना हैं जिन्हें ________ में उनके योगदान के लिए 2006 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
SSC CPO 11/11/2022 (Evening)
(a) कथकली (b) कथक
(c) भरतनाट्यम (d) ओडिसी

**Sol.340.(d) ओडिसी।** इलियाना सिटारिस्टी एक भारतीय ओडिसी और छऊ नृत्यांगना हैं। **पुरस्कार:** 43वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (1996), पद्म श्री (2006), डांस की कला के लिए लियोनाइड मासाइन (इटली, 1992), संस्कृति सिरोमणि (2006), ललितकला पुरस्कार (2007), पंडित जसराज पुरस्कार (2009), प्राणनाथ पटनायक पुरस्कार (2005)।

**Q.341.** '20वीं सदी के तानसेन' के रूप में किसे सम्मानित किया गया था ?
Higher Secondary 01/08/2022 (Shift - 3)
(a) उस्ताद अब्दुल करीम खान
(b) उस्ताद फैयाज खान
(c) उस्ताद आमिर खान
(d) उस्ताद बड़े गुलाम अली खान

**Sol.341.(d) उस्ताद बड़े गुलाम अली खान** (पटियाला घराना)। **पुरस्कार** - संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1962), संगीत नाटक अकादमी फेलो (1967), पद्म भूषण पुरस्कार (1962)। उस्ताद अब्दुल करीम खान (शास्त्रीय संगीत के कैराना घराने के संस्थापक)। उस्ताद फैयाज खान (आगरा घराने के प्रतिपादक)। उस्ताद आमिर खान (शास्त्रीय संगीत के इंदौर घराने के संस्थापक)।

**Q.342.** निम्नलिखित में से किस नृत्यांगना को 1958 में रॉयल सोसाइटी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ क्रूएल्टी टू एनिमल्स, लंदन के क्वीन विक्टोरिया सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया था ?
Graduate Level 01/08/2022 (Shift - 4)
(a) सितारा देवी (b) सोनल मानसिंह
(c) संजुक्ता पाणिग्रही (d) रुक्मिणी देवी अरुंडेल

**Sol.342.(d) रुक्मिणी देवी अरुंडेल** ।

**Q.343.** भरतनाट्यम के पंडानल्लूर स्कूल के लिए किसने प्रसिद्धि प्राप्त की?
Graduate Level 02/08/2022 (Shift - 3)
(a) अनिता रत्नम (b) पद्म सुब्रमण्यम
(c) मल्लिका साराभाई (d) मीनाक्षी पिल्लै

**Sol.343.(d) मीनाक्षी पिल्लै** । भरतनाट्यम (शास्त्रीय नृत्य, तमिलनाडु) की अन्य दो प्रमुख शैलियाँ हैं वज़ुवूर नृत्य शैली (वज़ुवूर बी. रमैया पिल्लई और उनके पूर्वज) और मेलात्तूर नृत्य शैली (गुरु मंगुडी दोरैराज)।

**Q.344.** टंकेश्वर हजारिका बोरबयान को भारत के किस शास्त्रीय नृत्य में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2018 का संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया?
SSC MTS 05/07/2022 (Morning)
(a) कुचिपुड़ी (b) भरतनाट्यम
(c) सत्रीया (d) कथक

**Sol.344.(c) सत्रीया नृत्य** (असम)।

**Q.345.** माधवी मुद्गल का संबंध भारत के किस शास्त्रीय नृत्य से है?
SSC MTS 06/07/2022 (Afternoon)
(a) मणिपुरी (b) कथक (c) ओडिसी (d) सत्रिया

**Sol.345.(c) ओडिसी। पुरस्कार :** संस्कृति पुरस्कार (1984), पद्म श्री (1990), उड़ीसा राज्य संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1996), फ्रांस सरकार द्वारा ग्रांडे मेडेल डे ला विले (1997), केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2000), दिल्ली राज्य परिषद सम्मान (2002) और नृत्य चूड़ामणि की उपाधि (2004) ।

**Q.346.**अली अकबर खान का संबंध किस वाद्य यंत्र से था ?
SSC MTS 07/07/2022 (Afternoon)
(a) सारंगी (b) मंजीरा (c) सरोद (d) वीणा

**Sol.346.(c) सरोद ।** भारत में प्रसिद्ध **सरोद** (ल्यूट परिवार का तार वाला वाद्य यंत्र) **वादक**: अली अकबर खान, अलाउद्दीन खान, अमजद अली खान, बुद्धदेव दासगुप्ता, बहादुर खान, शरण रानी, जरीन एस शर्मा।

**Q.347.** कादरी गोपालनाथ का संबंध निम्न में से किससे है ?
SSC MTS 08/07/2022 (Morning)
(a) सितार (b) सैक्सोफोन (c) तबला (d) बांसुरी

**Sol.347.(b) सैक्सोफोन** । भारत में प्रसिद्ध **सैक्सोफोन वादक** - मनोहरी सिंह, अल्लाह रक्खा रहमान, ब्रेज़ गोंजाल्विस, अदनान सामी खान, जॉर्ज ब्रूक्स आदि हैं। सैक्सोफोन एक प्रकार का सिंगल-रीड वुडविंड वाद्य यंत्र है, जो शंक्वाकार आकार का होता है, जो आमतौर पर पीतल का बना होता है।

**Q.348.** राधा श्रीधर को भारत के किस शास्त्रीय नृत्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 2018 का संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला?
SSC MTS 08/07/2022 (Afternoon)
(a) कथक नृत्य (b) कुचिपुड़ी
(c) सत्रिया (d) भरतनाट्यम

**Sol.348.(d) भरतनाट्यम** । उन्होंने 1969 में वेंकटेश नाट्य मंदिर की स्थापना की। उन्होंने रामायण पर आधारित अपने पहले नृत्य-नाटक की कोरियोग्राफी की, उसके बाद हनुमदविलास की।

**Q.349.** डॉ. एन. राजम ____के वादक के रूप में विख्यात हैं।
SSC MTS 11/07/2022 (Evening)
(a) वीणा (b) गिटार (c) वायलिन (d) बांसुरी

**Sol.349.(c) वायलिन। भारत में लोकप्रिय**

**वायलिन वादक**: अभिजीत पी.एस. नायर, बी. शशिकुमार, हरिकुमार सिवन, एम्बर कन्नन, कला रामनाथ, सुनीता भुइयां, अक्कराई सुब्बलक्ष्मी, विठ्ठल राममूर्ति, रागिनी शंकर, मनोज जॉर्ज, गगन चंद्र चटर्जी, संगीता शंका आदि।

**Q.350.** भरतनाट्यम हेतु पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित प्रथम परलैंगिलैंक (ट्रांस) महिला इनमें से कौन-सी है?
SSC MTS 11/07/2022 (Evening)
(a) बिशेश हुइरेम (b) नर्तकी नटराज
(c) श्रुति सीतारा (d) साधना मिश्रा

**Sol.350.(b) नर्तकी नटराज** । उन्हें 2007 में तमिलनाडु सरकार का कलैमामणि पुरस्कार, 2009 में कृष्णा गण सभा से नृत्य चूड़ामणि पुरस्कार, 2011 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 2013 में मद्रास विश्वविद्यालय से वेट्री पुरस्कार पेरियार मनियाम्मई विश्वविद्यालय 2016 से मानद डॉक्टरेट, उत्कृष्ट श्रेणी 2017 में ICCR पैनलबद्ध नृत्य कलाकार से सम्मानित किया गया।

**Q.351.** पंडित राजेंद्र गंगानी भारत के किस शास्त्रीय नृत्य से जुड़े हैं?
SSC MTS 19/07/2022 (Morning)
(a) मणिपुरी नृत्य (b) कथक नृत्य
(c) ओडिसी नृत्य (d) सत्रिया नृत्य

**Sol.351.(b) कथक नृत्य**। पंडित राजेंद्र गंगानी : पुरस्कार - संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2003) । वह कथक की जयपुर घराना शैली के प्रमुख प्रतिपादकों में से एक हैं।

**Q.352.** सिलसिला और चांदनी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में किसके संगीत और उनकी संगीत प्रतिभा की बेहतरीन अभिव्यक्ति हैं?
SSC MTS 19/07/2022 (Afternoon)
(a) उस्ताद बिस्मिल्लाह खान
(b) पंडित शिवकुमार शर्मा
(c) उस्ताद जाकिर हुसैन
(d) जगजीत सिंह

**Sol.352.(b) पंडित शिवकुमार शर्मा** । उन्हें सिलसिला फिल्म के संगीत के लिए प्लेटिनम डिस्क से सम्मानित किया गया था। फिल्म फासले के संगीत के लिए गोल्ड डिस्क, फिल्म चांदनी के संगीत के लिए प्लेटिनम डिस्क।

**Q.353.** मिनाती मिश्रा भारत के किस शास्त्रीय नृत्य से जुड़ी थीं?
SSC MTS 20/07/2022 (Morning)
(a) कथक (b) कुचिपुड़ी (c) ओडिसी (d) मणिपुरी

**Sol.353.(c) ओडिसी** । मिनाती मिश्रा 1975 के उड़ीसा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के प्राप्तकर्ता थे। उन्हें कलिंग शास्त्री संगीत परिषद पुरस्कार भी मिला और 2000 में, उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला। 2012 में, भारत सरकार ने उन्हें भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से भी सम्मानित किया।

**Q.354.** चिट्टी बाबू किस वाद्य यंत्र से संबंधित हैं?
SSC MTS 21/07/2022 (Afternoon)
(a) गिटार (b) संतूर (c) सितार (d) वीणा

**Sol.354.(d) वीणा** । भारत में प्रसिद्ध वीणा वादक - जिया मोहिउद्दीन डागर, अय्यागरी श्यामसुंदरम, दोराईस्वामी अयंगर, इमानी शंकर शास्त्री, धनम्मल, के.आर. कुमारस्वामी, सुंदरम बालचंद्रर, आदि।

**Q.355.** एस. बालाचंद्र ____ वादन के लिए प्रसिद्ध हैं।
SSC MTS 22/07/2022 (Morning)
(a) सितार (b) वीणा (c) वायलिन (d) बांसुरी

**Sol.355.(b) वीणा**। सुंदरम बालाचंद्र (वीणा वादक और फिल्म निर्माता) को 1982 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था।

**Q.356.** योग सुंदर देसाई, एक अग्रणी जिन्होंने स्वतंत्रता-पूर्व युग में भारतीय नृत्य की दुनिया में कदम रखा, का जन्म 16 जुलाई, 1921 को ________ में हुआ था।
SSC CHSL 24/05/2022 (Morning)
(a) महाराष्ट्र (b) राजस्थान
(c) मध्य प्रदेश (d) गुजरात

**Sol.356.(d) गुजरात** । योग सुंदर देसाई ने 1966 में श्रीराम भारतीय कला केंद्र के लिए 'राम लीला' का निर्देशन किया था। योग सुंदर ने 1948 में कलकत्ता में अपने नृत्य कलाकारों की टुकड़ी की स्थापना की और इसे भारतीय पुनरुद्धार समूह का नाम दिया, जो देश में पुनरुत्थानवाद की भावना से चल रहा था।

**Q.357.** _____ने अपनी पत्नी ( जो खुद एक नर्तकी है ) और बेटे के साथ 1993 में 'सृजन (Srjan)' का निर्माण किया।
SSC CHSL 24/05/2022 (Morning)
(a) पंकज चरण दास (b) केलुचरण महापात्र
(c) रघुनाथ दत्ता (d) देबा प्रसाद दास

**Sol.357.(b) केलुचरण महापात्र** । वह ओडिसी नृत्य के प्रतिपादक हैं। उन्होंने ओडिसी शैली में "पंचपुष्पा", "कृष्ण गाथा", "गीता गोविंदा", "उरबाशी", "कृष्ण लीला", "सखीगोपाल", "कोणार्क" और "श्रीक्षेत्र" सहित कई नृत्य-नाटकों को कोरियोग्राफ किया।

**Q.358.** नूरां सिस्टर्स भारतीय संगीत की निम्नलिखित में से किस विधा के लिए प्रसिद्ध हैं?
SSC CHSL 24/05/2022 (Morning)
(a) कव्वाली (b) सूफी
(c) ग़ज़ल (d) हिंदुस्तानी शास्त्रीय

**Sol.358.(b) सूफी**। नूरां सिस्टर्स (ज्योति नूरां और सुल्ताना नूरां) भारत के जालंधर की एक सूफी गायन जोड़ी हैं। वे शाम चौरसिया घराना शास्त्रीय संगीत में अभिनय करते हैं।

**Q.359.** इलाहाबाद के निम्नलिखित में से किस हिंदुस्तानी गायक को उनके प्रसिद्ध समकालीन गौहर जान के साथ, 1911 ई. में दिल्ली दरबार में सम्राट जॉर्ज पंचम के लिए प्रदर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था?
SSC CHSL 24/05/2022 (Morning)
(a) शोभा अभ्यंकर (b) अनुपमा
(c) अल्लाह जिलाई बाई (d) जानकी बाई

**Sol.359.(d) जानकी बाई**। वह लोकप्रिय रूप से "छप्पन छुरी" या '56 छुरा घाव वाली महिला' के रूप में जानी जाती थीं। शोभा अभ्यंकर (पुणे)- मेवाती घराना। अनुपमा (चेन्नई) - कर्नाटक संगीत, अल्लाह जिलाई बाई (राजस्थान) - लोक संगीत।

**Q.360.** पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित गोपाल प्रसाद दुबे को निम्नलिखित में से किस नृत्य में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया?
SSC CHSL 24/05/2022 (Afternoon)
(a) सत्रिया (b) पंथी (c) छऊ (d) मोहिनीअट्टम

**Sol.360.(c) छऊ** । पुरस्कार: पद्म श्री (2012), सुवर्ण शंखू (2010), नटराज संगीत अकादमी से नाट्य श्री उपाधि (2010)।

**Q.361.** सर्वश्रेष्ठ ओरिजनल स्कोर के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय संगीतकार कौन हैं?
SSC CHSL 24/05/2022 (Afternoon)
(a) भानु अथैया (b) रेसुल पुकुट्टी
(c) महबूब खान (d) ए.आर. रहमान

**Sol.361.(d) एआर रहमान** । रेसुल पुकुट्टी ने सर्वश्रेष्ठ ध्वनि मिश्रण (sound mixing) के लिए ऑस्कर पुरस्कार जीता। भानु अथैया ने "गांधी" पर अपने काम के लिए पोशाक डिजाइन (costume design) के लिए ऑस्कर जीता। महबूब खान फिल्म मदर इंडिया के निर्देशक थे जिसे सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म श्रेणी में नामांकित किया गया था।

**Q.362.** शमशाद बेगम, हिंदी फिल्मों के लिए पार्श्व गायन करने वाली पहली महिलाओं में से एक को वर्ष _____ में हिंदी फिल्म संगीत में उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित ओ.पी. नैयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
SSC CHSL 24/05/2022 (Afternoon)
(a) 2001 (b) 2009 (c) 2012 (d) 2005

**Sol.362.(b) 2009** । पुरस्कार: पद्म भूषण (2009)।

**Q.363.** मीनाक्षी श्रीनिवासन को निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली के लिए उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार 2011 प्राप्त हुआ?
SSC CHSL 24/05/2022 (Afternoon)
(a) सत्रिया (b) मोहिनीअट्टम
(c) कुचिपुड़ी (d) भरतनाट्यम

**Sol.363.(d) भरतनाट्यम** । 2018 में (अंतिम पुरस्कार) - दुर्गेश गंगानी (कथक), डॉ मंजू एलंगबम (मणिपुरी), मधुलिता महापात्रा (ओडिसी)।

**Q.364.** भारतीय शास्त्रीय नृत्य के मोहिनीअट्टम शैली की निम्नलिखित में से किस नृत्यांगना को 2013 में देवदासी राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था ?
SSC CHSL 24/05/2022 (Evening)
(a) स्मिता राजन (b) जयप्रभा मेनन
(c) सुनंदा नायर (d) गोपिका वर्मा

**Sol.364.(b) जयप्रभा मेनन**। कथक नृत्यांगना प्रेरणा देशपांडे को 2016 में कथक नृत्य में उनके योगदान के लिए देवदासी राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**Q.365.** तुलसीदास बोरकर, जिन्हें 2016 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था, एक ___ वादक थे।
SSC CHSL 25/05/2022 (Morning)
(a) नादस्वरम (b) शहनाई

(c) बांसुरी (d) हारमोनियम

**Sol.365.(d) हारमोनियम** । प्रसिद्ध हारमोनियम वादक आर. के. बीजापुरे, सुधीर नायक, विद्याधर ओके, आदित्य ओके, केदार नफड़े, संतोष घन्टे आदि हैं।

**Q.366.** निम्नलिखित में से किस सदिर नर्तक को पद्म श्री 2022 मिला?
SSC CHSL 25/05/2022 (Morning)
(a) त्सेरिंग नामग्याल
(b) सुलोचना चवन
(c) आर. मुथुकन्नम्मल
(d) थविल कोंगमपट्टु मुरुगइयां

**Sol.366.(c) आर. मुथुकन्नम्मल** । भरतनाट्यम सदिर अट्टम के प्राचीन नृत्य के लिए अपनी वंशावली का पता लगाता है। सुलोचना चवन एक भारतीय गायिका हैं, जो मराठी में अपनी लावनियों के लिए जानी जाती हैं। आर मुथु कन्नम्मल भारतीय राज्य तमिलनाडु के सातवीं पीढ़ी के अनुभवी सदिर नर्तक हैं। 32 देवदासियों में वह अकेली जीवित व्यक्ति हैं।

**Q.367.** हलीम खान निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य से संबंधित हैं ?
SSC CHSL 25/05/2022 (Morning)
(a) मोहिनीअट्टम (b) कथक
(c) कुचिपुड़ी (d) भरतनाट्यम

**Sol.367.(c) कुचिपुड़ी** ।

**Q.368.** गुरु मकरध्वजा दरोघा को भारत में किस प्रकार के नृत्य में उनके योगदान के लिए पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
SSC CHSL 25/05/2022 (Morning)
(a) पंथी (b) सैला (c) छऊ (d) राउत नाच

**Sol.368.(c) छऊ** । पद्म श्री (2011) ।

**Q.369.** पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित गुरु अमुबी सिंह को निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?
SSC CHSL 25/05/2022 (Afternoon)
(a) कथक (b) मणिपुरी
(c) भरतनाट्यम (d) ओडिसी

**Sol.369.(b) मणिपुरी ।** पद्म श्री (1970), संगीत नाटक अकादमी (1956)।

**Q.370.** _____को पहले अपने पिता उस्ताद 'बाबा' अलाउद्दीन खान के अधीन शास्त्रीय संगीत में प्रशिक्षित किया गया था, और उनकी मदद से उन्होंने मैहर-सेनिया घराने की स्थापना की।
SSC CHSL 25/05/2022 (Afternoon)
(a) अनुपमा भागवत (b) अन्नपूर्णा देवी
(c) रूपा पानेसर (d) सहाना बनर्जी

**Sol.370.(b) अन्नपूर्णा देवी** हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की एक भारतीय सुरबहार (बास सितार) वादक थीं। पूर्व मैहर स्टेट के पूर्व महाराजा बृजनाथ सिंह द्वारा उन्हें 'अन्नपूर्णा' नाम दिया गया था।

**Q.371.** कवि ______द्वारा की गई सेवा के कारण, कथकली नृत्य रूप को एक नई गति मिली और आज बदलते समाज की आवश्यकताओ के अनुरूप कई नवाचार भी किए जा रहे हैं।
SSC CHSL 25/05/2022 (Evening)
(a) पुरंदर दास (b) वल्लथोल नारायण मेनन
(c) सच्चिदानंदन (d) गोपाल भट्ट

**Sol.371.(b) वल्लथोल नारायण मेनन** मलयालम भाषा के कवि थे। उनकी प्रसिद्ध कविता "एंटे गुरुनाथन" ("माई ग्रेट टीचर") है। वह कुमारन आसन और उल्लूर एस परमेश्वर अय्यर तिकड़ी के साथ आधुनिक मलयालम के कवियों में से एक थे।

**Q.372.** पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित गुरु गंगाधर प्रधान निम्न में से किस नृत्य शैली के कुशल नर्तक हैं ?
SSC CHSL 25/05/2022 ( Evening)
(a) मणिपुरी (b) कथकली
(c) ओडिसी (d) कथक

**Sol.372.(c) ओडिसी**। उन्हें 1998 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और 2008 में पद्म श्री (भारत का चौथा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार) से सम्मानित किया गया था।

**Q.373.** निम्नलिखित में से किस शख्सियत को 'ऑफिसर ऑफ़ द लीजन ऑफ़ ऑनर अवार्ड' से सम्मानित किया गया ?
SSC CHSL 26/05/2022 ( Morning)
(a) आशा भोंसले (b) शमशाद बेगम
(c) एस जानकी (d) लता मंगेशकर

**Sol.373.(d) लता मंगेशकर (2009)** । लीजन ऑफ ऑनर फ्रांस का सर्वोच्च सम्मान है। श्री ए.एस. किरण कुमार को "नाइट ऑफ़ द लीजन ऑफ़ ऑनर" से सम्मानित किया गया। अजीम प्रेमजी को भी लीजन ऑफ ऑनर पुरस्कार से नवाजा गया।

**Q.374.** भारत के निम्नलिखित बहुमुखी संगीतकारों में से किसने हिंदी फिल्म 'रुदाली' के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता और उन्हें "बार्ड ऑफ़ ब्रह्मपुत्र" के रूप में भी जाना जाता है?
SSC CHSL 26/05/2022 (Evening)
(a) भूपेन हजारिका (b) मानस रॉबिन
(c) जोई बरुआ (d) जयंत हजारिका

**Sol.374.(a) भूपेन हजारिका** । उन्हें 2019 में भारत रत्न पुरस्कार मिला। वह असम से हैं।

**Q.375.** आशीष सांकृत्यायन ________ संगीत के प्रतिपादक हैं।
SSC CHSL 26/05/2022 (Evening)
(a) ओडिसी (b) ध्रुपद (c) ठुमरी (d) कजरी

**Sol.375.(b) ध्रुपद**। हिंदुस्तानी संगीत में, दस मुख्य गायन शैलियाँ हैं: ध्रुपद, टप्पा, चतुरंग, रागसागर, धमार, होरी, ख्याल, तराना, सरगम और ठुमरी। कर्नाटक शैली की प्रत्येक रचना कई भागों पल्लवी, अनु पल्लवी, वर्णम और रागमालिका से बनी है।

**Q.376.** उन्नीसवीं शताब्दी ने _______के अंतिम नवाब वाजिद अली शाह के संरक्षण में कथक का स्वर्ण युग देखा गया।
SSC CHSL 26/05/2022 (Evening)
(a) हैदराबाद (b) रामपुर (c) अवध (d) जौनपुर

**Sol.376.(c) अवध.** उन्होंने कथक के लखनऊ घराने को संरक्षण दिया।

**Q.377.** किस मणिपुरी शास्त्रीय नर्तक ने इंफाल में महिलाओं के लिए 'गोविंदजी नर्तनालय' नृत्य विद्यालय खोला था ?
SSC CHSL 26/05/2022 (Evening)
(a) चंद्रकांता सिंह (b) बिपिन सिंह
(c) सेनारिक राजकुमार (d) नीलेश्वर मुखर्जी

**Sol.377.(b) बिपिन सिंह** (मणिपुरी डांसर) ने इंफाल में महिलाओं के लिए 'गोविंदजी नर्तनालय' डांस स्कूल खोला।

**Q.378.** निम्नलिखित में से कौन हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत का एक भारतीय गायक है?
SSC CHSL 27/05/2022 (Morning)
(a) एल. सुब्रमण्यम (b) शुभा मुदगल
(c) किशन महाराज (d) द्वारम वेंकटस्वामी नायडू

**Sol.378.(b) शुभा मुदगल**। पुरस्कार - पद्म श्री (2000), राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार (2016)। एल सुब्रमण्यम - वायलिन वादक। किशन महाराज - तबला वादक। द्वारम वेंकटस्वामी नायडू - वायलिन वादक।

**Q.379.** पद्म श्री से सम्मानित शोभना चंद्रकुमार निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय नृत्य की नृत्यांगना हैं?
SSC CHSL 27/05/2022 (Morning)
(a) मणिपुरी (b) भरतनाट्यम
(c) कथक (d) ओडिसी

**Sol.379.(b) भरतनाट्यम**। पद्म श्री (2006)। उन्होंने 2011 में कलैमामणि (तमिलनाडु) पुरस्कार जीता। उन्होंने 2013 में कलारथना (केरल) पुरस्कार भी जीता।

**Q.380.** निम्नलिखित में से किसे प्रथम कथक शिक्षक ईश्वरी प्रसाद के वंशज के रूप में जाना जाता है?
SSC CHSL 27/05/2022 (Afternoon)
(a) शंभु महाराज (b) गोपी कृष्ण
(c) लच्छू महाराज (d) बिरजू महाराज

**Sol.380.(d) पंडित बिरजू महाराज**। वह कथक के लखनऊ "कालका-बिंदादीन" घराने के प्रतिपादक थे। वह कथक नर्तकियों के महाराज परिवार के वंशज थे, जिसमें उनके दो चाचा, शंभू महाराज और लच्छू महाराज और उनके पिता अचन महाराज शामिल हैं। गोपी कृष्ण भी एक कथक नर्तक थे, जिन्हें 15 साल की उम्र में अखिल बंगाल संगीत सम्मेलन में "नटराज" (नर्तकों के राजा) की उपाधि मिली थी।

**Q.381.** सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार के पहले प्राप्तकर्ता ____थे जिन्हें तमिल फिल्म कंदन करुणई में उनके संयोजन के लिए सम्मानित किया गया था।
SSC CHSL 27/05/2022 (Afternoon)
(a) के.वी. महादेवन (b) विद्यासागर
(c) देवा (d) कार्तिक राजा

**Sol.381.(a) के वी महादेवन**। 1979 में शंकरभरणम (तेलुगु फिल्म) के लिए उन्हें फिर से उसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन 2019 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार: डी.

इम्मान को विश्वसम (तमिल फिल्म) के लिए सम्मानित किया गया।

**Q.382.** निम्नलिखित में से किस वर्ष में पंडित भीमसेन गुरुराज जोशी ने अपना पहला लाइव प्रदर्शन किया था?
SSC CHSL 27/05/2022 ( Afternoon)
(a) 1937 (b) 1945 (c) 1941 (d) 1950

**Sol.382.(c) पंडित भीमसेन गुरुराज जोशी** (पंडित), कर्नाटक के सबसे महान भारतीय गायकों में से एक थे और हिंदुस्तानी शास्त्रीय परंपरा की किराना घराना परंपरा से संबंधित हैं। उन्होंने 1941 में 19 साल की उम्र में अपना पहला लाइव प्रदर्शन दिया।

**Q.383.** पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित चित्तानी रामचंद्र हेगड़े को भारत में निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली में उनके योगदान के लिए जाना जाता है? SSC CHSL 27/05/2022 (Afternoon)
(a) सत्रिया (b) कुचिपुड़ी
(c) यक्षगान (d) कथकली

**Sol.383.(c) यक्षगान**। वह 2019 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले यक्षगान कलाकार थे। उनकी शैली इतनी लोकप्रिय है कि इसे चित्तनी घराना कहा जाता है। अन्य यक्षगान कलाकारों में बालीपा नारायण भागवत, नारनप्पा उप्पूर, परमेश्वर हेगड़े, कलिंग नेवादा, केरेमेन शिवराम हेगड़े आदि शामिल हैं।

**Q.384.** 19वीं शताब्दी के निम्नलिखित खयाल गायकों में से किसे भारत के अंतिम मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर द्वारा 'तनरस' की उपाधि दी गई थी ?
SSC CHSL 27/05/2022 ( Evening)
(a) बड़े उस्ताद गुलाम अली खान
(b) मीर कुतुब बख्श
(c) उस्ताद आमिर खान
(d) सदरंग

**Sol.384.(b) मीर कुतुब बख्श** । वह कव्वाल बच्चन, दिल्ली घराने के भी सदस्य थे। हैदराबाद में उनका मकबरा खमास शाह दरगाह के पास है। उस्ताद बड़े गुलाम अली खान (पटियाला घराने के गायक), उस्ताद अमीर खान (इंदौर घराने के संस्थापक) और सदरंग (खयाल घराने) है।

**Q.385.** निम्नलिखित में से किस भारतीय पार्श्व गायक के नाम एक दिन में सबसे अधिक गीत गाने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड है?
SSC CHSL 30/05/2022 (Morning)
(a) अलका यागनिक (b) कुमार सानू
(c) कविता कृष्णमूर्ति (d) उदित नारायण

**Sol.385.(b) कुमार सानू** ने 1993 में एक दिन में सबसे ज्यादा **28** गीत गाने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। ऑनर्स- महाराष्ट्र रत्न पुरस्कार (2014), महानायक सम्मान लाइफटाइम अचीवमेंट: बंगाली पार्श्व गायक (2014), डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर नोबेल पुरस्कार (2017), बिशेश संगीत महासनमन (2019) ।

**Q.386.** पद्म श्री गुरु मायाधर राउत की अग्रणी भावना ने 1950 के दशक में निम्नलिखित में से किस नृत्य को पुनर्जीवित किया और नृत्य के व्याकरण और अभिनय शब्दावली को फिर से परिभाषित किया ?
SSC CHSL 30/05/2022 (Morning)
(a) भरतनाट्यम (b) ओडिसी
(c) मणिपुरी (d) कुचिपुड़ी

**Sol.386.(b) ओडिसी । गुरु मायाधर राउत:** पुरस्कार - संगीत नाटक अकादमी टैगोर रत्न (2011), साहित्य कला परिषद पुरस्कार (1984)।

**Q.387.** निम्नलिखित में से किस हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका को 1969 में भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण और महाराष्ट्र सरकार द्वारा 'राज्य गायिका' की उपाधि से सम्मानित किया गया था?
SSC CHSL 30/05/2022 (Morning)
(a) गंगूबाई हंगेल (b) सुंदरी दासी
(c) केसरबाई केरकर (d) नागरत्नम्मा

**Sol.387.(c) केसरबाई केरकर** जयपुर-अतरौली घराने की एक भारतीय शास्त्रीय गायिका थीं। उन्हें 1953 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, उसके बाद 1969 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। महाराष्ट्र सरकार ने उन्हें महाराष्ट्र राज्य गायिका की उपाधि से सम्मानित किया। गंगूबाई हंगल (ख्याल, किराना घराना, कर्नाटक)। नागरत्नम्मा (कर्नाटक गायक, बैंगलोर)।

**Q.388.** निम्नलिखित भारतीय कर्नाटक संगीतकारों में से किसने 1991 में पद्म विभूषण पुरस्कार प्राप्त किया और स्विट्जरलैंड में प्रदर्शन कला और अनुसंधान अकादमी की स्थापना की?
SSC CHSL 30/05/2022 (Afternoon)
(a) किशन महाराज
(b) डॉ मंगलमपल्ली बालमुरलीकृष्ण
(c) गुलाम मुस्तफा खान
(d) छन्नूलाल मिश्रा

**Sol.388.(b) डॉ मंगलमपल्ली बालमुरलीकृष्ण** (आंध्र प्रदेश) एक भारतीय कर्नाटक गायक थे, उन्होंने कांजीरा, मृदंगम, वायोला और वायलिन भी बजाया। उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों पद्म श्री (1971), पद्म भूषण, पद्म विभूषण (1991), शेवेलियर ऑफ द ऑर्ड्रे डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रस (2005), राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (1976, 1987) और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1975) से सम्मानित किया गया।

**Q.389.** किस कलाकार के संगीत एल्बम का शीर्षक 'लैंड ऑफ़ गोल्ड' है?
SSC CHSL 30/05/2022 (Afternoon)
(a) मीता नाग (b) अनुपमा भागवत
(c) अनुष्का शंकर (d) राजना स्वामीनाथन

**Sol.389.(c) अनुष्का शंकर** (ब्रिटिश-भारतीय अमेरिकी सितार वादक) ने अपने एल्बम, "लैंड ऑफ़ गोल्ड" के लिए ग्रैमी नामांकन जीता। उनके अन्य उल्लेखनीय एल्बम राइज, ट्रैवलर, ट्रेसेस ऑफ़ यू,होम, और लव लेटर्स हैं। अनुपमा भागवत (सितारवादक; 'कोन्फ़्लुएन्स', 'एथर', 'एपीफेनी', 'कलर्स ऑफ़ सनसेट', 'साँझ'), राजना स्वामीनाथन (प्रशंसित मृदंगम कलाकार), और मीता नाग (बिष्णुपुर घराने से सितारवादक)।

**Q.390.** प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना विद्यागौरी अडकर को भारतीय शास्त्रीय नृत्य के ________ घराने से पहचाना जाता है।
SSC CHSL 31/05/2022 (Morning)
(a) अलवर (b) ग्वालियर (c) बनारस (d) जयपुर

**Sol.390.(d) जयपुर घराना।** विद्यागौरी अडकर (मुंबई) भारत में कथक नृत्य की प्रतिपादक हैं। जयपुर घराने के अन्य कथक नर्तक सुंदर प्रसाद (सुंदर चुन्नीलाल प्रसाद), पुरु दधीच और मंगला भट्ट हैं।

**Q.391.** गुरु श्यामा चरण पति को मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली में उनके योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया था ?
SSC CHSL 31/05/2022 (Morning)
(a) काठी नाच (b) संताली नृत्य
(c) छऊ नृत्य (d) झुमैर

**Sol.391.(c) छऊ नृत्य,** जो भारत का एक मार्शल नृत्य है। भारतीय नृत्य में उनके योगदान के लिए उन्हें 2006 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

**Q.392.** पंडित सुंदर प्रसाद, जिन्हें 1959 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था, एक ______ नर्तक थे।
SSC CHSL 31/05/2022 (Afternoon)
(a) कथकली (b) ओडिसी
(c) कथक (d) मोहिनीअट्टम

**Sol.392.(c) कथक ।** पंडित सुंदर प्रसाद जयपुर घराने के गुरु (शिक्षक) थे। उन्हें 1958 में दिल्ली की नाटक अकादमी द्वारा सम्मानित किया गया था।

**Q.393.** निम्नलिखित में से किसने 1992 में सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता ?
SSC CHSL 31/05/2022 (Afternoon)
(a) सरोज खान (b) लक्ष्मीबाई कोल्हापुरकर
(c) वैभवी मर्चेंट (d) श्यामक डावर

**Sol.393.(b) लक्ष्मीबाई कोल्हापुरकर**। राजू सुंदरम ने फिल्म महर्षि के लिए कोरियोग्राफी में 67वां राष्ट्रीय पुरस्कार जीता।

**Q.394.** सरताज खान, सरवर खान, स्वरूप खान और मामे खान निम्नलिखित में से किसके लिए प्रसिद्ध हैं?
SSC CHSL 31/05/2022 (Evening)
(a) राजस्थानी लोक संगीत
(b) हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन
(c) ताल वाद्य वादन
(d) तत वाद्य वादन

**Sol.394.(a) राजस्थानी लोक संगीत ।** सबसे प्रसिद्ध राजस्थानी मांड गायिका अल्लाह जिलाई बाई (बीकानेर घराना) हैं। अन्य राजस्थानी लोक गायक इला अरुण, रैपेरिया बालम और रजनीगंधा शेखावत हैं।

**Q.395.** निम्नलिखित में से कौन सा हिंदुस्तानी संगीत घराने सभी ख्याल गायकी शैलियों में सबसे पुराना है ?
SSC CHSL 31/05/2022 (Evening)
(a) आगरा घराना (b) किराना घराना
(c) अतरौली घराना (d) ग्वालियर घराना

**Sol.395.(d) ग्वालियर** मुखर घराना व्यापक रूप से नाथन पीर बख्श और उत्साद नाथू खान द्वारा स्थापित सबसे पुराना घराना माना जाता है। प्रसिद्ध कलाकारों में डॉ मीता पंडित, उस्ताद बड़े इनायत हुसैन खान, कृष्णराव शंकर पंडित, नारायणराव बोदास आदि शामिल हैं। आगरा घराने के संस्थापक (हाजीसुजान खान), किराना (अब्दुल वाहिद खान) और अतरौली (अल्लादिया खान) है।

**Q.396.** _____घराने के महत्वपूर्ण गायक फैय्याज खान, लताफत हुसैन खान और दिनकर काकिनी हैं।
SSC CHSL 31/05/ 2022 (Evening)
(a) पटियाला (b) मेवाती (c) आगरा (d) बनारस

**Sol.396.(c) आगरा घराना** नौहर बानी (दिल्ली के सम्राट अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल के दौरान) से निकले हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन संगीत की एक परंपरा है। कुछ प्रमुख प्रतिपादक फैयाज खान "प्रेमपिया", विलायत हुसैन खान "प्राण पिया", खादिम हुसैन खान "साजन पिया", शराफत हुसैन खान "प्रेम रंग", श्रीकृष्ण नारायण रतनजंकर "सुजान", बबनराव हल्दांकर "रास्पिया", जोहराबाई, आदि हैं।

**Q.397.** निम्नलिखित में से किसे कर्नाटक संगीत में एक गायक/गायिका के रूप में जाना जाता है?
SSC CHSL 01/06/2022 (Morning)
(a) गंगूबाई हंगल (b) जी एन बालासुब्रमण्यम
(c) कौशिकी चक्रवर्ती (d) गिरिजा देवी

**Sol.397.(b) जी एन बालासुब्रमण्यम**- कर्नाटक गायक। पांच प्रसिद्ध कर्नाटक गायक- अरुणा साईराम, एम. बालमुरलीकृष्ण, एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी, नित्यश्री महादेवन, सेम्मनगुडी श्रीनिवास अय्यर आदि।

**Q.398.** भारत में, ग़ज़ल गाने की परंपरा ____द्वारा स्थापित की गई थी।
SSC CHSL 01/06/2022 (Morning)
(a) हज़रत अली (b) हजरत अमीर खुसरो
(c) हज़रत निज़ामुद्दीन (d) हज़रत शहंशाहवाली

**Sol.398.(b) हजरत अमीर खुसरो** । उन्हें कव्वाली के जनक कहा जाता है। उन्हें भारत के तोते के रूप में जाना जाता है। उनके द्वारा लिखी गई प्रसिद्ध पुस्तकें तुगलकनामा नूह - सिपिहर और खैजान - उल - फुतुह हैं । वह अलाउद्दीन खिलजी के दरबारी कवि थे।

**Q.399.** पंडित भीमसेन जोशी को 1985 की निम्नलिखित में से किस हिंदी फिल्म में उनके गायन के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्व गायक का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला?
SSC CHSL 01/06/2022 (Morning)
(a) अनकही (b) तानसेन
(c) संध्या राग (d) बसंत बहार

**Sol.399.(a) अनकही।** भीमसेन जोशी एक भारतीय गायक हैं। वह गायन के ख्याल रूप के लिए जाने जाते हैं। पुरस्कार और सम्मान : 1976 - संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार। 1985 - सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्व गायक के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार। 1986 - "पहली प्लेटिनम डिस्क"। 2000 - "आदित्य विक्रम बिड़ला कलाशिखर पुरस्कार"। 2002 - महाराष्ट्र भूषण। 2003 - "स्वाति संगीता" पुरस्कार" केरल सरकार द्वारा। 2005 - कर्नाटक रत्न। 2009- भारत रत्न।

**Q.400.** भारत के विश्व स्तर पर प्रशंसित संगीतकार रिकी केज को निम्नलिखित में से किस एलबम के निर्माण के लिए 57वां ग्रैमी पुरस्कार प्रदान किया गया?
SSC CHSL 01/06/2022 (Afternoon)
(a) डिवाइन टाइड्स (b) विंड्स ऑफ़ समसारा
(c) माउंटेन ड्रीम्स (d) मिस्टिक माउंटेन्स

**Sol.400.(b)** भारतीय संगीतकार रिकी केज ने 2015 में "विंड्स ऑफ़ समसारा" के लिए अपना पहला ग्रैमी (57 वां) और "डिवाइन टाइड्स" के लिए 2022 (64 वां) में अपना दूसरा पुरस्कार जीता। उनका अन्य महत्वपूर्ण उल्लेखनीय कार्य "शांति संसार" - पर्यावरण चेतना के लिए विश्व संगीत है। माउंटेन ड्रीम्स (ऐली ग्रीन) और मिस्टिक माउंटेन्स (डंस्टन मैसी)।

**Q.401.** मंजम्मा जोगती वर्ष ____ में कला में उनके योगदान के लिए पद्म श्री सम्मान प्राप्त करने वाली भारत की पहली ट्रांसजेंडर लोक नृत्यांगना बनीं।
SSC CHSL 01/06/2022 (Afternoon)
(a) 2012 (b) 2021 (c) 2009 (d) 2018

**Sol.401.(b) 2021** । उन्हें लोक कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। पहली ट्रांसजेंडर पद्म श्री प्राप्तकर्ता (नर्तकी नटराज; भरतनाट्यम डांसर; 2019)

**Q.402.** निम्नलिखित में से किसने मोहिनीअट्टम के इतिहास और नृत्य संरचना पर दो पुस्तकें लिखी हैं?
SSC CHSL 02/06/2022 (Morning)
(a) कलामंडलम राधिका
(b) कलामंडलम कल्याणीकुट्टी अम्मा
(c) कलामंडलम हिमावती
(d) तंकमनी

**Sol.402.(b) कलामंडलम कल्याणीकुट्टी अम्मा** । उन्हें कई उपाधियाँ और पुरस्कार मिले, वल्लथोल द्वारा "कावयत्री' उपाधि दी गई (1940), संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप (1974), केरल संगीत नाटक अकादमी फेलोशिप (1974), केरल कलामंडलम (1980) द्वारा 'कीर्ति शंकु' शीर्षक दिया गया। केरल फाइन आर्ट्स सोसाइटी द्वारा नृत्तप्रवीना की उपाधि (1984), केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार (1985)।

**Q.403.** आगरा घराने के मलका जान कलकत्ता के किस नवाब के दरबार में दरबार के संगीतकार थे ?
SSC CHSL 02/06/2022 (Morning)
(a) शुजा-उद-दौला (b) वाजिद अली शाह
(c) आसफ-उद-दौला (d) मोहम्मद अली शाह

**Sol.403.(b) वाजिद अली शाह**। आगरा की मलका जान गौहर जान की समकालीनों में से एक थीं। शुजा-उद-दौला अवध के सूबेदार और नवाब थे। आसफ-उद-दौला अवध का नवाब वज़ीर था जिसे शाह आलम द्वितीय ने पुष्टि की थी।

**Q.404.** निम्नलिखित भारतीय गायकों में से किसने 'राग सरिता ' लिखा है?
SSC CHSL 02/06/2022 (Morning)
(a) पंडित कुमार गंधर्व
(b) बालासाहेब पूछवाले
(c) चिंतामन रघुनाथ व्यास
(d) विष्णु नारायण भातखंडे

**Sol.404.(c) चिंतामन रघुनाथ व्यास** । उन्हें ख्याल शैली गाने के लिए जाना जाता था। उन्होंने 1999 में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा तानसेन सम्मान, 1999 में मास्टर दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार, 1998 में मराठवाड़ा गौरव पुरस्कार, 1994 में उस्ताद हाफिज अली खान पुरस्कार, 1992 में पद्म भूषण, 1990 में महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार, 1987 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार जीते।

**Q.405.** निम्नलिखित में से किसने भारत के शास्त्रीय नृत्य रूप सत्तरास (Sattras) का आविष्कार और उसे परिपूर्ण बनाया ?
SSC CHSL 02/06/2022 (Morning)
(a) श्रीमंत शंकरदेव (b) के. उमा रामा राव
(c) उदय शंकर (d) गुरु गोपीनाथ

**Sol.405.(a) श्रीमंत शंकरदेव**। वह पिछले सांस्कृतिक अवशेषों के निर्माण और संगीत के नए रूपों (बोरगीत), नाट्य प्रदर्शन (अंकिया नाट, भाओना), नृत्य (सत्तरिया), साहित्यिक भाषा (ब्रजावली) के निर्माण के लिए प्रसिद्ध हैं।

**Q.406.** कलामंडलम क्षेमवती पवित्रन को निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली में उनके योगदान के लिए पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था ?
SSC CHSL 02/06/2022 (Afternoon)
(a) कुचिपुड़ी (b) भरतनाट्यम
(c) कथक (d) मोहिनीअट्टम

**Sol.406.(d) मोहिनीअट्टम** । कलामंडलम क्षेमवती पवित्रन के पुरस्कार : पद्म श्री (2011), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1998), केरल संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1975) (भरतनाट्यम के लिए) और केरल संगीत नाटक अकादमी फ़ेलोशिप (2015)।

**Q.407.** सी. वी. चंद्रशेखर को निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली में उनके योगदान के लिए पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था?
SSC CHSL 02/06/2022 (Afternoon)
(a) भरतनाट्यम (b) कथकली
(c) मणिपुरी (d) कथक

**Sol.407.(a) भरतनाट्यम** । 2011 में, **सी. वी. चंद्रशेखर** को भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। उन्हें 1993 में भरतनाट्यम के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें 2008 में कालिदास सम्मान भी मिला था।

**Q.408.** निम्नलिखित में से किस भारतीय संगीतकार ने शहनाई को संगीत कार्यक्रम के मंच पर पेश किया और 15 अगस्त 1947 को भारत के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में समारोह के लिए चुना गया था ?
SSC CHSL 02/06/2022 (Evening)
(a) अली बख्श (b) अनंत लाल

(c) बिस्मिल्लाह खान (d) अली अहमद हुसैन

**Sol.408.(c) उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ ।**

**Q.409.** निम्नलिखित में से किस भारतीय शास्त्रीय भरतनाट्यम नर्तक को 1981 में पद्म श्री और 2003 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था?
SSC CHSL 02/06/2022 (Evening)
(a) सविता शास्त्री (b) मल्लिका साराभाई
(c) रुक्मिणी देवी (d) पद्म सुब्रह्मण्यम

**Sol.409.(d) पद्म सुब्रह्मण्यम** (तमिलनाडु) को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1983) से सम्मानित किया गया ।

**Q.410.** राजस्थान गायिका अल्लाह जिलाई बाई निम्नलिखित में से किसके लिए प्रसिद्ध हैं?
SSC CHSL 03/06/2022 (Afternoon)
(a) ग़ज़ल (b) लोक गीत
(c) भजन (d) हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत

**Sol.410.(b) लोक गीत । अल्लाह जिलाई बाई** मांड, ठुमरी, ख्याल और दादरा में पारंगत थीं। उनका सबसे प्रसिद्ध लोक गीत केसरिया बालम है। उन्हें पद्म श्री (1982) और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1988) से सम्मानित किया गया।

**Q.411.** रामा वैद्यनाथन को निम्नलिखित में से किस भारतीय नृत्य शैली में उनके योगदान के लिए 2013 में देवदासी राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
SSC CHSL 03/06/2022 (Afternoon)
(a) मोहिनीअट्टम (b) ओडिसी
(c) कुचिपुड़ी (d) भरतनाट्यम

**Sol.411.(d) भरतनाट्यम**। उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2017), अखिल भारतीय राष्ट्रीय एकता सम्मेलन (1999) द्वारा राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार और "भारत रत्न" (श्रीलंका; 1998) के नृत्य शीर्षक से सम्मानित किया गया।

**Q.412.** निम्नलिखित में से किसे ओडिसी नृत्य में उनके योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी 2017 मिला है?
SSC CHSL 06/06/2022 (Afternoon)
(a) सुजाता महापात्र
(b) शोभा कोसेर
(c) राम वैद्यनाथन
(d) एल. एन. ओइनम ओंगबी धोनी देवी

**Sol.412.(a) सुजाता महापात्रा** । उन्हें केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2017), भीमेश्वर प्रतिभा सम्मान (2004), राजा पुरस्कार (2008) से सम्मानित किया गया। शोभा कोसेर (कथक नर्तक), राम वैद्यनाथन (भरतनाट्यम), और एल एन ओइनम ओंगबी धोनी देवी (मणिपुरी) है।

**Q.413.** पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित गुरु कीज़पदम कुमारन नायर भारत के किस शास्त्रीय नृत्य के नर्तक थे ?
SSC CHSL 06/06/2022 (Afternoon)
(a) मोहिनीअट्टम (b) ओडिसी
(c) कथक (d) कथकली

**Sol.413.(d) कथकली**। कीज़पदम कुमारन नायर पद्म श्री पुरस्कार (2004), केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1988), केरल संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप, और कलामंडलम पुरस्कार के प्राप्तकर्ता हैं।

**Q.414.** निम्नलिखित में से किसे पूर्वी भारत के अर्ध-शास्त्रीय नृत्य छऊ में उनकी उत्कृष्टता के लिए 2011 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था?
SSC CHSL 06/06/2022 (Evening)
(a) केदारनाथ साहू
(b) गोपाल प्रसाद दुबे
(c) सुधनरा नारायण सिंहदेव
(d) मकरध्वजा दरोगा

**Sol.414.(d) मकरध्वजा दरोगा** (झारखंड) छऊ के शास्त्रीय नृत्य रूप में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है।

**Q.415.** निम्नलिखित में से किस भारतीय संगीतकार ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन करने और विशेष रूप से विकलांग बच्चों के लिए लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए संगीत (HUM) के माध्यम से 'सद्भाव और सार्वभौमिकता' की स्थापना की ?
SSC CHSL 06/06/2022 (Evening)
(a) कुमार बोस (b) संदीप दास
(c) स्वपन चौधरी (d) अनिंदो चटर्जी

**Sol.415.(b) संदीप दास** (जन्म: पटना; बनारस घराना) एक भारतीय तबला वादक और संगीतकार हैं जो वर्तमान में बोस्टन, मैसाचुसेट्स, संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित हैं। उन्होंने एल्बम सिंग मी होम के लिए 2017 में सर्वश्रेष्ठ विश्व संगीत एल्बम के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीता।

**Q.416.** गुरु एम.के. सरोजा को निम्नलिखित में से किस नृत्य के निरंतर प्रयास के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया है?
SSC CHSL 07/06/2022 (Afternoon)
(a) भरतनाट्यम (b) मोहिनीअट्टम
(c) ओडिसी (d) कुचिपुड़ी

**Sol.416.(a) भरतनाट्यम** । गुरु एम.के. सरोजा को पद्म श्री (2011), संगीत नाटक अकादमी टैगोर रत्न (2011), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1995) से सम्मानित किया गया।

**Q.417.** प्रसिद्ध पार्श्व गायक किशोर कुमार का जन्म 1929 में _________ में हुआ था।
SSC CHSL 07/06/2022 (Evening)
(a) भोपाल (b) कलकत्ता (c) दिल्ली (d) खंडवा

**Sol.417.(d) खंडवा** (मध्य प्रदेश) । उन्हें निम्न **पुरस्कार** से सम्मानित किया गया था: सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्व गायक (8 बार), बंगाल फिल्म पत्रकार संघ - सर्वश्रेष्ठ पुरुष पार्श्व पुरस्कार (4 बार), और लता मंगेशकर पुरस्कार के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार। 1997 में, मध्य प्रदेश सरकार ने "किशोर कुमार पुरस्कार" नामक एक पुरस्कार की शुरुआत की।

**Q.418.** मगुनी चरण दास को निम्नलिखित में से किस प्रकार के नृत्य में उनके योगदान के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया था?
SSC CHSL 07/06/2022 (Evening)
(a) गोटीपुआ (b) छाऊ (c) झुमैर (d) खरिया

**Sol.418.(a) गोटीपुआ**। पुरस्कार- पद्म श्री पुरस्कार (2004), ओडिशा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और तुलसी पुरस्कार।

**Q.419.** निम्नलिखित में से कौन कथक नृत्य का 19वीं शताब्दी का प्रतिपादक है?
SSC CHSL 08/06/2022 (Morning)
(a) जतिन गोस्वामी (b) कालका प्रसाद
(c) भाभानंद बरबायन (d) कृष्णा पनिकर

**Sol.419.(b) महाराज कालका प्रसाद** लखनऊ घराने के थे। वह बनारस में रहते थे और कथक शैली के नृत्य और ठुमरी गायन को बढ़ावा देते थे। वह तबला और पखवाज बजाते हैं। जतिन गोस्वामी (सत्रिया), भाभानंद बरबयान (सत्रिया), और कृष्ण पनिकर (मोहिनीअट्टम) के प्रतिपादक है।

**Q.420.** किस नर्तकी को 1968 में मेक्सिको की बैलेट फोल्कलोरिको (Ballet Folklorico) में उनकी कोरियोग्राफी के लिए मैक्सिकन सरकार द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया था?
SSC CHSL 08/06/2022 (Afternoon)
(a) सोनल मानसिंह (b) शोवना नारायण
(c) मृणालिनी साराभाई (d) रुक्मणी अरुंडेल

**Sol.420.(c) मृणालिनी साराभाई** (केरल) भरतनाट्यम और कथकली में एक विशेषज्ञ नर्तकी थीं। पुरस्कार- पद्म श्री (1965) और पद्म भूषण (1992)। उनकी आत्मकथा- 'द वॉयस ऑफ द हार्ट- एन ऑटोबायोग्राफी'।

**Q.421.** उस्ताद जाकिर हुसैन एक भारतीय तबला वादक _________ के पुत्र हैं।
SSC CHSL 08/06/2022 (Afternoon)
(a) अमजद अली खान (b) इमरत खान
(c) फियाज खान (d) उस्तादअल्ला रखा

**Sol.421.(d) उस्तादअल्ला रखा** । जाकिर हुसैन एक भारतीय तबला वादक, संगीतकार, तालवादक, संगीत निर्माता और फिल्म अभिनेता हैं।

**Q.422.** लक्ष्मी शंकर ___घराने के एक हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक थे।
SSC CHSL 08/06/2022 (Afternoon)
(a) ग्वालियर (b) रंगीला
(c) किराना (d) पटियाला

**Sol.422.(d) पटियाला**। घराने की स्थापना जयपुर दरबार के सारंगी वादक मियां कल्लू ने की थी। लक्ष्मी शंकर ख्याल, ठुमरी और भजन के अपने प्रदर्शन के लिए जानी जाती थीं।

**Q.423.** मल्लिकार्जुन मंसूर, कर्नाटक के एक भारतीय शास्त्रीय गायक और ख्याल शैली के एक उत्कृष्ट गायक, संगीत के निम्नलिखित में से किस घराने से संबंधित थे?
SSC CHSL 08/06/2022 (Evening)
(a) दरभंगा घराना (b) ग्वालियर घराना
(c) पटियाला घराना (d) जयपुर-अतरौली घराना

**Sol.423.(d) जयपुर-अतरौली घराना** (अलादिया खान द्वारा स्थापित)। पुरस्कार - पद्म श्री (1970), पद्म भूषण (1976), और पद्म विभूषण (1992), और संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप (1982)। उनकी आत्मकथा- 'माई जर्नी इन म्यूज़िक' है।

**Q.424.** लोक नृत्य रूप "पंथी" में उनके योगदान के लिए निम्नलिखित में से किस व्यक्ति को प्रतिष्ठित

पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
SSC CHSL 08/06/2022 (Evening)
(a) विनायक विष्णु खेडेकर
(b) गोपाल प्रसाद दुबे
(c) डॉ राधे श्याम बार्ले
(d) घनकांता बोरा बोरबयान

**Sol.424.(c) राधे श्याम बार्ले** (छत्तीसगढ़) पंथी लोक नर्तक और कलाकार हैं। 2021 में, उन्हें भारत के चौथे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार, पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विनायक विष्णु खेडेकर (पत्रकार; पद्म श्री से भी सम्मानित), गोपाल प्रसाद दुबे (छऊ नृत्य), और घनकांत बोरा बोरबायन (सत्रिया)।

**Q.425.** निम्नलिखित में से किस व्यक्तित्व ने अपने पुत्रों के साथ वर्ष 2014 में नोबेल शांति पुरस्कार समारोह में 'राग फॉर पीस' (शांति के लिए राग) बजाया ?
SSC CHSL 09/06/2022 (Afternoon)
(a) पंडित राम नारायण
(b) उस्ताद बिस्मिल्लाह खान
(c) पंडित हरिप्रसाद चौरसिया
(d) उस्ताद अमजद अली खान

**Sol.425.(d) उस्ताद अमजद अली खान**:- वह एक भारतीय शास्त्रीय सरोद वादक हैं। उन्हें पद्म श्री (1975), पद्म भूषण (1991), पद्म विभूषण (2001), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1989) और संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप (2011) और फुकुओका एशियाई संस्कृति पुरस्कार (2004) से सम्मानित किया गया।

**Q.426.** भारतीय संगीतकार तन्वी शाह को निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए ग्रैमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया?
SSC CHSL 09/06/2022 (Evening)
(a) बेस्ट अरेंजमेंट (इंस्ट्रूमेंट और वोकल्स)
(b) सर्वश्रेष्ठ वाद्य रचना
(c) विजुअल मीडिया के लिए लिखा गया सर्वश्रेष्ठ गीत
(d) एल्बम ऑफ़ द ईयर

**Sol.426.(c)** तन्वी शाह ग्रैमी अवार्ड 2010- विजुअल मीडिया के लिए लिखा गया सर्वश्रेष्ठ गीत (जय हो )। वह ग्रैमी पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं।

**Q.427.** गुरु देबप्रसाद दास पुरस्कार विजेता दुर्गा चरण रणबीर निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य के शिक्षक और कलाकार हैं?
SSC CHSL 09/06/2022 (Evening)
(a) कथक (b) कथकली (c) मणिपुरी (d) ओडिसी

**Sol.427.(d) ओडिसी।** उन्हें गुरु केलुचरण महापात्र पुरस्कार 2019, केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2005), उड़ीसा संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, वेद व्यास पुरस्कार आदि से सम्मानित किया गया।

**Q.428.** निम्नलिखित में से कौन ख्याल गायन शैली के बनारस घराने के संस्थापक थे?
SSC CHSL 09/06/2022 (Evening)
(a) उस्ताद इनायत खान (b) पंडित गोपाल मिश्रा
(c) उस्ताद मम्मन खान (d) उस्ताद छज्जू खान

**Sol.428.(b) पंडित गोपाल मिश्रा** (सारंगी वादक) । बनारस घराने के मुख्य प्रतिपादक राजन मिश्रा, साजन मिश्रा, गिरिजा देवी और अन्य हैं। उस्ताद मम्मन खान (दिल्ली घराना), उस्ताद छज्जू खान (भिंडी बाजार घराना), उस्ताद इनायत हुसैन खान (रामपुर- सहसवां घराना)।

**Q.429.** अनूप जलोटा भारतीय संगीत की निम्नलिखित श्रेणियों में से किस श्रेणी के लिए प्रसिद्ध है ?
SSC CHSL 10/06/2022 (Morning)
(a) भजन (b) कर्नाटक संगीत
(c) हिन्दुस्तानी संगीत (d) वाद्य यंत्र

**Sol.429.(a) भजन।** भजन कलाकार - अनूप जलोटा, कृष्णा दास, वीणा सहस्रबुद्धे, देवा प्रेमल, वैयासाकी दास, पंडित जसराज, एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी।

**Q.430.** निम्नलिखित में से कौन रामपुर सहसवां घराने से संबंधित नहीं है?
SSC CHSL 10/06/2022 (Afternoon)
(a) उस्ताद राशिद खान
(b) गुलाम मुस्तफा खान
(c) उस्ताद फतेह अली खान
(d) उस्ताद इनायत खान

**Sol.430.(c) उस्ताद फतेह अली खान** पटियाला घराने के हैं। उस्ताद इनायत हुसैन खान रामपुर सहसवां घराने के संस्थापक हैं।

**Q.431.** लौरेम्बम बिनो देवी, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता को निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली में उनके योगदान के लिए पुरस्कार मिला था?
SSC CHSL 10/06/2022 (Afternoon)
(a) कुचिपुड़ी (b) ओडिसी
(c) मणिपुरी (d) सत्रिया

**Sol.431.(c) मणिपुरी। लौरेम्बम बिनो देवी** को 2022 में पद्म श्री मिला। वह मणिपुर साहित्य कला परिषद द्वारा प्रदत्त थौरानिसाबी गोल्ड मेडल (1989) और मणिपुर राज्य कला अकादमी पुरस्कार (1999) सहित कई सम्मान और पुरस्कारों की प्राप्तकर्ता हैं।

**Q.432.** 1976 में, नाट्य तरंगिनी की स्थापना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध कुचिपुड़ी नृत्य युगल _________द्वारा की गई थी।
SSC CHSL 10/06/2022 (Afternoon)
(a) सीता नागाजोथी और पी नागाजोथी
(b) पसुमर्थी विट्ठल और भारती
(c) राधा और राजा रेड्डी
(d) जयराम राव और वनश्री राव

**Sol.432.(c) राधा और राजा रेड्डी** । पुरस्कार- 1984 में पद्म श्री, 2000 में पद्म भूषण, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1991) आदि।

**Q.433.** भारत के भरतनाट्यम और ओडिसी नृत्य रूपों के मलेशियाई कोरियोग्राफर रमाली बिन इब्राहिम ने निम्नलिखित में से किस वर्ष पद्म श्री प्राप्त किया ?
SSC CHSL 10/06/2022 (Afternoon)
(a) 2018 (b) 2020 (c) 2008 (d) 2014

**Sol.433.(a) 2018** ।

**Q.434.** कलामंडलम राजन ने निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2009 प्राप्त किया?
SSC CHSL 10/06/2022 (Evening)
(a) कथकली (b) भरतनाट्यम
(c) कथक (d) ओडिसी

**Sol.434.(a) कलामंडलम राजन** (कथकली)। संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार 2009.

**Q.435**. उस्ताद हस्सू खान, उस्ताद हद्दू खान और उस्ताद नाथू खान _______घराने के प्रतिपादक थे।
SSC CHSL 10/06/2022 (Evening)
(a) बनारसी (b) ग्वालियर
(c) दिल्ली (d) पटियाला

**Sol.435.(b) ग्वालियर** । ग्वालियर घराना (शास्त्रीय संगीत का ग्वालियर स्कूल) भारतीय शास्त्रीय संगीत के सबसे पुराने ख्याल घराने में से एक है।

**Q.436.** निम्नलिखित भारतीय संगीतकारों में से कौन मिकी हार्ट, सिकिरू अदेपोजू और जियोवानी हिडाल्गो के साथ, 'प्लैनेट ड्रम' नामक बैंड का हिस्सा था, जिसके पहले एल्बम को सर्वश्रेष्ठ विश्व संगीत एल्बम के लिए 1992 में ग्रैमी अवार्ड मिला था ,जो इस श्रेणी में पहला ग्रेमी था ?
SSC CGL 19/04/2022 (Afternoon)
(a) भीमसेन जोशी (b) जाकिर हुसैन
(c) रवि शंकर (d) हरिप्रसाद चौरसिया

**Sol.436.(b) जाकिर हुसैन** ।

**Q.437.** 'कोट्टक्कल शिवरामन' निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य से संबंधित है?
SSC CHSL 16/04/2021 (Afternoon)
(a) मोहिनीअट्टम (b) ओडिसी
(c) कथकली (d) भरतनाट्यम

**Sol.437.(c) कथकली**।

## कला पुरस्कार

**Q.438.** गुरु केलुचरण महापात्र वार्षिक पुरस्कार किस राज्य के द्वारा प्रदान किया जाता है ?
SSC Stenographer 12/10/2023 (Afternoon)
(a) कर्नाटक (b) ओडिशा
(c) तमिलनाडु (d) मणिपुर

**Sol.438.(b) ओडिशा।** केलुचरण महापात्र (ओडिसी नर्तक) - ओडिशा से पद्म विभूषण (2000) प्राप्त करने वाले प्रथम व्यक्ति थे। कला पुरस्कार - कालिदास सम्मान (मध्य प्रदेश), जकनचारी पुरस्कार (कर्नाटक), कला रत्न पुरस्कार (आंध्र प्रदेश), तुलसी सम्मान (मध्य प्रदेश), कलैमामणि पुरस्कार (तमिलनाडु), राष्ट्रीय कुमार गंधर्व सम्मान (मध्य प्रदेश), वर्णशिल्पी वेंकटप्पा पुरस्कार (कर्नाटक), पूमपुहार राज्य पुरस्कार (तमिलनाडु)।

**Q.439.** गुरु गंगाधर प्रधान पुरस्कार कला के किस क्षेत्र में दिया जाता है?
SSC Stenographer 12/10/2023 (Evening)
(a) रंगमंच (b) वस्त्र कला
(c) नृत्य (d) चित्रकारी

**Sol.439.(c) नृत्य। गुरु गंगाधर प्रधान -** एक

प्रख्यात ओडिसी प्रतिपादक। उन्होंने प्रतिष्ठित उड़ीसा नृत्य अकादमी और कोणार्क नाट्य मंडप दोनों की स्थापना की थी। पुरस्कार - पद्म श्री (2008), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1997)।

**Q.440.** कालिदास सम्मान की आवृत्ति क्या है?
SSC Stenographer 12/10/2023 (Evening)
(a) तीन साल में एक बार
(b) दो साल में एक बार
(c) साल में एक बार
(d) पाँच साल में एक बार

**Sol.440.(c) साल में एक बार** (मध्य प्रदेश सरकार द्वारा)। कालिदास सम्मान - पहली बार 1980 में प्रदान किया गया था। प्रथम प्राप्तकर्ता (1980-81):- सेम्मनगुडी श्रीनिवास अय्यर (शास्त्रीय संगीत), मल्लिकार्जुन मंसूर (शास्त्रीय संगीत)।

**Q.441.** निम्नलिखित में से कौन-सी प्रदर्शन श्रेणी गुरु केलुचरण महापात्र और गुरु केलुचरण महापात्र युवा प्रतिभा सम्मान से संबंधित है ?
SSC Stenographer 13/10/2023 (Morning)
(a) मणिपुरी नृत्य और संगीत
(b) ओडिसी नृत्य और संगीत
(c) महाराष्ट्र नृत्य और संगीत
(d) कर्नाटक नृत्य और संगीत

**Sol.441.(b) ओडिसी नृत्य एवं संगीत।** गुरु केलुचरण महापात्र पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1995 में श्री रतिकांत महापात्र द्वारा नृत्य, संगीत, सिनेमा और रंगमंच के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए व्यक्तियों को मान्यता प्रदान करने के लिए की गई थी। पुरस्कार राशि - 1,00,000 रूपये।

**Q.442.** अनिंदिता नियोगी अनाम ने निम्नलिखित में से किस श्रेणी में राष्ट्रीय नृत्य शिरोमणि पुरस्कार प्राप्त किया?
SSC Stenographer 13/10/2023 (Afternoon)
(a) कथक (b) मणिपुरी
(c) भरतनाट्यम (d) कुचिपुड़ी

**Sol.442.(a) कथक।**

**Q.443.** आरुषि मुद्गल को _______नृत्य के लिए गुरु केलुचरण महापात्र युवा प्रतिभा सम्मान, 2021 से सम्मानित किया गया।
SSC CPO 03/10/2023 (Morning)
(a) मोहिनीअट्टम (b) कुचिपुड़ी
(c) कथक (d) ओडिसी

**Sol.443.(d) ओडिसी -** शास्त्रीय नृत्य रूप जिनकी उत्पत्ति पूर्वी तटीय राज्य (ओडिशा) के हिंदू मंदिरों में हुई थी।

**Q.444.** किस भारतीय संगीतकार ने 1994 में राय कूडर के साथ 'ए मीटिंग बाय द रिवर' (A Meeting by The River) के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीता था ?
SSC MTS 01/09/2023 (3rd Shift)
(a) रविशंकर (b) विश्व मोहन भट्ट
(c) हरिप्रसाद चौरसिया (d) जाकिर हुसैन

**Sol.444.(b) विश्व मोहन भट्ट।** वह 'मोहन वीणा' वादक हैं। पुरस्कार: पद्म भूषण (2017), पद्म श्री (2002), संगीत नाटक अकादमी (1998)। अन्य वीणा वादक: जिया मोहिउद्दीन डागर, सुंदरम बालाचंदर, इमानी शंकर शास्त्री, गोपाल शंकर मिश्रा।

**Q.445.** किस भारतीय संगीतकार को उनके एल्बम 'प्लैनेट ड्रम (Planet Drum) के लिए ग्रैमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
SSC MTS 05/09/2023 (1st Shift)
(a) जाकिर हुसैन (b) शिवमणि
(c) दर्शन दोशी (d) त्रिलोक गुर्टू

**Sol.445.(a) ज़ाकिर हुसैन** (तबला वादक): पुरस्कार - पद्म विभूषण (2023), कालिदास सम्मान (2006), पद्म भूषण (2002), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1990), पद्म श्री (1988)।

**Q.446.** शास्त्रीय नृत्य के राष्ट्रीय पुरस्कार को _________कहा जाता है।
SSC MTS 05/09/2023 (2nd Shift)
(a) जातीय नृत्य सम्मान
(b) भारतीय पुरस्कार
(c) अभिनंदन सरोजा पुरस्कार
(d) शास्त्रीय सम्मान

**Sol.446.(c) अभिनंदन सरोजा पुरस्कार।** यह भारत के समृद्ध पारंपरिक शास्त्रीय नृत्य रूप को संरक्षित करने में उनके योगदान के लिए नर्तकियों और कोरियोग्राफरों को राष्ट्रीय शास्त्रीय नृत्य संस्थान द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। 2021 पुरस्कार विजेता - अपर्णा सतीसन जो भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नृत्य की प्रतिपादक हैं।

**Q.447.** 1984 में स्थापित, राष्ट्र-स्तरीय लता मंगेशकर पुरस्कार _________सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष सुगम संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए दिया जाता है।
SSC MTS 12/09/2023 (3rd Shift)
(a) मध्यप्रदेश (b) राजस्थान
(c) कर्नाटक (d) गोवा

**Sol.447.(a) मध्य प्रदेश**। लता मंगेशकर (उनकी सम्मानजनक उपाधियाँ जैसे "क्वीन ऑफ़ मेलोडी", "वॉयस ऑफ़ द मिलेनियम") एक भारतीय पार्श्व गायिका और संगीतकार थीं। नौशाद, किशोर कुमार और आशा भोंसले लता मंगेशकर पुरस्कार पाने वाले प्रथम व्यक्तियों में से हैं।

**Q.448.** निम्नलिखित में से कौन भारतीय नृत्य के क्षेत्र में पुरस्कार और मान्यता प्रदान करता है?
SSC CHSL 09/08/2023 (1st shift)
(a) इनटैक (INTACH)
(b) संगीत नाटक अकादमी
(c) साहित्य अकादमी
(d) ललित कला अकादमी

**Sol.448.(b) संगीत नाटक अकादमी**: देश में प्रदर्शन कला के क्षेत्र में सर्वोच्च संस्था की स्थापना 1953 में की गयी थी। अकादमी के अध्यक्ष की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा पाँच वर्ष की अवधि के लिए की जाती है। **साहित्य अकादमी** (1954) : मुख्यालय - रवीन्द्र भवन, दिल्ली। **ललित कला अकादमी** (1954) - मुख्यालय - रवीन्द्र भवन, दिल्ली। **INTACH** - इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (1984)। मुख्यालय - नई दिल्ली।

**Q.449.** निम्नलिखित कथक नर्तक/नर्तकियों में से किसे गुरु गोपीनाथ राष्ट्रीय पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया?
SSC CHSL 09/08/2023 (4th shift)
(a) दुर्गा लाल (b) रौशन कुमारी
(c) कुमुदिनी लखिया (d) शंभु महाराज

**Sol.449.(c) कुमुदिनी लाखिया,** एक भारतीय कथक नृत्यांगना और कोरियोग्राफर । पुरस्कार - पद्म श्री (1987), पद्म भूषण (2010)। "गुरु गोपीनाथ देसिया नाट्य पुरस्कार" नृत्य में उत्कृष्टता के लिए केरल सरकार द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है।

**Q.450.** निम्नलिखित में से किस कलाकार ने 1975 में मीना गुर्जरी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता था?
SSC CGL 14/07/2023 (3rd shift)
(a) सोनल मानसिंह (b) सितारा देवी
(c) शोवना नारायण (d) मल्लिका साराभाई

**Sol.450.(d) मल्लिका साराभाई** (भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नृत्यांगना)। पुरस्कार: पद्म भूषण (2010)।

**Q.451.** प्रसिद्ध मणिपुरी नृत्यांगना, श्रुति बंदोपाध्याय की उपलब्धियों के संदर्भ में सही कथन का चयन करें।
SSC CGL 14/07/2023 (4th shift)
(a) उन्हें वर्ष 2020 के लिए पद्म श्री मिला।
(b) उन्हें वर्ष 2020 का संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार मिला।
(c) उन्हें वर्ष 2020 के लिए कालिदास सम्मान मिला।
(d) उन्हें वर्ष 2020 के लिए पद्म विभूषण मिला।

**Sol.451.(b) संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2020)।** उन्हें क्रमशः यूएसए और यूके में भारतीय नृत्यों पर व्याख्यान देने और प्रदर्शन करने के लिए विजिटिंग लेक्चरर फुलब्राइट फ़ेलोशिप (2007) और अकादमिक स्टाफ कॉमनवेल्थ फ़ेलोशिप (2012) से सम्मानित किया गया है।

**Q.452.** प्रसिद्ध नर्तक बिरजू महाराज ने 2016 में किस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ नृत्य निर्देशक का फिल्मफेयर पुरस्कार जीता था?
SSC CGL 21/07/2023 (4th shift)
(a) बेफिक्रे (b) दंगल
(c) मोहनजो दारो (d) बाजीराव मस्तानी

**Sol.452.(d) बाजीराव मस्तानी** (गीत - मोहे रंग दो लाल) ।

**Q.453.** _____ने 67वें राष्ट्रीय पुरस्कार में फिल्म 'विश्वासम' में अपनी संगीत एल्बम के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक का राष्ट्रीय पुरस्कार जीता।
Graduate Level 30/06/2023 ( Shift - 1)
(a) मणि शर्मा (b) एम. एम. कीरावणी
(c) अनिरुद्ध रवि चंदर (d) डी इम्मान

**Sol.453.(d) डी इम्मान । एम. एम. कीरावनी** (संगीतकार) - पद्म श्री (2023), सर्वश्रेष्ठ संगीत के लिए अकादमी पुरस्कार (RRR गीत) - नाटु नाटु, सर्वश्रेष्ठ मूल गीत के लिए गोल्डन ग्लोब पुरस्कार 2023 - नाटु नाटु, सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 1998 - अन्नमय्या।

**Q.454.** देवदास स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार किस

राज्य से संबंधित है ?
Matric Level 28/06/2023 (Shift - 1)
(a) राजस्थान (b) बिहार
(c) झारखंड (d) छत्तीसगढ़

**Sol.454.(d) छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ के पुरस्कार** - गुरु घासीदास सम्मान, चक्रधर सम्मान, देवदास बंजारे स्मृति पुरस्कार, किशोर साहू सम्मान। **मध्य प्रदेश के पुरस्कार** - कालिदास सम्मान, कबीर सम्मान, तानसेन सम्मान, किशोर कुमार सम्मान, लता मंगेशकर पुरस्कार, मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार, देवी अहिल्याबाई पुरस्कार, इकबाल सम्मान। **उत्तर प्रदेश के पुरस्कार** - विश्व भारती पुरस्कार, महर्षि वाल्मिकी पुरस्कार, महर्षि व्यास पुरस्कार, महर्षि नारा पुरस्कार, वेद पंडित पुरस्कार।

**Q.455.** निम्नलिखित में से किस गायक को दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
SSC CHSL 15/03/2023 (1st Shift)
(a) गीता दत्त (b) सोनू निगम
(c) तलत महमूद (d) आशा भोसले

**Sol.455.(d) आशा भोसले (48वीं)।** दादासाहेब फाल्के पुरस्कार के कुछ अन्य प्राप्तकर्ता: आशा पारेख (68वीं), रजनीकांत (67वें), अमिताभ बच्चन (66वें)। पुरस्कार का नाम धुंडीराज गोविंद फाल्के(दादा साहेब फाल्के ) ("भारतीय सिनेमा के जनक") के नाम पर रखा गया है; दादासाहेब फाल्के द्वारा निर्देशित पहली फिल्म 1913 में 'राजा हरिश्चंद्र' थी। दादासाहेब फाल्के पुरस्कार की पहली प्राप्तकर्ता देविका रानी थीं जिन्हे 1969 में प्रदान किया गया था ।

**Q.456.** 2019 में संगीत नाटक अकादमी फेलो को कितना नकद पुरस्कार (पर्स मनी) दिया गया ?
SSC CGL 01/12/2022 (4th Shift)
(a) ₹4 लाख (b) ₹3 लाख
(c) ₹2 लाख (d) ₹1 लाख

**Sol.456.(b) ₹3 लाख।** संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप: भारत में प्रदर्शन कला के लिए सम्मानित, (संगीत नाटक अकादमी) द्वारा प्रायोजित, पहला पुरस्कार (1954: अलाउद्दीन खान, हाफिज अली खान, अरियाकुडी रामानुज अयंगर, कराईकुडी संबाशिव अय्यर, और पृथ्वीराज कपूर)।

**Q.457.** मन्ना डे को किस वर्ष के लिए दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
SSC CGL 03/12/2022 (4th Shift)
(a) 2015 (b) 2019 (c) 2007 (d) 2001

**Sol.457.(c) 2007** । मन्ना डे (गायक) भिंडी बाजार घराने से संबंधित थे और उस्ताद अमन अली खान के अधीन प्रशिक्षित थे।

**Q.458.** 2019 में अकादमी पुरस्कार प्राप्त करने वाले को कितना नकद पुरस्कार (पर्स मनी) दिया गया?
SSC CGL 05/12/2022 (3rd Shift)
(a) ₹1 लाख (b) ₹4 लाख
(c) ₹2 लाख (d) ₹3 लाख

**Sol.458.(a) 1 लाख** और एक ताम्रपत्र। साहित्य अकादमी पुरस्कार: {स्थापित (1954), 24 भाषाओं में दिया जाता है }। पुरस्कार राशि, स्थापना के बाद से 5,000 रुपये थी । यह पुरस्कार साहित्य अकादमी (नेशनल एकेडमी ऑफ लेटर्स) द्वारा प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।

**Q.459.** श्री षणमुखानंद राष्ट्रीय प्रतिष्ठित पुरस्कार कब स्थापित किया गया था?
SSC CHSL 24/05/2022 (Afternoon)
(a) 2001 (b) 2002 (c) 2000 (d) 2003

**Sol.459.(b) 2002** । पुरस्कार विजेता **2002**- श्री सेम्मनगुडी श्रीनिवासियर (कर्नाटक गायन), **2018**- जाकिर हुसैन (तबला), **2019**- डॉ उमयालपुरम शिवरामन (मृदंगम) और कल्याणपुरम श्री आर.अरवमुदचारी (हरिकथा)। **2020**- पंडित अरविंद पारिख (हिंदुस्तानी सितार)।

**Q.460.** निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में कालिदास सम्मान प्रदान नहीं किया जाता है?
SSC CHSL 24/05/2022 (Evening)
(a) शास्त्रीय संगीत (b) शास्त्रीय नृत्य
(c) कठपुतली (d) प्लास्टिक कला

**Sol.460.(c) कठपुतली** एक एनिमेटेड दृश्य कला रूप है। कालिदास सम्मान (2020) - अरुणा साईराम भारतीय संगीत (कर्नाटक संगीत)। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है।

**Q.461.** बी हेरंबनाथन जिन्हें 2013 में 'संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था, एक ________ नर्तक हैं।
SSC CHSL 25/05/2022 (Evening)
(a) ओडिसी (b) कुचिपुड़ी
(c) भरतनाट्यम (d) कथक

**Sol.461.(c) भरतनाट्यम** । वह तंजावुर नट्टुवंगा परंपरा के सबसे वरिष्ठ कोरियोग्राफर और नृत्य शिक्षक हैं। 1989 में, उन्होंने तंजावुर में भरतनाट्यम के तंजावुर बावु पिल्लई स्कूल की स्थापना की।

**Q.462.** भरतनाट्यम नृत्य के निम्नलिखित प्रतिपादकों में से किसे 2004 में फ्रांस सरकार से 'शेवेलियर ऑफ आर्ट्स एंड लेटर्स अवार्ड' मिला?
SSC CHSL 27/05/2022 (Morning)
(a) मल्लिका साराभाई (b) सोनल मानसिंह
(c) मृणालिनी साराभाई (d) अलार्मेल वल्ली

**Sol.462.(d) अलार्मेल वल्ली** । वह पंडानल्लूर शैली (भरतनाट्यम) की प्रतिपादक हैं।

**Q.463.** कलैमामणि पुरस्कार भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में दिए जाते हैं?
SSC CHSL 27/05/2022 (Morning)
(a) तमिलनाडु (b) तेलंगाना
(c) केरल (d) ओडिशा

**Sol.463.(a) तमिलनाडु**। कलैमामणि भारत के तमिलनाडु राज्य का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। इस पुरस्कार से उन लोगों को सम्मानित किया जाता है, जो कला के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ हैं। इस पुरस्कार को पहली बार 1954 में दिया गया था।

**Q.464.** किस भारतीय नृत्यांगना को 1977 में फ्रांसीसी सरकार द्वारा “फ्रेंच पाल्मे डी'ओर” से सम्मानित किया गया था?
SSC CHSL 31/05/2022 (Evening)
(a) चित्रा विश्वेश्वरन (b) ऊपाली ओपेराजिता
(c) मल्लिका साराभाई (d) काव्या माधवान

**Sol.464.(c) मल्लिका साराभाई** गुजरात की कुचिपुड़ी और भरतनाट्यम नृत्यांगना हैं। उनके लेखन में 'इन फ्री फाल : माइ एक्स्पेरमेन्ट विद लिविंग' शामिल हैं। चित्रा विश्वेश्वरन (भरतनाट्यम नर्तकी), ऊपाली ओपेराजिता (शास्त्रीय ओडिसी और भरतनाट्यम नर्तकी), और काव्या माधवन (भरतनाट्यम) नर्तक हैं।

**Q.465.** 'उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार' निम्नलिखित में से किस संस्था द्वारा दिया जाता है?
SSC CHSL 01/06/2022 (Afternoon)
(a) राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा)
(b) भारतीय विद्या भवन
(c) गंधर्व महाविद्यालय
(d) संगीत नाटक अकादमी

**Sol.465.(d) संगीत नाटक अकादमी** (1953 में गठित)। 'उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार' 40 वर्ष से कम उम्र के उत्कृष्ट कलाकारों को दिया जाता है जिन्होंने संगीत, नृत्य और रंगमंच के क्षेत्र में प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। प्रथम पुरस्कार- 2006. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (1959), भारतीय विद्या भवन (1938)।

**Q.466.** भरत मुनि सम्मान कौन देता है?
SSC CHSL 01/06/2022 (Afternoon)
(a) नालंदा नृत्य अनुसंधान केंद्र
(b) भारत सरकार
(c) संगीत नाटक अकादमी
(d) राज्य सरकार

**Sol.466.(a)** नालंदा नृत्य अनुसंधान केंद्र । भरत मुनि सम्मान (2011 में शुरू हुआ)। 1966 में, इस केंद्र की स्थापना मुंबई में कनक रेले (मोहिनीअट्टम के प्रतिपादक) द्वारा की गई थी।

## संगीत वाद्ययंत्र

**Q.467.** हरि प्रसाद चौरसिया किस वाद्य यंत्र के उल्लेखनीय प्रतिपादक हैं ?
SSC Stenographer 13/10/2023 (Evening)
(a) बांसुरी (b) वीणा (c) सरोद (d) सितार

**Sol.467.(a) बांसुरी।** हरिप्रसाद चौरसिया पुरस्कार: पद्म भूषण (1992), पद्म विभूषण (2000), गान सम्राज्ञी लता मंगेशकर पुरस्कार (2021-22), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1983)। कुछ अन्य बांसुरी वादक: रोनू मजूमदार, राकेश चौरसिया, पन्नालाल घोष, नित्यानंद हल्दीपुर, विवेक सोनार।

**Q.468.** संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रभात सर्मा असम के एक _____वादक थे।
SSC CPO 03/10/2023 (Afternoon)
(a) तबला (b) सारंगी (c) घटम् (d) बांसुरी

**Sol.468.(d) बांसुरी।** प्रभात सरमा के पुरस्कार:- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2003), असम सरकार द्वारा असोम शिल्पी दिवस पुरस्कार (2001)। बांसुरी वुडविंड (woodwind) परिवार समूह का हिस्सा है।

**Q.469.** प्रसिद्ध संगीतकार तलवीन सिंह _______ वादन से संबंधित हैं।
SSC CPO 03/10/2023 (Evening)
(a) तबला (b) बांसुरी (c) वीणा (d) शहनाई

**Sol.469.(a) तबला।** अन्य तबला वादक: जाकिर हुसैन, उस्ताद अल्लाह रक्खा, पंडित शंकर घोष, पंडित उदय मजूमदार, पंडित विजय घाटे।

**Q.470.** असद अली खान निम्नलिखित में से किस भारतीय वाद्य यंत्र को बजाने के लिए जाने जाते थे ?
SSC CPO 04/10/2023 (Morning)
(a) सितार (b) रुद्र वीणा
(c) वायलिन (d) तबला

**Sol.470.(b) रूद्र वीणा।** यह एक तार वाला वाद्य यंत्र है, जो सागौन की लकड़ी, धातु, कद्दू और बांस से बना होता है। उन्हें पद्म भूषण (2008) और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1977) मिला। रुद्र वीणा प्रतिपादक: - मधुवंती पाल, बहाउद्दीन डागर, ज़िया मोहिउद्दीन डागर।

**Q.471.** प्रसिद्ध वादक पंडित राम नारायण निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र को बजाने के लिए जाने जाते हैं?
SSC CPO 04/10/2023 (Evening)
(a) सारंगी (b) सरोद (c) वीणा (d) घटम्

**Sol.471.(a) सारंगी।** सारंगी एक झुका हुआ तार वाला वाद्य यंत्र है जिसमें त्वचा से ढका हुआ अनुनादक होता है। पंडित राम नारायण को पद्म श्री (1976), पद्म भूषण (1991) और पद्म विभूषण (2005) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अन्य सारंगी वादक - उस्ताद सुल्तान खान, उस्ताद बिंदा खान, सुहाली यूसुफ खान।

**Q.472.** हर शंकर भट्टाचार्य ________के उत्पाद (maestro) है।
SSC CPO 05/10/2023 (Morning)
(a) वायलिन (b) संतूर (c) सारंगी (d) सितार

**Sol.472.(d) सितार:** यह ल्यूट परिवार का एक तारयुक्त वाद्ययंत्र है। इसके अन्य कलाकार - पंडित रविशंकर, निखिल बनर्जी, विलायत खान।

**Q.473.** नीरुस्वामी पिल्लई और राजारतनम पिल्लई किस वाद्य - यंत्र के प्रतिपादक (exponents) हैं?
SSC CPO 05/10/2023 (Evening)
(a) मृदंगम (b) मैन्डोलिन
(c) नादस्वरम (d) सारंगी

**Sol.473.(c) नादस्वरम**। यह दक्षिण भारत का एक डबल रीड पवन वाद्य यंत्र है। अन्य प्रतिपादक - शेख चिन्ना मौलाना, करुकुरिची अरुणाचलम, तिरुविझा जयशंकर, और नामगिरिपेट्टई कृष्णन। मृदंगम - रामनाद राघवन, टी. के. मूर्ति, दंडमुडी राम मोहन राव, टी. गोपालकृष्णन। मैंडोलिन - उप्पलपु श्रीनिवास, किशोर देसाई।

**Q.474.** पंडित भजन सोपोरी, जिनका वर्ष 2022 में निधन हो गया, किस संगीत वाद्ययंत्र के प्रसिद्ध वादक थे?
SSC MTS 01/09/2023 (2nd Shift)
(a) रावणहत्था (b) तबला (c) सितार (d) संतूर

**Sol.474.(d) संतूर** (स्ट्रिंग वाद्ययंत्र)। भजन सोपोरी (संतूर के संत और स्ट्रिंग्स के राजा) भारतीय शास्त्रीय संगीत के सूफियाना घराने से सम्बंधित थे। **पुरस्कार:** पद्म श्री (2004), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1993)। **संतूर वादक:** पंडित शिवकुमार शर्मा, अभय सोपोरी, तरूण भट्टाचार्य।

**Q.475.** टी. एन. राजरत्नम पिल्लई निम्नलिखित में से कौन-से संगीत वाद्ययंत्र के वादक हैं?
SSC MTS 05/09/2023 (2nd Shift)
(a) घटम (b) सारंगी (c) नादस्वरम (d) शहनाई

**Sol.475.(c) नादस्वरम।** यह उत्तर भारत की शहनाई के समान दक्षिण भारत का एक डबल रीड वायु वाद्य यंत्र है। नादस्वरम के अन्य वादक : शेख चिन्ना मौलाना, शेख महबूब सुभानी और नामगिरिपेट्टई कृष्णन।

**Q.476.** निम्नलिखित भारतीय संगीतकारों में से मोहन वीणा के आविष्कारक कौन हैं?
SSC MTS 12/09/2023 (1st Shift)
(a) तोताराम शर्मा (b) ब्रज भूषण काबरा
(c) पंडित विश्वमोहन भट्ट (d) संदीप दास

**Sol.476.(c) पंडित विश्वमोहन भट्ट।** पुरस्कार - सर्वश्रेष्ठ वैश्विक संगीत एल्बम (ए मीटिंग बाय द रिवर) के लिए ग्रैमी अवार्ड (1994), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1998), पद्म श्री (2002), पद्म भूषण (2017)। अन्य मोहन वीणा वादक - हैरी मैक्स, मैट मैली। तोताराम शर्मा (पखावज वादक)। बृज भूषण काबरा (गिटार वादक)। संदीप दास (तबला वादक)।

**Q.477.** एन राजम कौन-से संगीत वाद्ययंत्र के वादक हैं?
SSC MTS 14/09/2023 (1st Shift)
(a) सितार (b) वायलिन (c) संतूर (d) गिटार

**Sol.477.(b) वायलिन। अन्य वादक:** वायलिन वादक - रागिनी शंकर, कला रामनाथ, बालाभास्कर। सितार वादक - उस्ताद शाहिद परवेज़ खान। संतूर वादक - पंडित शिवकुमार शर्मा, सतीश व्यास। गिटार वादक - बैजू धर्मजन, सुस्मित सेन, अमित दत्ता।

**Q.478.** उस्ताद अकबर अली खान को निम्नलिखित में से किस संगीत वाद्ययंत्र में उनके योगदान के लिए याद किया जाता है?
SSC CHSL 02/08/2023 (2nd shift)
(a) तबला (b) संतूर (c) सितार (d) सरोद

**Sol.478.(d) सरोद।** अकबर अली खान (मैहर घराना)। पुरस्कार- पद्म भूषण (1967), पद्म विभूषण (1989)। **प्रसिद्ध वादक** (सरोद): अमजद अली खान, बुद्धदेव दास गुप्ता, तेजेंद्र मजूमदार, अलाउद्दीन खान।

**Q.479.** आर. के. बीजापुरे निम्नलिखित में से कौन-सा संगीत वाद्ययंत्र बजाते थे?
SSC CHSL 02/08/2023 (3rd shift)
(a) हारमोनियम (b) तबला
(c) रावणहत्था (d) सितार

**Sol.479.(a) हारमोनियम।** आर के बीजापुरे (1985 - संगीत नृत्य अकादमी द्वारा "कर्नाटक कला तिलक")।संगीत वाद्ययंत्र और उनके वादक : हारमोनियम - पुरूषोत्तम वालावलकर, अप्पा जलगांवकर। रावणहत्था - दिनेश सुबासिंघे।

**Q.480.** अरविंद पारिख का संबंध निम्नलिखित में से किस वाद्ययंत्र से है ?
SSC CHSL 03/08/2023 (2nd shift)
(a) शहनाई (b) मृदंगम (c) तबला (d) सितार

**Sol.480.(d) सितार। अरविंद पारिख:** पुरस्कार - पद्म भूषण (2018), संगीत नाटक अकादमी (2003)। **सितार** - पं. रविशंकर, बुधादित्य मुखर्जी।

**Q.481.** उस्ताद विलायत खान का नाम निम्नलिखित में से किस भारतीय वाद्ययंत्र से संबंधित है?
SSC CHSL 08/08/2023 (1st shift)
(a) संतूर (b) सितार (c) बांसुरी (d) तबला

**Sol.481.(b) सितार।**

**Q.482.** भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम कौन -सा वाद्य यंत्र बजाया करते थे?
SSC CHSL 09/08/2023 (3rd shift)
(a) गिटार (b) सरोद (c) वीणा (d) पियानो

**Sol.482.(c) वीणा** (तारवाला वाद्ययंत्र)। APJ अब्दुल कलाम : उन्होंने भारत के 11वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया और उन्हें भारत के मिसाइल मैन के रूप में जाना जाता है। वीणा के प्रतिपादक : राजेश वैध्य, जयंती कुमारेश, वीणा ई. गायत्री, इमानी शंकर शास्त्री।

**Q.483.** रामनाद वी राघवन का संबंध निम्नलिखित में से किस वाद्ययंत्र से है?
SSC CHSL 11/08/2023 (1st shift)
(a) मृदंगम (b) बांसुरी (c) सितार (d) सरोद

**Sol.483.(a) मृदंगम।** प्रसिद्ध मृदंगम वादक: ए.वी.आनंद, मुथैया भगवतार, गुरुवयूर दोराई, पालघाट मणि अय्यर कराईकुडी मणि, टी. के. मूर्ति।

**Q.484.** तोताराम शर्मा का संबंध निम्नलिखित में से किस वाद्ययंत्र से है?
SSC CHSL 17/08/2023 (4th shift)
(a) तानपुरा (b) पंचवाद्यम (c) पखावज (d) सारंगी

**Sol.484.(c) पखावज** एक बैरल के आकार का, दो सिरों वाला ड्रम है, जो भारतीय उपमहाद्वीप से उत्पन्न हुआ है। तोताराम शर्मा को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (2011) मिला । प्रसिद्ध पखावज वादक: पंडित पुरूषोत्तम दास, मोहन श्याम शर्मा, भवानी शंकर, पंडित प्रेम वल्लभ।

**Q.485.** संगीतकार शिवमणि किस संगीत वाद्य यंत्र से सम्बंधित हैं?
SSC CGL 17/07/2023 (4th shift)
(a) ड्रम (b) वायलिन (c) शहनाई (d) सरोद

**Sol.485.(a) ड्रम।** पुरस्कार- कलईमामणि (2009), पद्म श्री (2019)।

**Q.486.** निम्नलिखित में से कौन, वाद्य यंत्र सुरबहार से संबंधित है?
SSC CGL 18/07/2023 (1st shift)
(a) अन्नपूर्णा देवी (b) शिव कुमार शर्मा
(c) शरण रानी (d) भजन सोपारी

**Sol.486.(a) अन्नपूर्णा देवी।** सम्मानित - 1977 में पद्म भूषण। अन्य सुरबहार संगीतकार - कुशल दास, इमरत खान, मुश्ताक अली खान, हिरेन रॉय, इरशाद खान।

**Q.487.** संगीत वाद्ययंत्रों के उनकी संबंधित शख्सियतों के दिए गए अनुक्रम के अनुसार सही क्रम का चयन करें : उस्ताद अल्ला रक्खा, तोताराम शर्मा, टी.एच. विनायकम
SSC CGL 18/07/2023 (3rd shift)
(a) तबला, घटम, पखावज
(b) घटम, पखावज, तबला
(c) तबला, पखावज, घटम
(d) पखावज, तबला, घटम

**Sol.487.(c) तबला, पखावज, घटम ।** तबला उत्तर भारत का सबसे प्रसिद्ध ताल वाद्य यंत्र है। पखावज एक प्राचीन ढोल है, यह ध्रुपद नामक प्राचीन गायन शैली का पसंदीदा ताल वाद्य है। घाटम एक बड़ा, संकीर्ण मुंह वाला मिट्टी का बर्तन है जिसका उपयोग ताल वाद्य यंत्र के रूप में किया जाता है ।

**Q.488.** तानसेन, जो अकबर के नवरत्नों में शामिल थे, निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र के वादन में निपुण थे ?
SSC CGL 18/07/2023 (4th shift)
(a) नगाड़ा (b) वीणा (c) सारंगी (d) रबाब

**Sol.488.(d) रबाब** (तार वाद्ययंत्र)। **तानसेन** (रामतनु पांडे) - एक हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीतकार जिन्हें संगीत सम्राट या मियां (विद्वान) के नाम से भी जाना जाता है। तानसेन समारोह हर वर्ष दिसंबर के महीने में ग्वालियर जिले में मनाया जाता है।

**Q.489.** प्रसिद्ध संगीतकार फैयाज खान किस वाद्य - यंत्र से संबंधित हैं?
SSC CGL 19/07/2023 (3rd shift)
(a) शहनाई (b) वीणा (c) तबला (d) सितार

**Sol.489.(c) तबला** (मेम्ब्रानोफोन पर्कशन इंस्ट्रूमेंट)। 1908 में मैसूर के महाराजा ने उन्हें "आफताब-ए-मौसिकी" (संगीत का सूर्य) की उपाधि से सम्मानित किया।

**Q.490.** निम्नलिखित में से उस भारतीय संगीतकार का चयन करें, जो ताल वाद्ययंत्रों (प्रहार द्वारा बजाया जाने वाला) से जुड़ा है।
SSC CGL 24/07/2023 (3rd shift)
(a) पंडित रविशंकर (b) विश्व मोहन भट
(c) पंडित अयोध्या प्रसाद (d) बिस्मिल्लाह खान

**Sol.490.(c) पंडित अयोध्या प्रसाद ।** ताल वाद्य:- घटम - TH विनायकराम, EM सुब्रमण्यम , मृदंगम - दक्षिणमूर्ति पिल्लई, राजना स्वामीनाथन। बांसुरी वाद्ययंत्र:- गिटार - ब्रज भूषण काबरा।

**Q.491.** निम्नलिखित में से कौन-सा वाद्ययंत्र नंदिनी और रागिनी शंकर द्वारा बजाया जाता है?
Matric Level 27/06/2023 (Shift - 2)
(a) वीणा (b) सितार (c) वायलिन (d) मृदंग

**Sol.491.(c) वायलिन।** अन्य प्रतिपादक - ज्योत्सना श्रीकांत, अभिजीत P.S. नायर, L. सुब्रमण्यम, K. वैद्यनाथन, नागाई आर मुरलीधरन, मोहनन चन्द्रशेखरन। **वीणा** - मुथुस्वामी दीक्षितार, वीनाई धनम्मल, दोराईस्वामी अयंगर, इमानी शंकर शास्त्री, एस बालाचंदर। **मृदंगम** - तंजौर रामदास राव, पालघाट रामचन्द्र अय्यर, रामनाद वी राघवन, कराईकुडी आर मणि, गुरुवयूर दोराई।

**Q.492.** निम्नलिखित में से कौन सा वाद्य यंत्र ठोस यंत्र हैं ?
SSC CHSL 10/03/2023 (3rd Shift)
(a) तत वाद्य (b) घन वाद्य
(c) अवनद्ध वाद्य (d) सुषिर वाद्य

**Sol.492.(b) घन वाद्य। ठोस यंत्र** आमतौर पर स्ट्राइकर या हथौड़े से बजाए जाते हैं। ये वाद्य यंत्र निश्चित स्वरों को उत्पन्न करने में सक्षम नहीं हैं जो एक राग बनाने के लिए आवश्यक हैं। इसीलिए शास्त्रीय संगीत में इनका प्रयोग सीमित है। **तत वाद्य** - ये तार वाले वाद्य हैं। **अवनद्ध वाद्य** - ये तालवाद्य हैं। **सुषिर वाद्य** - ये वायु वाद्य हैं। शहनाई भारत में एक लोकप्रिय वायु वाद्य यंत्र है।

**Q.493.** शहनाई एक सरकंडा युक्त वाद्य (reed instrument) है इसमें नलिका के ऊपर कितने छिद्र होते हैं ।
SSC CHSL 13/03/2023 (1st Shift)
(a) पाँच (b) सात (c) ग्यारह (d) छह

**Sol.493.(b) सात। शहनाई -** यह एक लकड़ी और धातु से निर्मित वाद्य यंत्र है जिसमें नली के साथ सात छिद्र होते हैं जिन्हें उंगलियों से खोलकर और बंद करके राग बजाने के लिए उपयोग किया जाता है। इसे मंगल वाद्य के नाम से जाना जाता है। माना जाता है कि यह पश्चिम एशिया से भारत आया था। इस सदी के शुरुआती पचास के दशक में, उस्ताद बिस्मिल्लाह खान को इस वाद्य यंत्र को लोकप्रिय बनाने का श्रेय दिया जाता है। पं. अनंत लाल और पं. दया शंकर भी एक प्रसिद्ध शहनाई वादक हैं।

**Q.494.** तत वाद्य क्या है?
SSC CHSL 16/03/2023 (2nd Shift)
(a) ताल वाद्य
(b) तार वाद्य
(c) ठोस वाद्य (घन वाद्य)
(d) वायु वाद्य (सुषिर वाद्य)

**Sol.494.(b) तार वाद्य । तत वाद्य** - एक तार या तार के कंपन से उत्पन्न ध्वनि। उदाहरण - वीणा, सितार, सारंगी आदि। **ताल वाद्य -** कांगो, बोंगो, जेम्बे, दरबुका, हैंड ड्रम और टंग ड्रम। इडियोफोन या घन वाद्य, **ठोस वाद्य** हैं जिन्हें अधिक ट्यूनिंग की आवश्यकता नहीं होती है। उदाहरण - पिकोलो, मंजीरा, जलतरंग, झांझ, और चिमटा। **वायु वाद्य** - काष्ठ वाद्य जैसे कि बांसुरी, शहनाई, ओबो और बेसून में पीतल के वाद्य यंत्र - हॉर्न और तुरही भी शामिल हैं।

**Q.495.** बांसुरी वाद्य किस प्रकार के वाद्य यंत्रों की श्रेणी में आते हैं ?
SSC CHSL 20/03/2023 (4th Shift)
(a) घन वाद्य (b) सुषिर वाद्य
(c) अवनद्ध वाद्य (d) तत वाद्य

**Sol.495.(b) सुषिर वाद्य** (वायु यंत्र)। उदाहरण - बांसुरी, शहनाई, नादस्वरम। **घन वाद्य -** विश्व का प्रथम वाद्य यंत्र माना जाता है। इसे ट्यून करने की आवश्यकता नहीं होती है। उदाहरण - मंजीरा, खरताल, चिमटा, घटम, जलतरंग आदि। **अवनद्ध वाद्य -** पशु की खाल पर आघात करने से उत्पन्न ध्वनि। उदाहरण- तबला, मृदंगम, ढोल, डमरू आदि।

**Q.496.** ग्लोबल इंडियन म्यूजिक अवार्ड के प्राप्तकर्ता बिक्रम घोष एक संगीतकार और भारतीय शास्त्रीय ________ वादक हैं।
SSC CHSL 27/05/2022 ( Evening)
(a) तानपुरा (b) सारंगी (c) तबला (d) बांसुरी

**Sol.496.(c) तबला ।** 1 अक्टूबर 2012 को, घोष ने अपनी रचना वंदे मातरम के लिए सर्वश्रेष्ठ पॉप/रॉक एकल श्रेणी में 2012 ग्लोबल इंडियन म्यूजिक अकादमी (GIMA) पुरस्कार जीता।

**Q.497.** पद्म विभूषण से सम्मानित उमयालपुरम के. शिवरामन एक _______ वादक हैं।
SSC CHSL 30/05/2022 ( Morning)
(a) मृदंगम (b) वायलिन (c) तबला (d) वीणा

**Sol.497.(a) मृदंगम।**उमयालपुरम के. शिवरमन मृदंगम वादक हैं। 1984 में द इंडियन फाइन आर्ट्स सोसाइटी से संगीत कलाशिखामनी, कलैमामणि (तमिलनाडु, 1977), 2001 में मद्रास संगीत अकादमी से संगीत कलानिधि, भारत सरकार से 2010 में पद्म विभूषण, इत्यादि पुरस्कार मिले।

**Q.498.** अली अकबर खान के शिष्य राजीव तारानाथ एक _________ वादक हैं।
SSC CHSL 30/05/2022 ( Afternoon)
(a) तबला (b) बांसुरी (c) सरोद (d) संतूर

**Sol.498.(c) सरोद.** उन्हें पद्म श्री (2019), संगीत विधान पुरस्कार (2018), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1999-2000), संगीत नृत्य अकादमी पुरस्कार (1993), कर्नाटक राज्य प्रशस्ति (1996) जैसे कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

**Q.499.** पंडित आनंद गोपाल बंदोपाध्याय बनारस घराने के ________ वादक थे।
SSC CHSL 30/05/2022 ( Evening)
(a) सारंगी (b) सरोद (c) सितार (d) तबला

**Sol.499.(d) तबला ।** 1965 में, उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो संगीत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता, और उन्हें राष्ट्रपति ने स्वर्ण पदक से सम्मानित किया । 2012 में, उन्हें साल्ट लेक म्यूजिक एसोसिएशन द्वारा संगीत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**Q.500.** पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित उस्ताद साबरी खान एक ______ वादक थे।
SSC CHSL 03/06/2022 (Morning)
(a) सारंगी (b) बांसुरी (c) संतूर (d) सरोद

**Sol.500.(a) सारंगी।** उस्ताद साबरी खान को शोभना कला संगम पुरस्कार (1985), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1986), पद्म श्री (1992), उस्ताद चंद खान पुरस्कार (2002), संगीत भूषण पुरस्कार (2002), पद्म भूषण (2006) से सम्मानित किया गया ।

**Q.501.** निम्नलिखित में से कौन भारत की एकमात्र प्रसिद्ध महिला शहनाई वादक है?
SSC CHSL 06/06/2022 (Morning)

(a) गौहर जान (b) बिनोदिनी दासी
(c) बागेश्वरी कमर (d) रसूलन बाई

**Sol.501.(c) बागेश्वरी क़मर** । **गौहर जान** एक भारतीय गायिका (ठुमरी, दादरा, काजरी और तराना) और कोलकाता की नर्तकी थीं। **बिनोदिनी दासी** एक भारतीय बंगाली अभिनेत्री और कलाकार थीं। **रसूलन हुसैन** बनारस घराने से संबंधित एक प्रमुख भारतीय हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत गायक थे।

**Q.502.** पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित पंडित निखिल ज्योति घोष एक ________ वादक थे।
SSC CHSL 07/06/2022 (Morning)
(a) सरोद (b) तबला
(c) हारमोनियम (d) बांसुरी

**Sol.502.(b) तबला** । पंडित निखिल ज्योति घोष एक भारतीय संगीतकार थे जिन्हें ताल वाद्य यंत्र तबले पर उनकी दक्षता के लिए जाना जाता था। उन्हें पद्म भूषण (1990) और उस्ताद हाफिज अली खान पुरस्कार (1995) से सम्मानित किया गया था।

**Q.503.** निम्नलिखित में से कौन सुरबहार वाद्य यंत्र में महारत हासिल करने वाला एक उत्कृष्ट वादक है?
SSC CHSL 07/06/2022 (Evening)
(a) उस्ताद इमरत खान (b) अलाउद्दीन खान
(c) अली अकबर खान (d) अब्दुल करीम खान

**Sol.503.(a) उस्ताद इमरत खान**। उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1988), और पद्म श्री पुरस्कार (2017) से सम्मानित किया गया।

**Q.504.** पद्म भूषण पुरस्कार विजेता विक्कू विनयाक्रम एक _________ वादक हैं।
SSC CHSL 08/06/2022 (Afternoon)
(a) पखावज (b) ढोलकी (c) तबला (d) घटम

**Sol.504.(d) घटम**। विक्कू विनयाक्रम (तालवादक) घटम, और मोर्सिंग (मुख्य रूप से राजस्थान में प्रयोग किया जाने वाला वाद्य यंत्र) बजाते हैं। अन्य घटम वादकों में उमयालपुरम, के. नारायणस्वामी, त्रिपुनिथुरा एन. राधाकृष्णन, गिरिधर उडुपा, त्रिची शंकरन आदि शामिल हैं।

**Q.505.** लालगुडी गोपाला अय्यर जयरामन निम्नलिखित में से कौन सा वाद्य यंत्र बजाते थे?
SSC CHSL 09/06/2022 (Afternoon)
(a) हारमोनियम (b) बांसुरी
(c) मृदंगम (d) वायलिन

**Sol.505.(d) वायलिन** । लालगुडी गोपाला अय्यर जयरामन एक भारतीय कर्नाटक वायलिन वादक, गायक और संगीतकार थे। उन्हें पद्म श्री (1972), पद्म भूषण (2001) और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन; श्रृंगारम; 2006) से सम्मानित किया गया।

**Q.506.** पंडित स्वपन चौधरी ____ यंत्र से जुड़े हैं।
SSC CHSL 10/06/2022 (Morning)
(a) वीणा (b) हारमोनियम (c) तबला (d) बांसुरी

**Sol.506.(c) तबला** । पंडित स्वपन चौधरी: पुरस्कार- संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1996), पद्म श्री (2019)।

**Q.507.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म गलत है?
SSC CHSL 10/06/2022 (Evening)
(a) कुमार गंधर्व - गिटार
(b) ज़िया मोहिउद्दीन डागर - रुद्र विन
(c) कादरी गोपालनाथ - सैक्सोफोन
(d) बॉम्बे जयश्री - वोकलिस्ट

**Sol.507.(a)** कुमार गंधर्व एक हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक थे जो अपनी अनूठी गायन शैली और किसी भी घराने की परंपरा से बंधे रहने से इंकार करने के लिए जाने जाते थे।

**Q.508.** घटम एक ________ है।
SSC CGL 11/04/2022 (Morning)
(a) बड़े आकार वाला, संकीर्ण मुँह का मिटटी का बर्तन, जिसका उपयोग तबले के रूप में किया जाता है
(b) हाथ में लेकर बजाया जाने वाला ड्रम जो एक तम्बू जैसा दिखता है
(c) लकड़ी और धातु से बना सुषिर यंत्र
(d) चमड़े और कटहल की लकड़ी से बना तबला

**Sol.508.(a)** घटम एक बड़ा, संकीर्ण मुंह वाला मिट्टी का बर्तन है जिसका उपयोग ताल वाद्य यंत्र के रूप में किया जाता है। **ताल वाद्य (Percussion)** के उदाहरण हैं- पियानो, टिमपनी, जाइलोफोन, झांझ, त्रिभुज, ड्रम, टैम्बोरिन, माराकास।

**Q.509.** द्वारम वेंकटस्वामी नायडू निम्नलिखित में से कौन सा संगीत वाद्ययंत्र बजाया करते थे ?
SSC CGL 11/04/2022 (Afternoon)
(a) वायलिन (b) मंडोलिन
(c) वीणा (d) नादस्वरम

**Sol.509.(a) वायलिन** । पद्म श्री (1957), संगीत कलानिधि (1941), कलापूर्णा (1950), संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार (1953), राजा- लक्ष्मी पुरस्कार (1992)।

**Q.510.** निम्नलिखित में से कौन-सा तालवाद्य नहीं है ?
SSC CGL 13/04/2022 (Evening)
(a) घटम (b) तबला (c) मृदगम (d) सरोद

**Sol.510.(d) सरोद** । संगीत वाद्ययंत्रों के तालवाद्य (Percussion) परिवार में मेम्ब्रानोफोन्स और इडियोफोन्स होते हैं। उदाहरण- घटम, तबला, मृदंगम, टिमपनी, जाइलोफोन, झांझ, स्नेयर ड्रम, बेस ड्रम, टैम्बोरिन, माराकास, गोंग, झंकार, सेलेस्टा और पियानो। **सरोद**, ल्यूट परिवार का तार वाला वाद्य यंत्र है।

**Q.511.** निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र को 'मंगल वाद्य' के नाम से भी जाना जाता है?
SSC CGL 19/04/2022 (Morning)
(a) शहनाई (b) तबला (c) संतूर (d) डमरू

**Sol.511.(a) शहनाई**। उस्ताद बिस्मिल्लाह खान एक प्रसिद्ध शहनाई वादक हैं। शहनाई लकड़ी और धातु से बना एक वायु वाद्य यंत्र है।

**Q.512.** एक विशिष्ट 'ध्रुपद शैली ______ घराने से जुड़ी है।
SSC CGL 21/04/2022 (Afternoon)
(a) अजरदा (b) नाथद्वारा
(c) जाफरखानी (d) बिष्णुपुर

**Sol.512.(d) बिष्णुपुर** । तानसेन एक प्रसिद्ध ध्रुपद वाद्य वादक थे। यह हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत, पुष्टिमार्ग संप्रदाय के हवेली संगीत और दक्षिण भारतीय कर्नाटक परंपरा से संबंधित प्रमुख मुखर (vocal) शैलियों की सबसे पुरानी ज्ञात शैली है।

**Q.513.** निम्नलिखित में से कौन सा वाद्य यंत्र सामान्य रूप से एक ऊर्ध्वाधर स्थिति में और एक धनुषाकार धनुष के साथ बजाया जाता है?
SSC MTS 08/10/21 (evening)
(a) सितार (b) सारंगी (c) शहनाई (d) वीणा

**Sol.513.(b) सारंगी**। सारंगी हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत और उत्तर भारत की लोक परंपराओं में इस्तेमाल किया जाने वाला एक परदाहीन, झुके हुए तार वाला वाद्य है।

**Q.514.** 'पोनू योक्सी', पुजारियों द्वारा किए जाने वाले औपचारिक नृत्यों के दौरान इस्तेमाल किया जाने वाला तलवार जैसा वाद्य यंत्र कहाँ का है:
SSC MTS 26/10/2021 (Morning)
(a) हिमाचल प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
(c) उत्तर प्रदेश (d) अरुणाचल प्रदेश

**Sol.514.(d) अरुणाचल प्रदेश** । कुछ लोकप्रिय वाद्ययंत्रों (अरुणाचल प्रदेश) में ड्रम, झांझ, उजुक टापू, अमे बाली, एमुल, पुई, किरिंग, गुगा आदि शामिल हैं।

**Q.515.** कामाइचा एक मुड़ी हुई बांसुरी है जो ________ के मंगनियार द्वारा बजाई जाती है
SSC CGL 18/08/2021 (Afternoon)
(a) पश्चिम राजस्थान (b) पश्चिम गोवा
(c) पश्चिम बिहार (d) पश्चिम केरल

**Sol.515.(a) पश्चिमी राजस्थान** । यह स्टील, चर्मपत्र, आंत, धातु, शीशम और घोड़े के बालों से बना एक तार वाला वाद्य यंत्र है।

**Q.516.** 'चिंकारा' एक ______ संगीत वाद्ययंत्र है जो मध्य प्रदेश राज्य में लोकप्रिय है।
SSC CGL 24/08/2021 (Afternoon)
(a) प्लेट (b) झिल्ली (c) तारवाला (d) हवा

**Sol.516.(c) तारवाला** । यह चर्मपत्र, लकड़ी और स्टील से बना है। इस यंत्र का उपयोग मध्य प्रदेश के 'प्रधान' समुदाय और राजस्थान के 'मेव' समुदाय द्वारा किया जाता है।

**Q.517.** "पेना" नामक पारंपरिक बंधन वाद्य यंत्र निम्नलिखित में से किस राज्य से संबंधित है?
SSC SSC CHSL 15/04/2021 (Afternoon)
(a) सिक्किम (b) केरल (c) गोवा (d) मणिपुर

**Sol.517.(d) मणिपुर**। पेना को टिंगटेलिया के रूप में भी जाना जाता है, जो देश के विभिन्न हिस्सों में पाए जाने वाले रावण हत्था, उबो या केंडा जैसे कुछ पारंपरिक भारतीय तार वाले संगीत वाद्ययंत्रों के समान है, जो ल्यूट श्रेणी में आता है।

**Q.518.** राजस्थान राज्य का संगीत वाद्य यंत्र 'करताल' ______ श्रेणी में आता है?
SSC CHSL 06/08/2021 (Morning)
(a) इलेक्ट्रोफोन (b) मेम्ब्रेनोफ़ोन
(c) कॉर्डोफोन्स (d) इडियोफोन्स

**Sol.518.(d) इडियोफोन** एक ताल वाद्य यंत्र है।

इसे एक इडियोफोन के रूप में वर्गीकृत किया गया है क्योंकि पूरा उपकरण अपने आप ध्वनि उत्पन्न करने के लिए कंपन करता है।

**Q.519.** _____ एक एकल तार वाला संगीत वाद्य यंत्र है जो बांस और तुम्बी का प्रयोग करके बनाया जाता है तथा अधिकांशतः महाराष्ट्र के पारंपरिक लोक गायकों के द्वारा इस्तेमाल किया जाता है।
SSC CPO 25/11/2020 (Evening)
(a) एडाक्का (b) एक्कलम
(c) इसराज (d) इकतारा

**Sol.519.(d) इकतारा** एक ड्रोन बांसुरी है जिसमें पर्दे से ढका तुम्बी गुंजयमान यंत्र होता है, जिसके माध्यम से एक बांस की गर्दन डाली जाती है। एकतारा का अर्थ है "एक तार"।

**Q.520.** 'खुआंग' किस राज्य का एक पारंपरिक संगीत वाद्य यंत्र है?
SSC CHSL 20/10/2020 (Morning)
(a) झारखंड (b) पश्चिम बंगाल
(c) असम (d) मिजोरम

**Sol.520.(d) मिजोरम** । यह एक खोखले पेड़ से बना होता है, और दोनों तरफ जानवरों की खाल से लिपटा होता है।

**Q.521.** कर्नाटक शास्त्रीय संगीत में बोब्बिली वीणा/सरस्वती वीणा के नाम से जाने जाने वाले बड़े तार वाले वाद्य यंत्र को बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस पेड़ की लकड़ी का उपयोग किया जाता है?
SSC CGL 09/03/2020 (Morning)
(a) सागौन की लकड़ी (b) जेकफ्रूट की लकड़ी
(c) अखरोट की लकड़ी (d) चंदन की लकड़ी

**Sol.521.(b) जेकफ्रूट की लकड़ी**। बोब्बिली वीणा जेकफ्रूट की लकड़ी के एक टुकड़े से बनाई गई है।

## त्यौहार

**Q.522.** 'गुग्गा (गोगा) नवमी' - हरियाणा और पंजाब, राजस्थान, यूपी एवं हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में मनाया जाने वाला त्योहार है। इसे _____ के त्योहार के रूप में जाना जाता है?
SSC Stenographer 12/10/2023 (Morning)
(a) ऊँट - पूजा (b) गाय पूजा
(c) नाग-पूजा (d) उल्लू पूजा

**Sol.522.(c) नाग-पूजा।** गुग्गा नौमी त्योहार गुग्गा पीर के सम्मान में मनाया जाता है। यह भादों के महीने (अगस्त और सितंबर) में कृष्ण पक्ष (चंद्रमा के घटते चरण) के 9वें दिन मनाया जाता है

**Q.523.** दौल उत्सव मुख्यतः निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है ?
SSC Stenographer 12/10/2023 (Afternoon)
(a) बिहार (b) असम
(c) छत्तीसगढ़ (d) महाराष्ट्र

**Sol.523.(b) असम।** डोल उत्सव को 'होली' या 'रंग' भी कहा जाता है। असम में मनाए जाने वाले अन्य त्योहार - बिहू, बैशागु, अली-ऐ-लिगांग, बाईखो, रोंगकेर, रजनी गबरा, हरनी गबरा, बोहागियो बिशु, अंबुबाची मेला और जोनबिल मेला। अन्य राज्यों में त्योहार: बिहार - छठ पूजा, बिहुला, सामा चकेवा। छत्तीसगढ़ - पोला, मड़ई महोत्सव, हरेली, भोरमदेव महोत्सव। महाराष्ट्र - गणेश उत्सव, गुड़ी पड़वा।

**Q.524.** भगोरिया स्वांग निम्नलिखित में से किस त्योहार से संबंधित है ?
SSC Stenographer 12/10/2023 (Afternoon)
(a) दिवाली (b) दशहरा
(c) होली (d) शिवरात्रि

**Sol.524.(c) होली:** एक हिंदू त्योहार जो वसंत ऋतु में मनाया जाता है। भगोरिया एक आदिवासी त्योहार है जो मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में मनाया जाता है। जनजातीय त्योहार - हॉर्नबिल महोत्सव (नागालैंड), टुसु पर्व (झारखंड), बस्तर दशहरा (छत्तीसगढ़), नागोबा जतारा (तेलंगाना)।

**Q.525.** तिरुपति तिरुमाला ब्रह्मोत्सवम कितने दिनों के लिए आयोजित किया जाता है?
SSC Stenographer 12/10/2023 (Evening)
(a) 12 (b) 9 (c) 15 (d) 5

**Sol.525.(b) 9 । तिरूपति तिरुमला ब्रह्मोत्सवम** - यह प्रतिवर्ष आंध्र प्रदेश के तिरूपति जिले में वेंकटेश्वर मंदिर में मनाया जाता है। अन्य मंदिर उत्सव - त्रिशूर पूरम (वडक्कुमनाथन मंदिर, केरल), अरट्टू उत्सव (श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर, केरल), वैकुंठ चतुर्दशी मेला (कमलेश्वर महादेव मंदिर, उत्तराखंड), बुद्ध पूर्णिमा (महाबोधि मंदिर, बोधगया, बिहार), अंबुबाची मेला (कामाख्या देवी) मंदिर, असम)।

**Q.526.** चेतियागिरी विहार महोत्सव किस राज्य में आयोजित किया जाता है ?
SSC Stenographer 13/10/2023 (Morning)
(a) हिमाचल प्रदेश (b) त्रिपुरा
(c) तेलंगाना (d) मध्य प्रदेश

**Sol.526.(d) मध्य प्रदेश।** राज्य और उनके त्योहार: हिमाचल प्रदेश - हाल्दा, माघी, डूंगरी, लदारचा, चेत, कुल्लू दशहरा। त्रिपुरा - खारची, केर और गरिया। तेलंगाना - बथुकम्मा, बोनालु, मेदाराम जतारा। पश्चिम बंगाल - दुर्गा पूजा, पोइला बैशाख।

**Q.527.** हिंदू पंचांग के अनुसार भगवान महावीर स्वामी की जयंती किस महीने में मनाई जाती है ?
SSC Stenographer 13/10/2023 (Morning)
(a) चैत्र (b) कार्तिक (c) माघ (d) वैशाख

**Sol.527.(a) चैत्र।** हिंदू कैलेंडर और उनके त्योहार/जयंती: चैत्र - उगादि, गुड़ी पड़वा, राम नवमी, हनुमान जयंती। वैशाख - परशुराम जयंती, अक्षय तृतीया। ज्येष्ठ - गायत्री जयंती, गंगा दशहरा। आषाढ़ - गुरु पूर्णिमा, जगन्नाथ रथयात्रा। श्रावण - नाग पंचमी, रक्षा बंधन। भाद्रपद - कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, हरतालिका तीज। आश्विन - दुर्गा अष्टमी । कार्तिक - करवा चौथ, धनतेरस, दिवाली, भैया दूज, छठ पूजा।

**Q.528.** हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार गुड़ी पड़वा त्योहार में गुड़ी का क्या अर्थ है?
SSC Stenographer 13/10/2023 (Afternoon)
(a) सद्भाव का प्रतीक (b) विजय का प्रतीक
(c) शांति का प्रतीक (d) शक्ति का प्रतीक

**Sol.528.(b) विजय का प्रतीक।** गुड़ी पड़वा: यह मराठी नव वर्ष है। गुड़ी लगभग 5 फीट लम्बे बांस की छड़ी के चारों ओर नया कपड़े का एक टुकड़ा बांधकर बनाया जात है और मराठे उस पर मिश्री की माला के साथ नीम की पत्तियां रखते हैं। फिर छड़ी को चांदी या कांसे के बर्तन में रखा जाता है। कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में इस त्योहार को उगादि के नाम से भी जाना जाता है। यह चैत्र के पहले माह में मनाया जाता है।

**Q.529.** हॉर्नबिल महोत्सव के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?
A. हॉर्नबिल महोत्सव उत्तर-पूर्वी राज्य नागालैंड में मनाया जाता है।
B. यह महोत्सव जनवरी के महीने में मनाया जाता है।
C. इस महोत्सव के नाम की व्युत्पत्ति इस राज्य की लोककथाओं में प्रमुखता से वर्णित हॉर्नबिल नामक एक पक्षी के नाम से हुई है।
SSC Stenographer 13/10/2023 (Afternoon)
(a) A और B दोनों (b) B और c दोनों
(c) A, B और C (d) A और C दोनों

**Sol.529.(d) A और C दोनों।** नागालैंड में 1 से 10 दिसंबर तक हॉर्नबिल फेस्टिवल मनाया जाता है। इसे त्योहारों का त्योहार भी कहा जाता है।

**Q.530.** बथुकम्मा महोत्सव के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?
A. यह त्योहार तेलंगाना राज्य में मनाया जाता है।
B. बथुकम्मा जिसका अर्थ 'देवी माँ जीवित हो जाएं' है, रंग-बिरंगे फूलों का उत्सव है।
C. यह त्योहार सितंबर या अक्टूबर के दौरान (प्रायः दशहरे से पहले) 9 दिनों तक मनाया जाता है।
D. इस त्योहार के दौरान पुरुष फूलों के गुच्छों के चारों ओर नाचते और गाते हैं।
SSC Stenographer 13/10/2023 (Evening)
(a) केवल A, B और C (b) केवल B, C और D
(c) A, B, C और D (d) केवल A, C और D

**Sol.530.(a) केवल A, B और C।**

**Q.531.** मलयालम नव वर्ष को केरल में क्या कहा जाता है ?
SSC Stenographer 13/10/2023 (Evening)
(a) नुआखाई (b) विशु (c) पोंगल (d) उगादी

**Sol.531.(b) विशु मेडम** या मलयालम महीने के पहले दिन मनाया जाता है, जो आमतौर पर अप्रैल के महीने में मनाया जाता है।

**Q.532.** नागालैंड का मोत्सु त्योहार निम्नलिखित में से किस जनजाति द्वारा मनाया जाता है?
SSC CPO 03/10/2023 (Morning)
(a) बोडो जनजाति (b) मुण्डा जनजाति
(c) भील जनजाति (d) आओ जनजाति

**Sol.532.(d) आओ जनजाति** (Ao tribe)। मोत्सु त्योहार: प्रत्येक मई के पहले सप्ताह में 3 दिनों के लिए मनाया जाता है। इस त्योहार के दौरान प्रतीकात्मक त्योहार में से एक संगपंगटू है, जहां एक बड़ी आग जलाई जाती है और पुरुष और महिलाएं अपनी पूरी पोशाक पहनकर उसके चारों ओर बैठते हैं। नागालैंड के अन्य जनजातीय त्योहार - हॉर्नबिल त्योहार (नागा जनजाति), सेक्रेनी (अंगामी जनजाति), और आओलंग (कोन्याक

नागा)।

**Q.533.** केर और गरिया पूजा किस राज्य के पारंपरिक आदिवासी त्यौहार हैं?
SSC CPO 03/10/2023 (Afternoon)
(a) मणिपुर (b) झारखंड
(c) त्रिपुरा (d) ओडिशा

**Sol.533.(c) त्रिपुरा।** अन्य त्योहार (त्रिपुरा): खर्ची पूजा, बिजू त्योहार, अशोकाष्टमी, लम्परा पूजा, वाह त्योहार आदि। मणिपुर {गैंग (गान) -नगाई, लुई-नगाई-नी, याओसांग, चीरोबा, कांग}। झारखंड (करम, सरहुल, रोहिणी, सोहराय, मकर)। ओडिशा (रथ यात्रा, राजा परबा, नौखाई, कलिंग महोत्सव)।

**Q.534.** मध्य और पश्चिमी भारत में मनाया जाने वाला गणगौर उत्सव, किस देवी से संबंधित है?
SSC CPO 03/10/2023 (Evening)
(a) देवी सरस्वती (b) देवी पार्वती
(c) देवी काली (d) देवी लक्ष्मी

**Sol.534.(b) देवी पार्वती।** त्योहार और उनसे संबंधित देवी/देवता: देवी सरस्वती - बसंत पंचमी। देवी काली - श्यामा पूजा या महानिशा पूजा। देवी लक्ष्मी - दीपावली (दिवाली)। गणगौर उत्सव प्रमुख रूप से राजस्थान में मनाया जाता है।

**Q.535.** बोनालू उत्सव निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है ?
SSC CPO 04/10/2023 (Morning)
(a) उत्तर प्रदेश (b) तेलंगाना
(c) झारखंड (d) गुजरात

**Sol.535.(b) तेलंगाना।** बोनालू एक हिंदू त्योहार है जहाँ देवी महाकाली की पूजा की जाती है। यह जुलाई/अगस्त या आषाढ़ मास में मनाया जाता है। त्योहार के पहले और आखिरी दिन देवी येल्लम्मा के लिए विशेष पूजा की जाती है। तेलंगाना के अन्य त्योहार: बथुकम्मा, मुहर्रम (पीरला पांडुगा), सम्मक्का सरलम्मा जथारा।

**Q.536.** रोंगकर उत्सव निम्नलिखित में से किस जनजाति द्वारा मनाया जाता है ?
SSC CPO 04/10/2023 (Afternoon)
(a) गोंड (b) कार्बी (c) आओ (d) भील

**Sol.536.(b) कार्बी** (डुमरा लोंगरी में देहल)। रोंगकर असम के कार्बियों द्वारा मनाया जाने वाला वार्षिक शीतकालीन मनोरंजन उत्सव है। जनजातियाँ एवं उनके त्यौहार: गारो जनजाति (मेघालय) - वांगला महोत्सव। भील जनजाति (मध्य प्रदेश) - भगोरिया त्यौहार। थारू जनजाति (दक्षिणी नेपाल और उत्तरी भारत) - तिहार (दीपावली), और जितिया। भूटिया जनजाति (सिक्किम) और मोनपा जनजाति (अरुणाचल प्रदेश) - लोसर त्योहार।

**Q.537.** दक्षिण भारत के निम्नलिखित सांस्कृतिक त्योहारों में से कौन सा राजा महाबली की लोककथाओं से जुड़ा हुआ है ?
SSC CPO 04/10/2023 (Afternoon)
(a) गुडी पडवा (b) ओणम
(c) उगादि (d) पोंगल

**Sol.537.(b) ओणम -** यह केरल के हिंदुओं द्वारा श्रावण माह में शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाने वाला एक धार्मिक और फसल कटाई का त्योहार है।

**Q.538.** चापचर कुट त्योहार मुख्य रूप से _____ में मनाया जाता है।
SSC CPO 04/10/2023 (Evening)
(a) नागालैंड (b) मेघालय
(c) मिजोरम (d) मणिपुर

**Sol.538.(c) मिजोरम।** चापचर कुट प्रत्येक वर्ष झूमिंग क्रिया (राख अवशेषों को साफ करना) के पूरा होने के बाद मार्च के महीने में मनाया जाता है। **राज्य और उनके त्योहार**: मिजोरम - एंथुरियम, मीम कुट, पावल कुट। नागालैंड - हॉर्नबिल, सेक्रेनी, आओलांग। मेघालय - शाद सुक मिन्सिम, नोंगक्रेम, बेहदीनखलम, वांगला। मणिपुर - गैंग-नगाई, लुई-नगाई-नी, याओसांग।

**Q.539.** चाद शुक्र त्यौहार ________की जयंतिया जनजाति द्वारा मनाया जाता है।
SSC CPO 05/10/2023 (Morning)
(a) असम (b) पंजाब
(c) झारखण्ड (d) मेघालय

**Sol.539.(d) मेघालय।** चाद शुक्र जैन्तिया समुदायों का एक बुआई त्योहार है। मेघालय के अन्य त्योहार - बेहदीनखलम (जयंतिया), वांगला (गारो), का शाद सुक मिन्सिम (खासी), नोंगक्रेम (खासी)।

**Q.540.** नौरोज़/नवरोज़ (Nauroz) भारत में निम्नलिखित में से किस समुदाय द्वारा मनाया जाता है ?
SSC CPO 05/10/2023 (Afternoon)
(a) पारसी (b) जैन (c) सिख (d) बौद्ध

**Sol.540.(a) पारसी।** नौरोज़: ईरानी और फ़ारसी का नव वर्ष । यह त्योहार वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। समुदाय और उनके त्योहार: हिंदू - दिवाली, होली, दशहरा, गणेश चतुर्थी। ईसाई - ईस्टर, क्रिसमस। सिख - वैसाखी, बंदी छोड़ दिवस, गुरु नानक गुरुपर्व। जैन - पर्युषण, दिवाली।

**Q.541.** सिख साहित्य के अनुसार, गुरु नानक देव की जयंती भारतीय चंद्र माह के ______की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है।
SSC MTS 01/09/2023 (1st Shift)
(a) माघ (b) पौष (c) आषाढ़ (d) कार्तिक

**Sol.541.(d) कार्तिक।** नवंबर के आसपास सिख गुरु नानक का गुरुपर्व मनाते रहे हैं। गुरु नानक: जन्म - 15 अप्रैल, 1469, लाहौर के पास राय भोई दी तलवंडी (अब ननकाना साहिब, पाकिस्तान)। निधन - 1539, करतारपुर, पंजाब, सिख धर्म के प्रथम गुरु थे । उन्हें ज्ञान की प्राप्ति सुल्तानपुर लोधी (पंजाब) में हुई। वे निर्गुण भक्ति संत भी थे।

**Q.542.** ______का नुआखाई (Nuakhai) त्योहार गणेश चतुर्थी के अगले दिन, भाद्रव (अगस्त-सितंबर) के चंद्र पखवाड़े की पंचमी तिथि (पांचवें दिन) को मनाया जाता है।
SSC MTS 01/09/2023 (2nd Shift)
(a) ओडिशा (b) असम
(c) मेघालय (d) पश्चिम बंगाल

**Sol.542.(a) ओडिशा। नुआखाई** अनाज की पूजा का त्योहार है जिसमें पहली फसल को काटा जाता है और उसे देवी मां को श्रद्धापूर्वक अर्पित किया जाता है। नुआखाई उत्सव का अर्थ है 'नए चावल खाना'।

**Q.543.** झारखंड में मवेशियों के सम्मान में ______ दिवाली के तुरंत बाद अमावस्या के अगले दिन मनाया जाता है।
SSC MTS 01/09/2023 (3rd Shift)
(a) भगता परब (b) मकर
(c) रोहिणी (d) सोहराय

**Sol.543.(d) सोहराय -** संथाल जनजाति का एक प्रमुख त्योहार है। यह हिंदू माह कार्तिक (अक्टूबर-नवंबर) की अमावस्या को मनाया जाता है। यह गाय और भैंस जैसे घरेलू पशुओं की देखभाल के लिए जाना जाता है। झारखंड के अन्य त्योहार: सरहुल, करम, हल पुन्ह्या, भगत परब, रोहिणी, बंदना और जावा।

**Q.544.** पूर्वी भारत में फैले कई आदिवासी समुदायों में साल के पेड़ का बहुत महत्व है। उदाहरण के लिए, _______त्योहार झारखंड में पेड़ के सम्मान में मनाया जाता है।
SSC MTS 04/09/2023 (1st Shift)
(a) करमा (b) टुसु परब
(c) सरहुल (d) सोहराय

**Sol.544.(c) सरहुल (Sarhul):** झारखंड के ओरांव, मुंडा और हो जनजातियों द्वारा मनाया जाता है। यह नए वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। प्रत्येक वर्ष हिंदू कैलेंडर के प्रथम महीने में, चंद्रमा के तीसरे दिन या 'चैत्र' के पखवाड़े में मनाया जाता है।

**Q.545.** बुद्ध पूर्णिमा हिंदू महीने ______में पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है।
SSC MTS 04/09/2023 (2nd Shift)
(a) वैशाख (b) ज्येष्ठ (c) भद्र (d) आषाढ़

**Sol.545.(a) वैशाख** (हिन्दू कैलेंडर का दूसरा महीना)। बुद्ध पूर्णिमा (बुद्ध जयंती) गौतम बुद्ध (बौद्ध धर्म के संस्थापक) के जन्म, ज्ञान (निर्वाण), और मृत्यु (परिनिर्वाण) का स्मरण कराता है।

**Q.546.** _______गुवाहाटी के कामाख्या मंदिर के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह हर साल मानसून (मध्य जून) के मौसम में आयोजित किया जाता है, जब मंदिर तांत्रिक अनुष्ठानों के लिए तीन दिनों के लिए बंद रहता है।
SSC MTS 06/09/2023 (1st Shift)
(a) अंबुबाची (b) बिहु
(c) बैशागू (d) मी - दम - मी - फी

**Sol.546.(a) अंबुबाची।** असम के त्योहार: बिहू, बैशागु, अली-ऐ-लिगांग, बाईखो, रोंगकर, रजनी गबरा हरनी गबरा, बोहाग बिहु, मी-दम-मी-फी (पूर्वजों की पूजा का त्योहार), जोनबिल मेला।

**Q.547.** _____में मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहारों में से एक 'मे - दम -मे - फी ( Me Dum Me - Phi)', यानी पूर्वजों की पूजा का त्योहार है।
SSC MTS 06/09/2023 (3rd Shift)
(a) असम (b) नागालैंड
(c) मणिपुर (d) मेघालय

**Sol.547.(a) असम।** मी-डैम-मी-फी त्योहार : यह प्रत्येक वर्ष 31 जनवरी को पूरे असम में मनाया

जाता है। यह त्योहार मृतकों को दायित्वों की पेशकश और देवताओं को बलिदान देने का वर्णन करता है। असम के अन्य त्योहार: बिहू, बैशागु, अली-ऐ-लिगांग, बैखो, रोंगकर, रजनी गबरा हरनी गबरा, बोहागियो बिशु, अंबुबाची मेला और जोनबिल मेला। राज्य और उनके त्योहार: नागालैंड (हॉर्नबिल त्योहार, सेक्रेनी)। मणिपुर (गैंग-नगाई, हिक्रू हिडोंगबा)। मेघालय (वंगाला, नोंगक्रेम नृत्य)।

**Q.548.** द्री (Dree) उत्सव _____राज्य में मनाया जाता है।
SSC MTS 08/09/2023 (1st Shift)
(a) अरुणाचल प्रदेश (b) केरल
(c) असम (d) आंध्र प्रदेश

**Sol.548.(a) अरुणाचल प्रदेश**। राज्य और उनके त्यौहार: अरुणाचल प्रदेश - बूरी बूट, मायोको, पोंगटू, मुरुंग, सोलंग, मोपिन, मोनपा। केरल - स्नेक बोट (वल्लम काली), थेय्यम, ओणम, अट्टुकल पोंगाला। आंध्र प्रदेश: पोंगल, उगादि, रोट्टेला पांडुगा, प्रभाला तीर्थम, विशाखा उत्सव, तिरुपति तिरुमाला ब्रह्मोत्सवम, लुंबिनी महोत्सव, रायलसीमा खाद्य और नृत्य महोत्सव, आदि।

**Q.549.** ______में आदिवासी समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला 'लोसूंग (Losoong)' त्योहार आमतौर पर वह समय होता है जब किसान अपनी फसल कटाई का जश्न व खुशियां मनाते हैं।
SSC MTS 08/09/2023 (3rd Shift)
(a) सिक्किम (b) झारखंड
(c) ओडिशा (d) पश्चिम बंगाल

**Sol.549.(a) सिक्किम।** लोसूंग (नामसूंग) एक सिक्किमी नव वर्ष उत्सव है। यह त्यौहार भारत, भूटान और नेपाल में भूटिया और लेप्चा जनजातियों द्वारा मनाया जाता है। सिक्किम के प्रसिद्ध त्यौहार: द्रुपका तेशी, बुमचू, सागा दावा, डासिन, फांग ल्हाबसोल, माघे संक्रांति, सोनम लोचर, तेंदोंग लो रम फात, गुरु रिम्पोछे का थुनकर त्शेचु, इंद्र जात्रा, बाराहिमिज़ोंग, साकेवा।

**Q.550.** कौन-सा त्योहार छत्तीसगढ़ और ओडिशा की मिश्रित समृद्ध संस्कृति को सामने लाता है?
SSC MTS 12/09/2023 (2nd Shift)
(a) रथयात्रा (b) बस्तर गोंचा
(c) शूलिनी मेला (d) माधवपुर मेला

**Sol.550.(b) बस्तर गोंचा** (रथ उत्सव के रूप में जाना जाता है) - बस्तर आदिवासी लोगों द्वारा किया जाता है। यह ओडिशा की रथ यात्रा (जून या जुलाई) के दौरान मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ के अन्य आदिवासी त्यौहार: बस्तर दशहरा, बस्तर लोकोत्सव, कोरिया मेला, फागुन वाडई, मड़ई महोत्सव और पोला महोत्सव। हिमाचल प्रदेश (शूलिनी मेला - सोलन)। गुजरात (माधवपुर मेला - पोरबंदर)।

**Q.551.** सकरात उत्सव ________में 'बुदिगली ' या 'कलासी' नृत्य के साथ मनाया जाता है, जहां महिलाएं अपने सिर पर सजावटी बर्तन लेकर इस नृत्य में भाग लेती हैं।
SSC MTS 12/09/2023 (3rd Shift)
(a) ओडिशा (b) नागालैंड
(c) मध्यप्रदेश (d) मणिपुर

**Sol.551.(a) ओडिशा।**

**Q.552.** 'अटला ताड़ी', विवाहित और अविवाहित महिलाओं द्वारा क्रमशः लंबे और सुखी वैवाहिक जीवन और एक उपयुक्त वर के लिए देवी गौरी का आशीर्वाद पाने के लिए मनाया जाने वाला त्योहार, _________ में मनाया जाता है।
SSC MTS 14/09/2023 (1st Shift)
(a) आंध्रप्रदेश (b) केरल
(c) छत्तीसगढ़ (d) ओडिशा

**Sol.552.(a) आंध्र प्रदेश।** यह त्योहार उत्तर भारतीय राज्यो में रखे जाने वाले करवा चौथ व्रत के समान है । यह त्यौहार पूर्णिमा के बाद अश्वयुजा थडिया (तीसरे दिन) पर मनाया जाता है।

**Q.553.** कोणार्क नृत्य महोत्सव 1986 से हर वर्ष ____के बीच कोणार्क में आयोजित किया जाता है।
SSC MTS 14/09/2023 (2nd Shift)
(a) 1 और 5 अक्टूबर (b) 1 और 5 अगस्त
(c) 1 और 5 जनवरी (d) 1 और 5 दिसंबर

**Sol.553.(d) 1 और 5 दिसंबर।** कोणार्क नृत्य महोत्सव सूर्य मंदिर (ब्लैक पैगोडा) की पृष्ठभूमि में एक खुली हवा वाले सभागार में आयोजित किया जाता है। भारत में नृत्य महोत्सव - बामनिया छऊ नृत्य महोत्सव (पश्चिम बंगाल), खजुराहो नृत्य महोत्सव (मध्य प्रदेश), मामल्लापुरम नृत्य महोत्सव और नाट्यांजलि महोत्सव (तमिलनाडु), निशागंधी नृत्य महोत्सव (केरल), सिरपुर संगीत और नृत्य महोत्सव (छत्तीसगढ़)।

**Q.554.** बस्तर दशहरा निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?
SSC CHSL 02/08/2023 (2nd shift)
(a) उत्तर प्रदेश (b) हरियाणा
(c) छत्तीसगढ़ (d) झारखंड

**Sol.554.(c) छत्तीसगढ़। बस्तर दशहरा** (75 दिवसीय) की शुरुआत 13वीं शताब्दी में बस्तर के चौथे राजा, पुरषोत्तम देव के शासनकाल के दौरान हुई थी। देवी - दंतेश्वरी देवी।

**Q.555.** लुई नगाई नी त्योहार का संबंध निम्नलिखित में से किस राज्य से है
SSC CHSL 03/08/2023 (4th shift)
(a) मणिपुर (b) उत्तरप्रदेश
(c) उत्तराखंड (d) हिमाचल प्रदेश

**Sol.555.(a) मणिपुर। लुई नगाई नी** - एक त्योहार जो मणिपुर (भारत) की नागा जनजातियों द्वारा मनाया जाता है। यह बीज बोने का त्योहार है जो नागाओं के लिए नए वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। यह त्योहार हर वर्ष 15 फरवरी को मनाया जाता है।

**Q.556.** भारतीय त्योहार दशहरा का प्रसिद्ध उत्सव किस जगह मनाया जाता है?
SSC CHSL 07/08/2023 (2nd shift)
(a) मैसूर पैलेस (b) निज़ाम पैलेस
(c) मयूरभंज पैलेस (d) जयपुर पैलेस

**Sol.556.(a) मैसूर पैलेस** (कर्नाटक)। स्थापना - 1912, निर्माण 1897 में शुरू हुआ। यह वोडेयार शासकों का निवास स्थान था जिन्होंने सात शताब्दियों तक मैसूर पर शासन किया था। निज़ाम पैलेस (कोलकाता) - इसका निर्माण 1933 में किया गया था।

**Q.557.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक उत्सव और नृत्य है?
SSC CHSL 07/08/2023 (4th shift)
(a) बैसाखी (b) उगादि (c) पोंगल (d) बिहू

**Sol.557.(d) बिहू** (असम)। असम के त्यौहार: माजुली, देहिंग पटकाई, काजीरंगा हाथी, अली ऐ लिगांग, रोंगकेर और चोमांगकन, रास लीला, करम पूजा, बैशागु।

**Q.558.** पावल/पॉल कुट भारत के किस राज्य का भगवान को आभार व्यक्त करने वाला (thanksgiving) उत्सव है?
SSC CHSL 08/08/2023 (2nd shift)
(a) केरल (b) गुजरात
(c) मिजोरम (d) हिमाचल प्रदेश

**Sol.558.(c) मिजोरम।** थैंक्सगिविंग उत्सव - पावल कुट (भूसे की फसल का त्योहार), मिजोरम में ल्यूवा खुटला (मारा जनजाति), उत्तरायण (गुजरात), लोहड़ी (पंजाब), ओणम (केरल), भोगली बिहू (असम), पोंगल (तमिलनाडु), गुड़ी पड़वा ( महाराष्ट्र), उगादि (आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक)।

**Q.559.** निम्नलिखित में से किस राज्य में सांडों को काबू करने वाला प्रसिद्ध उत्सव जलीकट्टू मनाया जाता है?
SSC CHSL 09/08/2023 (3rd shift)
(a) कर्नाटक (b) केरल
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) तमिलनाडु

**Sol.559.(d) तमिलनाडु।** जल्लीकट्टू : मट्टू पोंगल दिवस पर पोंगल उत्सव का हिस्सा है जो प्रत्येक वर्ष जनवरी में मनाया जाता है। कुछ अन्य त्योहार : नाट्यांजलि नृत्य महोत्सव, कार्तिगई दीपम, आदि पेरुक्कु।

**Q.560.** प्रसिद्ध रथ यात्रा, रथ महोत्सव का संबंध किस भगवान से है?
SSC CHSL 10/08/2023 (1st shift)
(a) भगवान शिव (b) भगवान जगन्नाथ
(c) भगवान इंद्र (d) भगवान ब्रह्मा

**Sol.560.(b) भगवान जगन्नाथ। रथ यात्रा** - यह हिंदू रथ उत्सव है जो हर साल आषाढ़ (जून-जुलाई) के चंद्र माह के शुक्ल पक्ष को मनाया जाता है। जगन्नाथ मंदिर - 12वीं शताब्दी में चोडगंगा राजवंश के राजा अनंतवर्मन द्वारा निर्मित और 19वीं शताब्दी में यूरोपीय नाविकों द्वारा सफेद शिवालय के रूप में मान्यता प्राप्त।

**Q.561.** कजरी उत्सव निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है ?
SSC CHSL 10/08/2023 (3rd shift)
(a) पंजाब (b) झारखंड
(c) छत्तीसगढ़ (d) कर्नाटक

**Sol.561.(c) छत्तीसगढ़** । कजरी महोत्सव - किसानों द्वारा मनाया जाता है। समय - गेहूँ और जौ की बुआई के मौसम की शुरुआत में।

**Q.562.** असम में मकर संक्रांति के दिन निम्नलिखित में से कौन-सा त्योहार मनाया जाता है?
SSC CHSL 10/08/2023 (4th shift)
(a) कटि बिहू (b) माघ बिहू
(c) बोहाग बिहू (d) रक्षाबंधन

**Sol.562.(b) माघ बिहू।** बिहू त्योहार के प्रकार : रोंगाली या बोहाग बिहू (अप्रैल), कोंगाली या कटि बिहू (अक्टूबर), भोगाली या माघ बिहू (जनवरी)। विभिन्न राज्यों में मकर संक्रांति के नाम : माघ साजी - हिमाचल प्रदेश, पौष संक्रांति - पश्चिम बंगाल, पोंगल - तमिलनाडु, उत्तरायण - गुजरात, मकरविलक्कू - केरल, पेद्दा पांडुगा - आंध्र प्रदेश।

**Q.563.** 2004 से, भारत का निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का स्थायी स्थल है?
SSC CHSL 14/08/2023 (1st shift)
(a) गुजरात (b) नई दिल्ली
(c) गोवा (d) महाराष्ट्र

**Sol.563.(c) गोवा।** भारत का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, 1952 में स्थापित किया गया । प्रथम IFFI 1952 में बॉम्बे में आयोजित किया गया था, और यह 2004 से गोवा में आयोजित किया जा रहा है।

**Q.564.** ट्यूलिप महोत्सव किस शहर में प्रसिद्ध है?
SSC CHSL 14/08/2023 (1st shift)
(a) आगरा (b) इलाहाबाद
(c) लुधियाना (d) श्रीनगर

**Sol.564.(d) श्रीनगर।** कश्मीर में **ट्यूलिप महोत्सव** श्रीनगर के इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्यूलिप गार्डन में फूलों की विशाल श्रृंखला को प्रदर्शित करने के लिए प्रतिवर्ष मनाया जाता है। यह कश्मीर घाटी में वसंत ऋतु की शुरुआत के दौरान आयोजित किया जाता है। **भारत में अन्य फूल त्योहार:** गुलाब महोत्सव (चंडीगढ़), ऊटी फ्लावर शो (तमिलनाडु), अंतर्राष्ट्रीय फूल महोत्सव (गंगटोक, सिक्किम), लालबाग फ्लावर शो (बैंगलोर), दशहरा फ्लावर शो (मैसूर), चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल (शिलांग, मेघालय) )।

**Q.565.** पांच दिवसीय उत्सव गान-नगाई मुख्य रूप से भारत के किस हिस्से में मनाया जाता है?
SSC CHSL 14/08/2023 (2nd shift)
(a) उत्तरी (b) उत्तर - पूर्वी
(c) पश्चिमी (d) दक्षिणी

**Sol.565.(b) उत्तर-पूर्वी।** गान नगाई उत्सव - फसल कटाई के बाद ज़ेलियानग्रोंग समुदाय के लोगों द्वारा मनाया जाता है। वे राज्य जहां यह मुख्य रूप से मनाया जाता है - असम, मणिपुर, नागालैंड।

**Q.566.** दीपावली हिंदू कैलेंडर के किस महीने में मनाई जाती है?
SSC CHSL 14/08/2023 (4th shift)
(a) माघ (b) चैत्र (c) अश्विन (d) कार्तिक

**Sol.566.(d) कार्तिक** हिंदू कैलेंडर का 8वां महीना है। त्योहार - गोवर्धन पूजा, भैया दूज, नरक चतुर्दशी, धनतेरस। **चैत्र** (मार्च-अप्रैल) - हिंदू कैलेंडर का प्रथम महीना। त्योहार - रंग पंचमी, गुड़ी पड़वा, राम नवमी, हनुमान जयंती। **आश्विन** (सितंबर-अक्टूबर) - हिंदू कैलेंडर में 7वां महीना। त्योहार-सरस्वती पूजा, दुर्गा अष्टमी, इंदिरा एकादशी, शारदीय नवरात्रि।

**Q.567.** चैत्रुअल और फुलाइच निम्नलिखित में से किस राज्य का त्योहार है ?
SSC CHSL 17/08/2023 (2nd shift)
(a) हिमाचल प्रदेश (b) गुजरात
(c) उत्तराखंड (d) हरियाणा

**Sol.567.(a) हिमाचल प्रदेश।** चैत्रुअल (चित्रों का त्योहार) - सिरमौर क्षेत्र में चैत्र (मार्च-अप्रैल) महीने में मनाया जाता है। फुलाइच (फूलों का त्योहार)- हिंदू महीने भाद्रपद (अगस्त-सितंबर) के 16वें दिन मनाया जाता है।

**Q.568.** रजनी गबरा और हरनी गबरा निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य का सांस्कृतिक उत्सव है?
SSC CHSL 17/08/2023 (3rd shift)
(a) असम (b) बिहार
(c) मिजोरम (d) पश्चिम बंगाल

**Sol.568.(a) असम।** रजनी गबरा और हरनी गबरा दिमासा जनजाति का एक वार्षिक त्योहार है। यह सामाजिक-धार्मिक त्योहार नई खेती शुरू करने से पहले मनाया जाता है।

**Q.569.** निम्नलिखित में से कौन-सा त्योहार 'टाई ऑफ प्रोटेक्शन' शब्द से जुड़ा है?
SSC CGL 14/07/2023 (1st shift)
(a) बैसाखी (b) करवा चौथ
(c) छठ पूजा (d) रक्षाबंधन

**Sol.569.(d) रक्षा बंधन** (हिंदू त्योहार)। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, रक्षा बंधन हिंदू श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। पूर्णिमा के दिन मनाये जाने वाले अन्य त्यौहार - होली, गुरु नानक जयंती, कार्तिक पूर्णिमा।

**Q.570.** नाग पंचमी हिंदू कैलेंडर के किस महीने में मनाई जाती है?
SSC CGL 14/07/2023 (4th shift)
(a) श्रावण (b) कार्तिक (c) शरद (d) आषाढ़

**Sol.570.(a) श्रावण।** श्रावण मास के अन्य त्यौहार - रक्षा बंधन, हरियाली तीज, नारली पूर्णिमा। **कार्तिक** माह के त्यौहार - करवा चौथ, रमा एकादशी, धनतेरस, लक्ष्मी पूजा (दीवाली), भैया दूज, छठ पूजा। **आषाढ़** - जगन्नाथ रथयात्रा, गुरु पूर्णिमा, योगिनी एकादशी। **शरद पूर्णिमा** फसल उत्सव है जो हिंदू चंद्र कैलेंडर के पवित्र महीने अश्विन के दौरान मनाया जाता है।

**Q.571.** बाणगंगा उत्सव महाराष्ट्र में निम्नलिखित में से किस स्थान पर प्रतिवर्ष मनाया जाता है ?
SSC CGL 17/07/2023 (1st shift)
(a) पुणे (b) नासिक (c) मुंबई (d) नागपुर

**Sol.571.(c) मुंबई।** बाणगंगा उत्सव: दो दिवसीय संगीत उत्सव (भगवान राम को श्रद्धांजलि) हर साल जनवरी के महीने में मुंबई के मालाबार हिल्स में मनाया जाता है।

**Q.572.** यह आयोजन ईसा मसीह के पुनर्जन्म के उत्सव में मनाया जाता है। इस आयोजन (event) का नाम बताइए ?
SSC CGL 17/07/2023 (2nd shift)
(a) ईस्टर (b) क्रिसमस
(c) पवित्र गुरुवार (d) गुड फ्राइडे

**Sol.572.(a) ईस्टर। महत्वपूर्ण ईसाई दिन और त्यौहार**: क्रिसमस दिवस - ईसा मसीह का जन्म दिन । गुड फ्राइडे - यीशु (Jesus) को सूली पर चढ़ाया गया था। पवित्र गुरुवार या पुण्य गुरुवार - ईसाई कैलेंडर में ईस्टर से पहले गुरुवार को संदर्भित करता है। यह अपने प्रेरितों के साथ ईसा मसीह के अंतिम भोज का स्मरण कराता है। एपिफेनी (बारहवीं रात) - बेथलहम में शिशु यीशु के पास मैगी (बुद्धिमान पुरुष या तीन राजाओं) की यात्रा की याद में, क्रिसमस के बारह दिन बाद 6 जनवरी को ईसाई पर्व मनाया जाता है।

**Q.573.** गरबा किस त्योहार के दौरान किया जाता है ?
SSC CGL 18/07/2023 (1st shift)
(a) पोंगल (b) नवरात्रि (c) दिवाली (d) बिहू

**Sol.573.(b) नवरात्रि ।** यह नौ दिनों का त्योहार है जो मां दुर्गा और उनके नौ अवतारों (नवदुर्गा) की पूजा को समर्पित है।

**Q.574.** चिथिरई उत्सव किस राज्य में मनाया जाता है ?
SSC CGL 18/07/2023 (4th shift)
(a) पंजाब (b) तमिलनाडु
(c) राजस्थान (d) मेघालय

**Sol.574.(b) तमिलनाडु। चिथिरई** (Chithirai) उत्सव - यह भगवान सुंदरेश्वर (भगवान शिव) और देवी मीनाक्षी, जिन्हें भगवान विष्णु की बहन माना जाता है, के दिव्य मिलन का जश्न मनाता है। मदुरै में मनाया जाता है।

**Q.575.** मानव पिरामिड बनाने और छाछ से भरे मिट्टी के बर्तन (मटकी) को तोड़ने का प्रयास करने की गतिविधि किस त्योहार से जुड़ी है?
SSC CGL 19/07/2023 (1st shift)
(a) होली (b) जन्माष्टमी
(c) दशहरा (d) महाशिवरात्रि

**Sol.575.(b) जन्माष्टमी ।** यह एक हिंदू त्योहार है जो भाद्रपद महीने के अंधेरे पखवाड़े के आठवें (अष्टमी) दिन भगवान कृष्ण के जन्म का जश्न मनाता है। दही हांडी महाराष्ट्र का एक लोकप्रिय त्योहार है। भगवान कृष्ण से संबंधित प्रसिद्ध त्योहार: गोवर्धन पूजा, होली। भारत में **भगवान कृष्ण** के मंदिर:-जगन्नाथ मंदिर (पुरी, ओडिशा), द्वारकाधीश (गुजरात), गुरुवयूर (केरल), उडुपी श्री कृष्ण मठ (कर्नाटक)।

**Q.576.** असम के किस शहर में हर वर्ष चाय महोत्सव मनाया जाता है?
SSC CGL 19/07/2023 (3rd shift)
(a) गुवाहाटी (b) सिलचर
(c) जोरहाट (d) डिब्रूगढ़

**Sol.576.(c) जोरहाट।** असम राज्य में चाय महोत्सव हर वर्ष नवंबर और जनवरी के बीच शीतकालीन मौसम में मनाया जाता है। असम में मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहार: बिहू, बैशागु, अली-ऐ-लिगांग, बाईखो, रोंगकेर, रजनी गबरा हरनी गबरा, बोहागियो बिशु, अंबुबाची मेला और जोनबिल मेला।

**Q.577.** निम्नलिखित में से किस राज्य में प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी से शुरू होने वाले पांच दिवसीय उत्सव 'लोकरंग' का आयोजन किया जाता है?
SSC CGL 19/07/2023 (4th shift)

(a) अरुणाचल प्रदेश (b) हिमांचल प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश (d) उत्तर प्रदेश

**Sol.577.(c) मध्य प्रदेश। लोकरंग** - इस महोत्सव का आयोजन मध्य प्रदेश के आदिवासी लोक कला अकादमी द्वारा किया जाता है। कुछ अन्य त्यौहार : मध्य प्रदेश : खजुराहो, भगोरिया हाट, मालवा उत्सव, करमा, लारुकाज़, गणगौर।

**Q.578.** निम्नलिखित में से कौन-से त्योहार की उत्पत्ति तिब्बती नव वर्ष से हुई है और लद्दाख में, यह हर साल फसल कटाई के मौसम के अंत में मनाया जाता है ?
SSC CGL 20/07/2023 (1st shift)
(a) लोसर उत्सव (b) माथो नागरांग
(c) युरु कबग्यात (d) दोसमोचे

**Sol.578.(a) लोसर उत्सव:** इसे बौद्ध नव वर्ष के रूप में मनाया जाता है। यह भारत में अरुणाचल प्रदेश, लद्दाख, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहौल जिले जैसे विभिन्न हिस्सों में मनाया जाता है। यह तिब्बती नव वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। यह सामान्यतः उन जनजातियों द्वारा मनाया जाता है जो बौद्ध धर्म के महायान संप्रदाय में विश्वास करते हैं जैसे शेरडुकपेन्स, खंबा, मेम्बा, मोनपा जनजाति, आदि।

**Q.579.** 'कंबाला' महोत्सव ______राज्य के कृषक समुदायों द्वारा आयोजित किया जाता है।
SSC CGL 20/07/2023 (2nd shift)
(a) हिमाचल प्रदेश (b) राजस्थान
(c) कर्नाटक (d) मध्य प्रदेश

**Sol.579.(c) कर्नाटक**। कंबाला (Kambala) उत्सव मूलतः भैंस दौड़ से जुड़ा हुआ है। यह त्यौहार हिंदू भगवान - भगवान कादरी मंजुनाथ को समर्पित है, जो भगवान शिव के प्रतीक हैं।

**Q.580.** सिख, बंदी छोड़ दिवस मनाते हैं जो किस हिंदू त्योहार के साथ मेल खाता है?
SSC CGL 21/07/2023 (2nd shift)
(a) गणेश चतुर्थी (b) होली
(c) दिवाली (d) दशहरा

**Sol.580.(c) दिवाली।** बंदी छोड़ दिवस - एक सिख उत्सव है जो उस दिन को याद दिलाता है, जिस दिन सिखों के छठे गुरु, गुरु हरगोविंद ने ग्वालियर किले से 52 कैदियों को रिहा करवाया था, जिन्हें मुगल सम्राट जहांगीर ने कैद किया था। सम्राट जहाँगीर ने ग्वालियर में 52 राजाओं को बंदी बना रखा था। अन्य सिख त्यौहार - मुक्तसर मेला, प्रकाश उत्सव दशवे पातशाह, होला मोहल्ला, गुरु पर्व ।

**Q.581.** निम्नलिखित में से किस त्यौहार के नाम में उबालना' या 'उबलना' का अर्थ जुड़ा है?
SSC CGL 24/07/2023 (1st shift)
(a) पोंगल (b) ओणम (c) राजा (d) बिहु

**Sol.581.(a) पोंगल** (फसल उत्सव) - दक्षिण भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है और यह मुख्य रूप से तमिलनाडु में मनाया जाता है।

**Q.582.** हिमाचल प्रदेश का डोंगरी उत्सव मुख्य रूप से किस धार्मिक समुदाय द्वारा मनाया जाता है?
SSC CGL 24/07/2023( 4th shift)
(a) बौद्ध (b) सिख (c) मुसलमान (d) हिंदू

**Sol.582.(d) हिंदू। डोंगरी महोत्सव :** यह कुल्लू जिले (हिमाचल प्रदेश) में मई के महीने में हडिम्बा देवी (भीम की पत्नी) के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है।

**Q.583.** तमलाडु भारत के किस राज्य के बौद्ध समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार है ?
SSC CGL 25/07/2023 (1st shift)
(a) कर्नाटक (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश (d) हिमाचल प्रदेश

**Sol.583.(b) अरुणाचल प्रदेश**। यह लोहित जिले में दिगारू मिश्मिस जनजाति द्वारा मनाया जाता है।

**Q.584.** गुरुवायूर एकादशी भारत के किस राज्य का सांस्कृतिक उत्सव है?
SSC CGL 26/07/2023 (3rd shift)
(a) कर्नाटक (b) आंध्र प्रदेश
(c) तमिलनाडु (d) केरल

**Sol.584.(d) केरल**। गुरुवायुर एकादशी प्रसिद्ध श्री कृष्ण मंदिर में मनाई जाती है। यह पारंपरिक मलयालम कैलेंडर के अनुसार वृश्चिकम महीने में मनाया जाता है। भगवान गुरुवायुर भगवान विष्णु के अवतार हैं।

**Q.585.** पारो त्शेचु के नाम से प्रसिद्ध त्योहार किस देश में मनाया जाता है
SSC CGL 27/07/2023 (2nd shift)
(a) जापान (b) भूटान (c) थाईलैंड (d) बर्मा

**Sol.585.(b) भूटान। पारो त्शेचु** - पद्मसंभव (गुरु रिमपोछे) की जयंती मनाने के लिए एक मुखौटा नृत्य है। यह पांच दिवसीय उत्सव है जो प्रत्येक वर्ष मार्च महीने या अप्रैल की शुरुआत में आयोजित किया जाता है।

**Q.586.** निम्नलिखित में से कौन-सा धार्मिक त्योहार तेलंगाना में पीरला पांडुगा के नाम से जाना जाता है
Graduate Level 27/06/2023 ( Shift - 4)
(a) मुहर्रम (b) क्रिसमस
(c) ईद-उल-फितर (d) नवरोज़

**Sol.586.(a) मुहर्रम** (इस्लामी चंद्र कैलेंडर का पहला महीना)। यह एक पवित्र त्योहार है जो हज़रत इमाम हुसैन की शहादत की याद दिलाता है और जुलूस द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर अलम नामक अवशेष को जुलूस के रूप में निकाला जाता है।

**Q.587.** मकरविलाक्कु त्योहार निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में मनाया जाता है?
Graduate Level 28/06/2023 ( Shift - 3)
(a) आंध्र प्रदेश (b) तमिलनाडु
(c) केरल (d) कर्नाटक

**Sol.587.(c) केरल।** यह सबरीमाला मंदिर में प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

**Q.588.** मुसलमानों द्वारा मनाया जाने वाले किस त्यौहार बारावफ़ात के नाम से भी जाना जाता है?
Higher Secondary 28/06/2023 ( Shift - 2)
(a) मुहर्रम (b) मिलाद-उन-नबी
(c) ईद-उल-जुहा (d) शब-ए-बारात

**Sol.588.(b) मिलाद-उन-नबी** - पैगंबर मुहम्मद के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। **मुसलमानों के अन्य त्यौहार** : **मुहर्रम** - इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना, जिसे हिजरी और 'अल्लाह का महीना' भी कहा जाता है। यह पैगंबर मुहम्मद के पोते, हुसैन इब्न अली की मृत्यु की याद दिलाता है। **ईद-उल-जुहा** - इसे ईद उल-अजहा या बलिदान के पर्व के रूप में भी जाना जाता है। यह ईश्वर की आज्ञा का पालन करते हुए अब्राहम द्वारा अपने पुत्र इस्माइल की बलि देने की इच्छा का सम्मान करता है। **शब-ए-बारात** वह रात है जब अल्लाह तौबा करने वाले मुसलमानों को उनके गुनाहों से माफी देता है और उनकी दुआओं का जवाब देता है।

**Q.589**. निम्नलिखित में से कौन - सा शस्योत्सव कर्नाटक में नवम्बर-दिसम्बर के महीनों में मनाया जाता है?
Matric Level 27/06/2023 (Shift - 1)
(a) हम्पी (b) दसरा (c) हुथरी (d) कम्बाला

**Sol.589.(c) हुथरी** - वार्षिक चावल फसल उत्सव जो कूर्ग (कोडागु) में रहने वाले समुदायों द्वारा मनाया जाता है। **कर्नाटक के अन्य त्योहार:** कंबाला महोत्सव (मार्च और नवंबर), हम्पी महोत्सव (नवंबर), पट्टदकल नृत्य महोत्सव (जनवरी), मकर संक्रांति (जनवरी), उगादि (अप्रैल), वैरामुडी महोत्सव (मार्च), करागा महोत्सव (मार्च/अप्रैल), वर महालक्ष्मी पूजा (अगस्त)।

**Q.590.** निम्नलिखित में से किस राज्य में गुरुंग समुदाय द्वारा तमु लोसार त्योहार नये साल के तौर पर मनाया जाता है?
Matric Level 28/06/2023 (Shift - 4)
(a) गोवा (b) असम (c) सिक्किम (d) मध्य प्रदेश

**Sol.590.(c) सिक्किम।** तमु लोचर गुरुंग नव वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है जो विक्रम संवत् और अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 30 दिसंबर को पौष के 15वें दिन पड़ता है।

**Q.591.** निम्नलिखित में से कौन-सा अरुणाचल प्रदेश का एक कृषि उत्सव है जो गालो जनजाति द्वारा मनाया जाता है?
SSC MTS 02/05/2023 (Morning)
(a) लोसार (b) उगादि (c) कर्मा (d) मोपिन

**Sol.591.(d) मोपिन** - यह पूर्वी सियांग और पश्चिमी सियांग जिलों में अप्रैल के महीनों में आयोजित होने वाला कटाई के मौसम का उत्सव है। **प्रमुख जनजातियाँ** (अरुणाचल प्रदेश) - आदि, आका, अपातानी, न्यीशी, टैगिन, बोरी और बोकर।

**Q.592.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारत के मेघालय का एक प्रसिद्ध फसल कटाई उत्सव है?
SSC MTS 02/05/2023 (Afternoon)
(a) चापचर कुट उत्सव ( Chapchar Kut festival)
(b) सनबर्न उत्सव (Sunburn festival)
(c) हॉर्नबिल उत्सव ( Hornbill festival)
(d) नोंगक्रेम उत्सव ( Nongkrem festival)

**Sol.592.(d) नोंगक्रेम उत्सव**। अवधि - प्रत्येक

वर्ष नवम्बर का महीना। **स्थान** - स्मिट, मेघालय में खासी पहाड़ियाँ। यह खासी पहाड़ियों के सांस्कृतिक केंद्र स्मिट में शरद ऋतु के दौरान मनाया जाता है।

**Q.593.** नवरेह, एक चंद्र नव वर्ष है जो निम्नलिखित में से किस राज्य / केंद्र शासित प्रदेश में मनाया जाता है?
SSC MTS 08/05/2023 (Morning)
(a) सिक्किम (b) असम
(c) मणिपुर (d) जम्मू और कश्मीर

**Sol.593.(d) जम्मू और कश्मीर। नवरेह** - यह चैत्र नवरात्रि के पहले दिन पड़ता है। इस दिन कश्मीरी पंडित चावल के कटोरे को देखते हैं जिसे धन और उर्वरता का प्रतीक माना जाता है।

**Q.594.** ____खेतों में बीज बोने का त्योहार है। यह झारखंड में मनाया जाने वाला एक प्रमुख त्योहार है।
SSC MTS 08/05/2023 (Evening)
(a) करम (Karam) (b) बान्दाना (Bandana)
(c) जावा (Jawa) (d) रोहिणी (Rohini)

**Sol.594.(d) रोहिणी।** रजसावला अम्बावती और चितगोम्हा जैसे त्यौहार भी रोहिणी के साथ मनाये जाते हैं।

**Q.595.** निम्नलिखित में से कौन-सी देवी/देवता उड़ीसा के पुरी रथ यात्रा उत्सब से संबंधित नहीं है
SSC MTS 09/05/2023 (Afternoon)
(a) भगवान जगन्नाथ (b) भगवान बलभद्र
(c) देवी सुभद्रा (d) भगवान शिव

**Sol.595.(d) भगवान शिव । रथ यात्रा** (पुरी) - यह त्यौहार आषाढ़ के शुक्ल पक्ष (चंद्रमा के बढ़ते हुए चरण) के दूसरे दिन होता है। **तीन देवता और उनके रथ**: भगवान जगन्नाथ (नंदीघोष), भगवान बलभद्र (तालध्वज) और उनकी बहन सुभद्रा (दर्पदलना), तीन अलग-अलग रथों में यात्रा करते हैं। जगन्नाथ मंदिर भारत के चार धाम तीर्थ स्थलों में से एक है।

**Q.596.** उड़ीसा का रज पर्व त्योहार जीवंत सांस्कृतिक परंपरा और कृषि जीवन से संबंधित है। यह ____के महीने में तीन दिनों के लिए आयोजित किया जाता है।
SSC MTS 10/05/2023 (Morning)
(a) जुलाई (b) जून (c) सितंबर (d) अगस्त

**Sol.596.(b) जून । रज पर्व** (Raja Parba)- धरती माता (भूमा देवी) और समग्र रूप से नारीत्व को समर्पित। यह त्यौहार मानसून के मौसम या मिथुन के सौर महीने के आगमन का प्रतीक है। पहिली रज (त्योहार का पहला दिन), मिथुन संक्रांति (दूसरा दिन), भु दाह या बसी राजा (तीसरा दिन)।

**Q.597.** दशहरा उत्सव को _______के नाम से भी जाना जाता है।
SSC MTS 10/05/2023 (Evening)
(a) संक्रांति (b) वैकुंठ अष्टमी
(c) विजयादशमी (d) जन्माष्टमी

**Sol.597.(c) विजयादशमी** (दशईं) - यह प्रतिवर्ष शरद नवरात्रि के अंत में हिंदूओ द्वारा मनाया जाने वाला एक त्योहार है। यह हिंदू कैलेंडर के **अश्विन** (सितंबर-अक्टूबर) महीने के दसवें दिन मनाया जाता है। **रामलीला** को **2008** में UNESCO की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में जोड़ा गया था। दशईं नेपाल में मनाया जाने वाला एक त्योहार है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

**Q.598.** मणिपुर का याओशंग (Yaoshang) उत्सव________दिनों तक मनाया जाता है।
SSC MTS 11/05/2023 (Morning)
(a) दो (b) पाँच (c) सात (d) नौ

**Sol.598.(b) पांच। याओशंग उत्सव** (मणिपुर की होली का संस्करण) - हर साल मैतेई चंद्र कैलेंडर के लम्ता महीने (फरवरी-मार्च) की पूर्णिमा को मनाया जाता है। त्योहार का मुख्य आकर्षण 'थाबल चोंगबा' (लोक नृत्य) है। यह **चैतन्य महाप्रभु** के जन्मदिन का स्मरण कराता है।

**Q.599.** टुसू (Tusu) झारखंड में सर्दियों में फसल कटाई के अवसर पर______ माह के अंतिम दिन पर मनाया जाने वाला एक उत्सव है।
SSC MTS 11/05/2023 (Afternoon)
(a) फाल्गुन (b) चैत्र (c) माघ (d) पौष

**Sol.599.(d) पौष।** टुसू ज्यादातर झारखंड के बुंडू, तमाड़ और रायडीह के बीच के इलाके में मनाया जाता है।

**Q.600.** निम्नलिखित त्योहारों में से कौन सा "थैंक्सगिविंग फेस्टिवल" है, जो मुख्य रूप से गोवा में मनाया जाता है?
SSC MTS 11/05/2023 (Evening)
(a) हॉर्नबिल (b) मायोको (c) बिहुला (d) लदैन्हा

**Sol.600.(d) लदैन्हा** (ईसाइयों द्वारा मनाया जाता है)। गोवा में अन्य त्योहार: शिग्मो, साओ जोआओ, सनबर्न, ग्रेप एस्केपेड।

**Q.601.** निम्नलिखित में से कौन-सा अनुष्ठान भारत के त्रिपुरा में पृथ्वी की सफाई के साथ-साथ चौदह देवताओं की पूजा करने से संबंधित है?
SSC MTS 16/05/2023 (Morning)
(a) खार्ची पूजा (b) टूसू
(c) दुर्गा पूजा (d) बानी (Bani)

**Sol.601.(a) खार्ची पूजा ।** जुलाई या अगस्त में अगरतला में आयोजित इस त्यौहार में त्रिपुरी लोगों के वंश देवता बनाने वाले चौदह देवताओं की पूजा शामिल है। **बन्नी उत्सव** आंध्र प्रदेश में मनाया जाता है। इसमें हथियारों से सुसज्जित मंदिर का दौरा करना शामिल है।

**Q.602.** चार दिवसीय फसल कटाई उत्सव पोंगल आमतौर पर ______में मनाया जाता है।
SSC MTS 16/05/2023 (Afternoon)
(a) उत्तर-पूर्वी भारत (b) उत्तर भारत
(c) पूर्वी भारत (d) दक्षिण भारत

**Sol.602.(d) दक्षिण भारत। पोंगल (थाई पोंगल)** दक्षिण भारत और श्रीलंका में मनाया जाने वाला चार दिवसीय फसल उत्सव है। यह तमिल लोगों का एक प्रमुख त्योहार है, और क्षेत्र के अन्य समुदायों द्वारा भी मनाया जाता है। यह त्योहार सूर्य देवता को समर्पित है, और शीतकालीन संक्रांति के अंत का प्रतीक है।

**Q.603.** छः दिवसीय खजुराहो नृत्य उत्सव निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?
SSC MTS 17/05/2023 (Afternoon)
(a) हरियाणा (b) मध्य प्रदेश
(c) असम (d) केरल

**Sol.603.(b) मध्य प्रदेश।** खजुराहो नृत्य महोत्सव: मध्य प्रदेश सरकार की कला परिषद द्वारा आयोजित किया जाता है। आयोजन - खजुराहो मंदिर (20 फरवरी से 26 फरवरी तक)। शुरुआत - 1975।

**Q.604.** खिचड़ी (Khichdi), एक फसल कटाई उत्सव है जिसमें अनुष्ठानिक स्नान किया जाता है, यह मुख्य रूप से_______ में मनाया जाता है।
SSC MTS 18/05/2023 (Evening)
(a) मध्यप्रदेश (b) हरियाणा
(c) उत्तर प्रदेश (d) गुजरात

**Sol.604.(c) उत्तर प्रदेश।** मकर संक्रांति (फसल उत्सव): विभिन्न राज्यों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है - गुजरात में उत्तरायण, पंजाब में माघी, हिमाचल प्रदेश में माघ साजी, तमिलनाडु में पोंगल। यह जनवरी महीने में मनाया जाता है।

**Q.605**. छठ पूजा उत्सव ___भगवान को समर्पित होता है।
SSC MTS 13/06/2023 (Morning)
(a) विष्णु (b) सूर्य (c) इंद्र (d) ब्रह्मा

**Sol.605.(b) सूर्य । छठ पूजा** भारत के बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश राज्यों और नेपाल में मनाई जाती है। यह हिंदू चंद्र विक्रम संवत कैलेंडर के अनुसार कार्तिक महीने में चार दिनों तक मनाया जाता है। पहला दिन नहाय खाय (उपवास और स्नान का दिन) है। दूसरा दिन खरना (भोज का दिन) है। तीसरा दिन संध्या अर्घ्य (डूबते सूर्य को अर्घ्य देने का दिन) है। चौथा दिन उषा अर्घ्य (उगते सूर्य को अर्घ्य देना) है।

**Q.606.** होलिका दहन का त्योहार____का प्रतीक है।
SSC MTS 13/06/2023 (Afternoon)
(a) बुराई पर अच्छाई की जीत
(b) बुआई के मौसम (sowing season) की शुरुआत
(c) महिषासुर पर देवी दुर्गा की विजय
(d) नववर्ष की शुरुआत

**Sol.606.(a) बुराई पर अच्छाई की जीत। होली** (रंगों का त्योहार, फगवा): यह फाल्गुन (हिन्दू कैलेंडर का अंतिम महीना) में मनाया जाता है । यह सर्दियों के अंत और वसंत की शुरुआत का प्रतीक है। **विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग नाम** - रंग पंचमी (महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्य प्रदेश), लट्ठमार होली (उत्तर प्रदेश), होला मोहल्ला (पंजाब), शिग्मो (गोवा), शाही होली (उदयपुर), कुमाऊंनी होली और खड़ी होली (उत्तराखंड), मंजल कुली (केरल), डोल जात्रा (पश्चिम बंगाल), याओसांग (मणिपुर), फगुवा (बिहार)।

**Q.607.** दिवाली उस दिन का प्रतीक है जब भगवान राम, राजा रावण को पराजित कर _____वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे।
SSC MTS 14/06/2023 (Morning)
(a) 11 (b) 7 (c) 12 (d) 14

**Sol.607.(d) 14 । दिवाली** रोशनी का त्योहार है

और यह बुराई के खिलाफ अच्छाई की जीत, अज्ञानता पर ज्ञान, अंधेरे के खिलाफ प्रकाश और दुख पर विश्वास की जीत का प्रतीक है।

**Q.608.** कौन सी गतिविधि गुजरात में उत्तरायण त्योहार के उत्सव का प्रतीक है?
SSC MTS 15/06/2023 (Afternoon)
(a) दीये जलाना (b) पतंग उड़ाना
(c) पटाखे फोड़ना (d) सोने खरीदना

**Sol.608.(b) पतंग उड़ाना।** उत्तरायण का त्योहार उस दिन को चिह्नित करता है जब सर्दी धीरे-धीरे गर्मियों में बदलने लगती है। यह जनवरी के महीने में मकर संक्रांति (फसल उत्सव) के दौरान होता है।

**Q.609.** आदि जनजाति द्वारा मनाए जाने वाले "सोलुंग " त्योहार का संबंध किस राज्य से है ?
SSC MTS 16/06/2023 (Evening)
(a) हिमाचल प्रदेश (b) मध्यप्रदेश
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) आंध्रप्रदेश

**Sol.609.(c) अरुणाचल प्रदेश।** सोलुंग उत्सव सितंबर के पहले सप्ताह में कृषि उत्सव के रूप में मनाया जाता है।

**Q.610.** निम्नलिखित में से कौन सा त्योहार एक महान बौद्ध संत जे चोंखापा (Je Tsongkhapa) के जन्मदिन का प्रतीक है?
SSC CHSL 10/03/2023 (4th Shift)
(a) सरहुल (b) लोसर
(c) टुसु (d) गलदान नामचोट

**Sol.610.(d) गलदान नामचोट** अक्सर तिब्बत, मंगोलिया और लद्दाख में मनाया जाता है। यह महोत्सव लद्दाख में नए साल की शुरुआत का प्रतीक है।

**Q.611.** निम्नलिखित में से कौन-सा गोवा का मानसून कीचड़ उत्सव है ?
SSC CHSL 16/03/2023 (4th Shift)
(a) सरहुल (b) कर्मा
(c) चिकल कालो (d) लदेन्हा

**Sol.611.(c) चिकल कालो।** यह आषाढ़ महीने के 12वें दिन मनाया जाता है जो लगभग जुलाई में पड़ता है। गोवा में मार्सेल गांव के देवकी-कृष्ण मंदिर मैदान उत्सव के आयोजन स्थल हैं।

**Q.612.** गंगा दशहरा हर साल ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष के _______ दिन को होता है।
SSC CHSL 20/03/2023 (2nd Shift)
(a) छठवें (b) आठवें (c) दसवें (d) बारहवें

**Sol.612.(c) दसवें। गंगा दशहरा** (गंगावतरण) - हिंदू त्योहार, पृथ्वी पर गंगा नदी के अवतरण का प्रतीक है। **होली**: फाल्गुन मास (फरवरी-मार्च) की पूर्णिमा तिथि (पूर्णिमा)।

**Q.613.** पंजाब में निम्नलिखित में से कौन-सा त्योहार खालसा पंथ के गठन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है?
SSC CGL 01/12/2022 (1st Shift)
(a) लोहड़ी (b) होला मोहल्ला (c) तीज (d) बैसाखी

**Sol.613.(d) बैसाखी** (सिख नव वर्ष) 1699 में गुरु गोबिंद सिंह द्वारा **खालसा पंथ** के गठन की याद दिलाता है। यह मुख्य रूप से पंजाब और हरियाणा राज्यों में मनाया जाता है। यह एक वसंत फसल उत्सव है जो आमतौर पर हर वर्ष 13 या 14 अप्रैल को मनाया जाता है। **लोहड़ी** (शीतकालीन संक्रांति के गुजरने का प्रतीक), **होला मोहल्ला** (तीन दिवसीय सिख त्योहार जो आमतौर पर मार्च में पड़ता है), **तीज** (जिसे तीयान के नाम से भी जाना जाता है, मानसून की शुरुआत के लिए समर्पित)।

**Q.614.** निम्नलिखित में से किस त्योहार को विजय उत्सव के नाम से जाना जाता है ?
SSC CGL 02/12/2022 (2nd Shift)
(a) हम्पी महोत्सव (b) गंगासागर मेला
(c) पुष्कर मेला (d) कोणार्क नृत्य महोत्सव

**Sol.614.(a) हम्पी उत्सव** (कर्नाटक), जिसे विजय उत्सव के नाम से भी जाना जाता है, 2 या 3 दिनों के लिए मनाया जाता है और विजयनगर साम्राज्य के धूमधाम, वैभव और गौरव को दर्शाता है।

**Q.615.** सैर - ए - गुल फरोशां उत्सव कहाँ आयोजित किया जाता है?
SSC CGL 02/12/2022 (4th Shift)
(a) मसूरी (b) मुंबई (c) दिल्ली (d) शिमला

**Sol.615.(c) दिल्ली।** महरौली के क्षेत्र में बरसात के मौसम के ठीक बाद, यह तीन दिवसीय त्योहार है, जो आम तौर पर सितंबर के महीने में आयोजित किया जाता है।

**Q.616.** निम्नलिखित में से किसे तमिलनाडु में नव वर्ष के रूप में मनाया जाता है?
SSC CGL 03/12/2022 (1st Shift)
(a) पोंगल (b) पुथांडु (c) उगादी (d) ओणम

**Sol.616.(b) पुथांडु** (पुथुवरुदम, तमिल नव वर्ष)। तमिल कैलेंडर के अनुसार चित्तिराई (14 अप्रैल), तमिलनाडु और पुडुचेरी के तमिल हिंदुओं द्वारा एक त्योहार के रूप में मनाया जाता है।

**Q.617.** वांगला त्योहार निम्नलिखित में से किस जनजाति द्वारा मनाया जाता है?
SSC CGL 03/12/2022 (3rd Shift)
(a) भील जनजाति (b) गारो जनजाति
(c) थारू जनजाति (d) भूटिया जनजाति

**Sol.617.(b) गारो जनजाति ।** वांगला महोत्सव (100 ड्रम उत्सव) । वांगला महोत्सव उर्वरता के सूर्य देवता सालजोंग के सम्मान में आयोजित एक फसल उत्सव है। यह सर्दी के आगमन का भी प्रतीक है। **भील जनजाति** - भगोरिया पर्व (मध्य प्रदेश)। **थारू जनजाति** (दक्षिणी नेपाल और उत्तरी भारत) - दशाईन (विजयदशमी), तिहार (दीपावली) और जितिया। **भूटिया जनजाति** (सिक्किम) - लोसार उत्सव।

**Q.618.** सिक्किम में प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक प्रथागत नृत्य उत्सव काग्येद नृत्य किस महीने में होता है?
SSC CGL 03/12/2022 (4th Shift)
(a) मई (b) अक्टूबर (c) दिसंबर (d) अगस्त

**Sol.618.(c) दिसंबर । काग्येद नृत्य** (बौद्धों द्वारा आठ तांत्रिक देवी-देवताओं के नाम पर मनाया जाता है) - यह एक पारंपरिक नृत्य उत्सव है, जो सिक्किम में प्रतिवर्ष तिब्बती कैलेंडर के अनुसार दसवें महीने के 28वें और 29वें दिन और अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार दिसंबर महीने में मनाया जाता है।

**Q.619.** तमिल समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला एक हिंदू त्योहार जो तमिल सौर माह में पड़ता है, क्या कहलाता है?
SSC CGL 06/12/2022 (2nd Shift)
(a) करगा (b) बिहू (c) ओणम (d) थाईपुसम

**Sol.619.(d) थाईपुसम** (यह त्योहार भगवान मुरुगा को समर्पित है, जो जनवरी/फरवरी में तमिल महीने थाई की पूर्णिमा को मनाया जाता है)।

**Q.620.** पैगंबर मुहम्मद का जन्मदिन_______के नाम से भी मनाया जाता है।
SSC CGL 07/12/2022 (4th Shift)
(a) ईद-उल-फितर (b) रमजान
(c) ईद-उल-अजहा (d) मीलाद अल-नबी

**Sol.620.(d) मीलाद अल-नबी।** पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन के पालन को संदर्भित करता है, जिसे इस्लामिक कैलेंडर में तीसरे महीने रबी अल-अव्वल में मनाया जाता है।

**Q.621.** निम्नलिखित में से कौन सा महोत्सव कर्नाटक सरकार द्वारा आमतौर पर जनवरी में यूनेस्को विरासत स्थल पर मंदिरों की भव्यता का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया जाता है?
SSC CGL 08/12/2022 (2nd Shift)
(a) कंबाला महोत्सव (b) पट्टदकल नृत्य महोत्सव
(c) करगा महोत्सव (d) होयसल महोत्सव

**Sol.621.(b) पट्टदकल नृत्य महोत्सव** तीन दिवसीय कार्यक्रम है और कर्नाटक के छोटे से गाँव, अर्थात पट्टदकल में मंदिरों का उत्सव है।

**Q.622.** संयुक्त राष्ट्र के एक संगठन 'यूनेस्को' द्वारा हाल ही में किस भारतीय धार्मिक उत्सव को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया है?
SSC CGL 12/12/2022 (2nd Shift)
(a) दुर्गा पूजा (b) रामनवमी
(C) जन्माष्टमी (d) महाष्टमी

**Sol.622.(a) दुर्गा पूजा** (दुर्गोत्सव या शरदोत्सव) दस दिनों का हिंदू त्योहार है। यह सितंबर या अक्टूबर में कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में आयोजित किया जाता है। इसे अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की यूनेस्को सूची में शामिल किया गया था (2021, सूची 2008 में स्थापित की गई थी)।

**Q.623.** गुरु पूर्णिमा, जोकि भारत में हिंदुओं, जैनियों और बौद्धों द्वारा मनाया जाने वाला एक त्योहार है। यह हिंदू कैलेंडर के अनुसार किस महीने में आता है ?
SSC CGL 13/12/2022 (4th Shift)
(a) कार्तिक (b) वैशाख (c) श्रावण (d) आषाढ़

**Sol.623.(d) आषाढ़ ।** यह हिंदू महीने के आषाढ़ (जून-जुलाई) में पूर्णिमा के दिन (पूर्णिमा) मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा (व्यास पूर्णिमा) भारत, नेपाल और भूटान में हिंदुओं, जैनियों और बौद्धों द्वारा मनाई जाती है।

**Q.624.** तिरुवातिरै निम्नलिखित में से किस

भारतीय राज्य का सांस्कृतिक उत्सव है?
SSC CPO 09/11/2022 (Afternoon)
(a) कर्नाटक (b) केरल
(c) तेलंगाना (d) तमिलनाडु

**Sol.624.(b) केरल**। '**तिरुवातिरै**' उत्सव देवी पार्वती की प्रार्थना को याद करने के लिए मनाया जाता है, जो **भगवान शिव** के नाम पर नियमित रूप से तिरुवथिरा के दिन उपवास करती थीं।

**Q.625.** नागालैंड की अंगामी जनजाति द्वारा फरवरी के महीने में कौन-सा पर्व मनाया जाता है?
SSC CPO 10/11/2022 (Morning)
(a) सेक्रेन्यी (b) लोसूंग (c) हॉर्नबिल (d) माजुली

**Sol.625.(a) सेक्रेन्यी उत्सव** जिसे सोकरे-एन और फुसनी के नाम से भी जाना जाता है। **लोसूंग** एक सिक्किमी नववर्ष उत्सव है। यह त्योहार भारत, भूटान और नेपाल में भूटिया और लेप्चा जनजातियों द्वारा मनाया जाता है। **माजुली** (दुनिया का सबसे बड़ा नदी द्वीप) त्योहार असम में मनाया जाता है।

**Q.626.** निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में दुन्नापोथुला पांडुगा मनाया जाता है?
SSC CPO 10/11/2022 (Evening)
(a) तमिलनाडु (b) पश्चिम बंगाल
(c) असम (d) तेलंगाना

**Sol.626.(d) तेलंगाना । दुन्नापोथुला पांडुगा** (सदर) दीवाली पर मनाया जाने वाला एक भैंस का मेला (कार्निवल) है। कुछ प्रसिद्ध त्योहार पोंगल (तमिलनाडु), गंगा सागर मेला, दुर्गा पूजा (पश्चिम बंगाल), बिहू (असम), काकतीय त्योहार (तेलंगाना) हैं।

**Q.627.** फुगड़ी, कोंकण क्षेत्र में किया जाने वाला गोवा का एक लोक नृत्य है, यह आम तौर पर निम्नलिखित में से किस हिंदू धार्मिक त्योहार के दौरान किया जाता है?
SSC CPO 11/11/2022 (Morning)
(a) दिवाली (b) होली
(c) दुर्गा पूजा (d) गणेश चतुर्थी

**Sol.627.(d) गणेश चतुर्थी।** गोवा के लोक नृत्य - ढालो, मांडो, देखनी, दशावतार।

**Q.628.** 'लारू काज' मुख्य रूप से ____.के गोंडों द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार है।
Higher Secondary 01/08/2022 (Shift - 3)
(a) मध्य प्रदेश (b) गोवा
(c) सिक्किम (d) राजस्थान

**Sol.628.(a) मध्य प्रदेश**। अन्य त्यौहार - मेघनाद पर्व (गोंड जनजाति), रातोना (बैगा जनजाति), भगोरिया (भील जनजाति), आदि।

**Q.629.** अंडों को सजाने की प्रथा निम्नलिखित में से किस त्योहार के दौरान की जाती है?
Higher Secondary 02/08/2022 (Shift - 2)
(a) ईस्टर (b) एपीफेनी (c) क्रिसमस (d) नवरोज़

**Sol.629.(a) ईस्टर** (लैटिन पास्का) ईसाई चर्च का एक प्रमुख त्योहार है, जो सूली पर चढ़ने के तीसरे दिन ईसा मसीह के पुनरुत्थान का जश्न मनाता है। यह वसंत की पहली पूर्णिमा के बाद पहले रविवार को पड़ता है।

**Q.630.** सम्मक्का - सरक्का जतारा (Sammakka- Sarakka Jatara) भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?
Higher Secondary 04/08/2022 (Shift - 3)
(a) ओडिशा (b) तमिलनाडु
(c) तेलंगाना (d) छत्तीसगढ

**Sol.630.(c) तेलंगाना । तेलंगाना** के त्यौहार- बथुकम्मा, बोनालू, सम्मक्का-सरक्का जतारा, मेदराम जतारा।

**Q.631.** निम्नलिखित में से किस राज्य में गोंचा महोत्सव मनाया जाता है?
SSC MTS 06/07/2022 (Afternoon)
(a) छत्तीसगढ़ (b) कर्नाटक
(c) झारखंड (d) ओडिशा

**Sol.631.(a) छत्तीसगढ़** । गोंचा महोत्सव को लोकप्रिय रूप से रथ महोत्सव के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि यह उस समय मनाया जाता है जब हिंदू रथ यात्रा मनाते हैं।

**Q.632.** महावीर जयंती ______के माह में मनाई जाती है।
SSC MTS 07/07/2022 (Afternoon)
(a) मई (b) अप्रैल (c) सितंबर (d) दिसंबर

**Sol.632.(b) अप्रैल।** यह जैन धर्म में सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक त्योहारों में से एक है। यह दिन वर्धमान महावीर के जन्म का प्रतीक है, जो 24वें और अंतिम तीर्थंकर थे और जो 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ के उत्तराधिकारी बने।

**Q.633.** चेरा पंहारा अनुष्ठान किससे संबंधित हैं?
SSC MTS 11/07/2022 (Morning)
(a) पंजाब की बैसाखी
(b) पश्चिम बंगाल की दुर्गापूजा
(c) गुजरात की नवरात्रि
(d) ओडिशा की रथ यात्रा

**Sol.633.(d) ओडिशा की रथ यात्रा**। गजपति महाराजा छेरा पहनरा प्रदर्शन करते हैं, जिसमें रथ यात्रा पर सोने की परत वाली झाड़ू से रथों के डेक की सफाई करना शामिल है।

**Q.634.** अंतर्राष्ट्रीय रेतकला उत्सव आमतौर पर _______ में आयोजित किया जाता है।
SSC MTS 13/07/2022 (Afternoon)
(a) केरल (b) महाराष्ट्र
(c) तमिलनाडु (d) ओड़िशा

**Sol.634.(d) ओडिशा** । भारत के कला उत्सव: काला घोड़ा कला महोत्सव (मुंबई)। एलोरा-अजंता अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव (औरंगाबाद)। सूरजकुंड शिल्प मेला (हरियाणा)। ताज महोत्सव (आगरा)। सेरेन्डिपिटी आर्ट्स फेस्टिवल (गोवा)।

**Q.635.** बैशागु उत्सव भारत में ____राज्य से जुड़ा है।
SSC MTS 14/07/2022 (Afternoon)
(a) असम (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) बिहार (d) मणिपुर

**Sol.635.(a) असम** । बैशागु महोत्सव आम तौर पर अप्रैल के मध्य में बैशाख के महीने में बोरो कछारियों की जनजाति द्वारा मनाया जाता है। यह नव वर्ष के आगमन के लिए बसंत ऋतु का उत्सव है।

**Q.636.** सलहेस त्योहार ___राज्य में मनाया जाता है।
SSC MTS 15/07/2022 (Morning)
(a) तमिलनाडु (b) पंजाब (c) गुजरात (d) बिहार

**Sol.636.(d) बिहार । बिहार** के प्रसिद्ध त्योहारों में छठ पूजा, बुद्ध जयंती, सोनपुर पशु मेला, राजगीर महोत्सव, समा-चकेवा, बिहुला, मधुश्रावनी, पितृपक्ष मेला और मलमास मेला शामिल हैं।

**Q.637.** कुमारकोम नाव दौड़ सितंबर में वेम्बनाड झील पर _____ उत्सव के दौरान होने वाली सबसे प्रशंसित नाव दौड़ है।
SSC MTS 15/07/2022 (Afternoon)
(a) लोहड़ी (b) दीपावली (c) नॉरूज़ू (d) ओणम

**Sol.637.(d)** सितंबर में **ओणम** त्योहार के दौरान केरल में वेम्बनाड झील पर कुमारकोम नाव दौड़ होती है। यह त्योहार मुख्य रूप से कुमार मंगलम मंदिर में प्रसिद्ध श्री नारायण गुरु के आगमन का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया जाता है।

**Q.638.** निम्नलिखित में से कौन सा राज्य फ्लोट फेस्टिवल मनाता है ?
SSC MTS 18/07/2022 (Evening)
(a) तमिलनाडु (b) राजस्थान
(c) नागालैंड (d) हिमाचल प्रदेश

**Sol.638.(a) तमिलनाडु । फ्लोट फेस्टिवल** प्रसिद्ध मीनाक्षी अम्मन मंदिर में मनाया जाता है जो देवी मीनाक्षी को समर्पित है, जिन्हें देवी पार्वती का अवतार माना जाता है।

**Q.639.** गोची त्योहार एक भारतीय त्योहार है जो प्रमुख रूप से ________ में मनाया जाता है।
SSC MTS 19/07/2022 (Evening)
(a) छत्तीसगढ़ (b) गोवा
(c) हिमाचल प्रदेश (d) कर्नाटक

**Sol.639.(c) हिमाचल प्रदेश ।** हिमाचल प्रदेश के त्योहार और मेला - हल्दा महोत्सव, कुल्लू दशहरा मेला, आइस स्केटिंग कार्निवल, लोसार महोत्सव, अंतर्राष्ट्रीय हिमालय महोत्सव, डूंगरी मेला, साज़ो महोत्सव, फुलैच महोत्सव, सैर महोत्सव, नुआला महोत्सव, खेपा महोत्सव , मिंजर मेला, रेणुका मेला, मार्कंड मेला, राली पूजा उत्सव, देवसिद्ध मेला।

**Q.640**. 'मरू महोत्सव' जिसे रेगिस्तानी त्योहार के रूप में भी जाना जाता है, _____ में मनाया जाता है।
SSC MTS 20/07/2022 (Morning)
(a) जयपुर (b) लेह (c) जैसलमेर (d) श्रीनगर

**Sol.640.(c)** मरू महोत्सव (**जैसलमेर** रेगिस्तान त्योहार) पूर्णिमा से तीन दिन पहले माघ (फरवरी) के हिंदू महीने में आयोजित किया जाता है। यह त्योहार सैम ड्यून्स में थार रेगिस्तान के खूबसूरत टीलों के बीच मनाया जाता है।

**Q.641.** हाथी उत्सव राजस्थान के किस जिले में प्रतिवर्ष मनाया जाता है?
SSC MTS 21/07/2022 (Morning)
(a) अलवर (b) कोटा (c) जयपुर (d) अजमेर

**Sol.641.(c) जयपुर** । हाथी महोत्सव, राजस्थान